* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

31 अक्टूबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 12

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




मराठा आरक्षण समर्थकों ने नगरपालिका भवन को किया आग के हवाले, दो विधायकों के घर और कार्यालय पर भी हमला


## पलामू प्रमण्डलीय
# रोजगार मेला
## (ऑफर लेटर वितरण)

लगभग
**5132**
युवाओं को मिलेगा
ऑफर लेटर

### मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य,
ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण
एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री,
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड

**श्री सुनील कुमार सिंह**
माननीय सांसद, चतरा

**श्री विष्णु दयाल राम**
माननीय सांसद, पलामू

### सम्मानित अतिथि

**श्री आलोक कुमार चौरसिया**
माननीय विधायक, डालटनगंज

**श्री रामचन्द्र सिंह**
माननीय विधायक, मनिका

**श्री वैद्यनाथ राम**
माननीय विधायक, लातेहार

**श्री कुशवाहा शशि भूषण मेहता**
माननीय विधायक, पांकी

**श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी**
माननीय विधायक, विश्रामपुर

**श्रीमती पुष्पा देवी**
माननीय विधायक, छत्तरपुर

**श्री कमलेश कुमार सिंह**
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

**श्री भानु प्रताप शाही**
माननीय विधायक, भवनाथपुर



**दिनांक : 31.10.2023 | समय : अपराह्न 1 बजे**
**स्थान : पुलिस लाईन मैदान, डालटनगंज (पलामू)**

P.R. 310213 (Labour Employment and Traning) 23-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |



# झारखंड की आदिवासी सीटों पर होगा बाबूलाल का लिटमस टेस्ट

## ■ पांच संसदीय और विधानसभा की 28 सीटों को जीतने का मिला है टास्क

## ■ पार्टी ने फ्री हैंड दे दिया है, तो अब सामने खड़ी है साबित करने की चुनौती

## ■ 20 नवंबर के बाद ही अपने असली रंग में दिखेंगे झारखंड भाजपा अध्यक्ष

आजाद सिपाही विशेष

**भाजपा ने वर्ष 2019 में मुट्ठी की रेत की तरह हाथ से फिसल गयी झारखंड की सत्ता को वापस हासिल करने के लिए आदिवासी कार्ड को अपना प्रमुख हथियार बना लिया है। हेमंत सोरेन की अगुवाई वाले झामुमो-कांग्रेस-राजद के गठबंधन से मुकाबले के लिए पार्टी ने बाबूलाल मरांडी को झारखंड में अपना चेहरा बना कर यह संकेत पहले दे दिया था और अब पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा 28 अक्टूबर को रांची में ली गयी लाइन से साफ हो गया है कि भाजपा के इस खेल के कप्तान केवल और केवल बाबूलाल मरांडी हैं। पार्टी ने उनके कंधे पर आदिवासियों के लिए सुरक्षित झारखंड की 14 में से पांच संसदीय सीटों और 81 में से 28 विधानसभा सीटों को जीतने की बड़ी जिम्मेवारी डाल दी है। लोकसभा की पांच में से तीन सीटें तो 2019 में भाजपा ने जीती थीं, लेकिन विधानसभा चुनाव में आदिवासी उससे पूरी तरह बिदक गये थे। भाजपा उस स्थिति को बदलना चाहती है। इसलिए उसने मरांडी को कमान सौंपी है। भाजपा के लिए झारखंड इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस राज्य को देश भर के आदिवासियों का प्रतिनिधि प्रदेश माना जाता है। यहां के आदिवासी ही देश के बाकी हिस्सों में रहनेवाले आदिवासियों के लिए नैरेटिव सेट करते हैं और भाजपा इसी नैरेटिव को अपने पक्ष में करने की कोशिश में जुटी हुई है। इसलिए कहा जा सकता है कि झारखंड की आदिवासी सीटों पर बाबूलाल मरांडी का लिटमस टेस्ट होगा, जिसकी कवायद में वह 20 नवंबर के बाद जुटेंगे। पार्टी द्वारा सौंपे गये इस टास्क में सफल होने के लिए क्या हो सकती है बाबूलाल मरांडी की रणनीति और आदिवासियों को दोबारा अपने पाले में करने में कितनी सफल हो सकेगी भाजपा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**




राकेश सिंह

झारखंड भाजपा द्वारा फरवरी 2020 में धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में आयोजित रैली के बाद 28 अक्टूबर 2023 को हरमू मैदान में आयोजित रैली के बीच दामोदर और स्वर्णरेखा नदी में बहुत पानी बह चुका है। लेकिन इन दोनों रैलियों में एक बड़ी समानता है, जिसे इन करीब चार साल का अंतराल भी धुंधला नहीं कर सकी। यह समानता है कि दोनों रैलियों के केंद्र में एक ही व्यक्ति था और वह थे बाबूलाल मरांडी। इस समानता के बावजूद इन दोनों रैलियों में बड़ा अंतर यह था कि 2020 की रैली में बाबूलाल मरांडी उस भाजपा में शामिल हो रहे थे, जो दो महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में पराजित होकर राज्य की सत्ता से बाहर हो चुकी थी, जबकि 2023 की रैली में बाबूलाल मरांडी उसी भाजपा की कमान संभाल कर उसे दोबारा सत्ता शिखर तक पहुंचाने के लिए हुंकार भर रहे थे।

लेकिन इन दोनों रैलियों के बीच एक बात साफ तौर पर कही जा सकती है कि भाजपा आलाकमान ने बाबूलाल मरांडी को उस चुनौती की भट्ठी में झोंक दिया है, जिससे बाहर निकलना झारखंड के पहले मुख्यमंत्री रह चुके इस राजनेता के लिए एकदम आसान नहीं है। इसके कई कारण हैं।

### संगठन में जोश और उत्साह की कमी

बाबूलाल मरांडी को एक ऐसे संगठन की कमान मिली है, जिसका आकार किसी भी दूसरे राजनीतिक संगठन से बहुत बड़ा है। उसके पास संसाधनों की भी कोई कमी नहीं है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या संगठन के भीतर के उत्साह और जज्बे को लेकर है। भाजपा के संगठन को सत्ता सुख का वह घुन लग गया है, जिससे वह अब तक बचती आयी थी। 2014 के चुनाव में जीत हासिल कर पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के बाद से पार्टी संगठन में एक ठहराव सा आ गया। उसका मुख्य कारण यह था कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार होने के कारण भाजपा कार्यकर्ताओं को किसी जन मुद्दे को लेकर आंदोलन करने का मौका नहीं मिला। पार्टी की तरफ से भी उन पांच वर्षों में कोई बड़ा कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम हुआ भी, तो वह सरकारी ज्यादा था। प्रधानमंत्री तीन बड़े कार्यक्रम में झारखंड आये थे। चूंकि यह पार्टी की रैली नहीं थी, इसलिए वहां मुख्य भीड़ सरकारी सेविका, सहायिका, आंगनबाड़ी की दीदी और अन्य सरकारी सेवकों की थीं। उन्हीं को प्रशासन के लोग अपने साधन से लाये थे। थोड़े बहुत अन्य लोग वहां पहुंचे थे। यहां तक कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भी पार्टी कार्यकर्ताओं की भीड़ लाने का कोई स्कोप नहीं था। यहां भी सरकारी सेवक ही ढोकर लाये जाते थे, क्योंकि योजनाएं भी उन्हीं के लिए घोषित होती थीं। केंद्र और राज्य की सत्ता में होने के कारण पार्टी कार्यकर्ताओं के भीतर संघर्ष का माद्दा मुरझाने लगा। पांच साल तक पार्टी संगठन सत्ता की राजनीति करती रही। नेताओं और कार्यकर्ता सत्ता के मोहरे बन गये और आम जनता से उनका लगाव खत्म होने लगा। पार्टी के नेता सत्ता की राजनीति में इस कदर डूब गये कि उन्हें इसका आभास तक नहीं हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 11 सीटें जीत लीं, तो उन्हें लगा कि उनके लिए यही राजनीति ठीक है, लेकिन उन्हें हकीकत का एहसास तब हुआ, जब उसी साल के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी बुरी तरह पराजित हो गयी। तब पार्टी नेतृत्व को इस बात का एहसास हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तैयार की गयी जिस जमीन को वह अपना समझ रहे थे, वह उनका भ्रम था। अब जब झारखंड भाजपा का कोई भी नेता या कार्यकर्ता उस दौर को देखता है, तो उसे इस भूल का एहसास होता है। बाबूलाल मरांडी के सामने पहली चुनौती पार्टी के भीतर संघर्ष और आंदोलन की उस धार को दोबारा सामने लाने की है। उन कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की है, जो अब आंदोलन के दरम्यान पुलिस की लाठी खाने को तैयार नहीं हैं। 14 साल तक भाजपा से अलग होने और फिर पार्टी में वापसी को सामान्य राजनीतिक घटना बनाने के लिए बाबूलाल मरांडी ने कई काम तो कर लिये हैं, लेकिन अब उनके सामने भाजपा को 2014 से पहले की स्थिति में लाने की चुनौती है। बता दें कि 2014 से पहले भाजपा कार्यकर्ता आंदोलन के लिए जाने जाते थे। जनमुद्दों की आवाज उठाने के लिए जाने जाते थे। पुलिस की लाठी खाने के लिए जाने जाते थे। भाजपा के सत्ता में आते ही कार्यकर्ता आरामतलबी बन गये। उन्होंने अपने कद को इतना बड़ा कर लिया कि कोई कार्यकर्ता कहलाने के लिए राजी ही नहीं था। सभी भाजपा के वरीय नेता बन गये। एक जमाना था, जब भाजपा के लोग अपने को कार्यकर्ता कह कर पुकारने पर गौरवान्वित महसूस करते थे, लेकिन आज की तारीख में अगर आप किसी कार्यकर्ता को कार्यकर्ता या समर्थक बोल दें, तो वह अंदर ही अंदर आपको ताड़ लेगा। नाक-भौंह सिकोड़ लेगा।



### 20 नवंबर के बाद बनायेंगे टीम

भाजपा आलाकमान द्वारा बाबूलाल मरांडी को राज्य में भाजपा की आदिवासी लीडरशिप का चेहरा बनाये जाने के बाद अब उनके सामने अपनी टीम बनाने का चैलेंज है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि यह काम वह 20 नवंबर के बाद ही करेंगे, क्योंकि अभी वह पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में प्रचार में व्यस्त हैं। मरांडी को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के आदिवासी इलाकों में प्रचार का बड़ा चेहरा बनाया गया है। पांच दिन वह छत्तीसगढ़, तीन दिन मध्यप्रदेश और दो दिन तेलंगाना में सभा करेंगे। इसका कारण यह है कि भाजपा झारखंड को देश भर के आदिवासियों का प्रतिनिधि राज्य मानती है। यह बात कुछ हद तक सही भी है। ऐसा माना जाता है कि झारखंड के आदिवासियों का राजनीतिक रुझान ही देश के दूसरे हिस्सों के आदिवासियों का रुझान तय करता है। ऐसे में झारखंड और यहां के आदिवासी नेता भाजपा के लिए कितने महत्वपूर्ण हो जाते हैं, यह आसानी से समझा जा सकता है। भाजपा के अन्य नेताओं को भी पड़ोसी राज्यों में प्रचार का जिम्मा मिला है।

एक बार प्रचार संपन्न होने के बाद मरांडी अपनी टीम बनायेंगे, जिसमें बहुत बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, क्योंकि अगले छह महीने में चुनाव होने हैं। ऐसे में टीम में बड़ा फेरबदल कर मरांडी बड़ा रिस्क नहीं लेंगे। जहां जरूरी होगा, वहीं संगठन में बदलाव होगा। एक बार टीम बन जायेगी, तो फिर वह राज्य की आदिवासी सीटों पर फोकस करेंगे। इसके लिए तैयारियां अभी से ही शुरू कर दी गयी हैं। इसका दूसरा लाभ यह होगा कि तब तक, यानी 3 दिसंबर को राज्य विधानसभा चुनाव के परिणाम भी आ जायेंगे।

### चुनौती आसान नहीं है मरांडी के लिए

इन तमाम परिस्थितियों में साफ पता चलता है कि बाबूलाल मरांडी के लिए चुनौती आसान नहीं है। हालांकि उनकी नेतृत्व क्षमता और जनता के बीच स्वीकार्यता को लेकर किसी को कोई संदेह नहीं है, लेकिन इस बार रास्ता उतना आसान नहीं है। इसकी एक वजह यह है कि इस बार उनके पास सत्ता की ताकत नहीं है। मरांडी की सबसे ज्यादा चिंता खूंटी, लोहरदगा, दुमका सीट को लेकर है। जहां तक चाईबासा सीट का सवाल है, तो भाजपा भी यह अच्छी तरह जानती है कि गीता कोड़ा के बगैर वहां उसकी दाल नहीं गलनेवाली। अब यह समय बतायेगा कि कोड़ा दंपत्ति क्या निर्णय लेता है। लोहरदगा सीट पर भाजपा इसलिए चिंतित है कि वहां के सांसद की तसवीर जेंटलमैन की बन गयी है। जबकि दूसरी तरफ वहां से कांग्रेस सुखदेव भगत या बंधु तिर्की में से किसी एक को चुनाव लड़ाना चाहेगी, जिनका राजनीतिक तेवर काफी आक्रामक है। भाजपा यह अच्छी तरह जानती है कि कांटा कांटा से ही निकलेगा, गुलाब के फूल से नहीं।

हेमलाल मुर्मू की झामुमो में वापसी के बाद भाजपा के लिए राजमहल सीट से उम्मीदवार ढूंढ़ना भी आसान नहीं है। कुल मिला कर इन चिंताओं का हल निकालने के लिए दिसंबर महीने से भाजपा फुल फ्लेज में अपनी राजनीतिक ताकत झोंकेगी। जोड़-तोड़, पाला बदल और घर वापसी की मुहिम छेड़ी जायेगी।

## राजनीतिक हलचल

# भाजपा सरकार में विकास और कांग्रेस शासन में लूट-भ्रष्टाचार: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अंबिकापुर।** झारखंड भाजपा के अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को सरगुजा जिला के अंबिकापुर, लुंड्रा तथा सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के बाद अंबिकापुर कला केंद्र मैदान में आयोजित आम सभा को सम्बोधित किया। इसमें भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और जिला चुनाव प्रभारी डॉ आशा लकड़ा, झारखंड के विधायक और संभागीय चुनाव प्रभारी अनंत ओझा, भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह और तीनों प्रत्याशी, राजेश अग्रवाल, रामकुमार टोप्पो और प्रबोध मिंज विशेष रूप से उपस्थित रहे।



सभा में मरांडी ने कहा कि कि जब-जब भाजपा के नेतृत्व में देश या राज्य में सरकार बनती है, तब-तब विकास होता है, लेकिन जब-जब कांग्रेस की सरकार बनती है, केवल लूट और भ्रष्टाचार की चर्चा होती है। भूपेश सरकार ने पिछले पांच सालों में छत्तीसगढ़ को केवल लूटा है।

उन्होंने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ़ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बनाया, लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार और झारखंड की झामुमो सरकार ने कोयला, दारू और बालू की लूट मचा कर अपनी जेबें भरी हैं। ऐसी लुटेरी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम किया है। भाजपा की सरकार गरीब, दलित, आदिवासी, मजदूर, किसान, महिला और युवाओं को केंद्र बिंदु में रख कर योजनाएं बनाती है। प्रधानमंत्री मोदी गांव-गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने गरीबी देखी है। मां-बहनों की कठिनाइयों को देखा है, इसलिए प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने मां-बहनों को ध्यान में रखकर सबसे पहले इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया।

सभा को भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि देश को बढ़ाना है और समाज को आगे बढ़ाना है, तो भाजपा को लाना होगा। कार्यक्रम को पूर्व सांसद कमलभान सिंह, विजयनाथ सिंह, प्रभात खलखो, देवनाथ पैकरा तथा अरुणा सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने तथा आभार जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केसरी ने प्रकट किया।

# महाराष्ट्र में बेकाबू होता मराठा आरक्षण आंदोलन

## अजित पवार गुट के विधायक प्रकाश सोलंके का घर फूंका

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन का मुद्दा अब काफी गरमा गया है। बीड जिले में उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट के मौजूदा एनसीपी विधायक प्रकाश सोलंके के घर पर आंदोलनकारियों ने पथराव किया। इसके अलावा सोलंके के घर के बाहर खड़ी कार में भी आग लगा दी गयी। हालांकि विधायक सोलंकी और उनके परिवार के सदस्य सुरक्षित बताये जा रहे हैं।



दरअसल विधायक का एक ऑडियो क्लिप वायरल होने के बाद भीड़ ने माजलगांव स्थित सोलंके के आवास पर खड़ी एक कार को भी आग लगा दी। इस ऑडियो क्लिप में उन्होंने कथित तौर पर मराठा आरक्षण आंदोलन के बारे में टिप्पणी की थी और भूख हड़ताल कर रहे आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पर सीधे तौर पर निशाना साधा था। प्रकाश सोलंके उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी गुट से हैं। एक अधिकारी ने बताया कि मराठा आरक्षण मुद्दे के बारे में विधायक सोलंके की एक ऑडियो क्लिप वायरल होने के बाद यह घटना हुई। स्थानीय स्तर पर बंद का आह्वान किया गया था। विधायक के घर और एक कार को कुछ लोगों ने आग लगा दी और पथराव भी किया गया।

### क्या कहा था विधायक प्रकाश सोलंके ने

**ऑडियो क्लिप में सोलंके को कथित तौर पर कहते हुए सुना जा सकता है कि यह मुद्दा (मराठा आरक्षण की मांग और सरकार को इसके लिए 24 अक्टूबर तक 40 दिनों का अल्टीमेटम) बच्चों का खेल बन गया है। उन्होंने जरांगे पर सीधे तौर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह व्यक्ति, जिसने ग्राम पंचायत तक का चुनाव नहीं लड़ा है, आज एक चतुर व्यक्ति बन गया है।**

www.epaper.azadsipahi.in

31 अक्टूबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 12

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

600 हमले और पूरे शहर में धुआं, गाजा पर इजरायल के टैंक भी घुसे और आसमान से गिर रहीं मिसाइल








## सीएम ने दुमका में मयूराक्षी नदी पर राज्य के सबसे लंबे पुल का किया उद्घाटन

# यह पुल राज्य के विकास की कहानी लिखेगा : हेमंत सोरेन

**दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु होगा पुल का नाम**

**सरकार आपके द्वार का तीसरा चरण शुरू होगो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुमड़ाबाद, दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सड़क और पुल विकास की अहम कड़ी होती है। इससे बहुआयामी विकास का रास्ता खुलता है। कनेक्टिविटी जितनी बेहतर होगी, उतना ही फायदा इलाके के रहने वालों को होता है। मुख्यमंत्री सोमवार को दुमका जिले के कुमड़ाबाद में मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित राज्य के सबसे लंबे पुल के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह पुल राज्य के विकास की कहानी लिखेगा। मुख्यमंत्री ने जनता द्वारा मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित पुल का नामकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु करने के आग्रह पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मयूराक्षी नदी पुल का नामकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु करने की सरकारी प्रक्रिया जल्द पूरी की जायेगी।



**मील का पत्थर साबित होगा पुल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मयूराक्षी नदी पर बने इस पुल से विकास को एक नयी दिशा मिलेगी। इससे आवागमन सुलभ और आसान हो जायेगा। कई गांव का दुमका जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क होगा। लोगों को आने-जाने में समय की बचत होगी। शिक्षा, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इलाके का सामाजिक-आर्थिक उत्थान होगा और पर्यटन के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा।

**आपके दरवाजे तक पहुंचेंगे अधिकारी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को उनका हक और अधिकार पूरे मान-सम्मान के साथ देने के लिए सरकार संकल्पित है। इस कड़ी में एक बार फिर 'आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू होने जा रहा है। अधिकारी आपके दरवाजे पर आयेंगे। पंचायत में शिविर लगेंगे। यहां आपकी समस्याओं का समाधान भी होगा और सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिया जायेगा। समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गरीबों और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार वचनबद्ध है। इसी कड़ी में सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इस योजना के तहत सभी बुजुर्ग, विधवा, परित्यक्ता और दिव्यांगों को पेंशन दिया रहा है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिये गये हैं कि कोई भी योग्य पात्र इस योजना से वंचित न रहे। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में कोई परिवार बेघर नहीं रहेगा। सभी बेघरों के अपने आशियाने का सपना पूरा होगा। इसके लिए अबुआ आवास योजना की शुरुआत हो रही है। इस योजना के तहत आठ लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जायेगा।

### रोजगार और स्वरोजगार पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में सरकारी विभागों के खाली पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं, तो रोजगार मेला के जरिए हजारों युवाओं को निजी कंपनियों और संस्थानों में जॉब दिलाने का काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जो भी व्यक्ति स्वरोजगार करना चाहता है उसे मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से सरकार मदद कर रही है।

### बच्चे- बच्चियों को पढ़ायें, खर्च सरकार देगी

हेमंत सोरेन ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपने बच्चे बच्चियों को अच्छे से पढ़ायें। उनका भविष्य संवारें। पढ़ाई पर होने वाले खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार इस खर्च को वहन करेगी। साथ ही प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार आर्थिक मदद दे रही है। वहीं, विदेश में पढ़ाई के लिए शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी और उसका लाभ लेने को कहा।

### शहीदों और आंदोलनकारियों को नहीं भूल सकते

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने अमर वीर-शहीदों और झारखंड आंदोलनकारियों को कभी भूल नहीं सकते हैं। उनका योगदान हमेशा याद किया जायेगा। हम उनका सम्मान करते आये हैं और करते रहेंगे।

### सड़कों का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तीन अरब 91 करोड 41 लाख 83 हजार 896 रुपये की लागत से 11 सड़कों का उद्घाटन और एक अरब 43 करोड़ 26 लाख पांच हजार 500 रुपये की लागत से 12 सड़कों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल, सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन व विधायक सीता सोरेन और परिषद अध्यक्षा जॉयस बेसरा समेत अन्य गणनान्य लोग और अधिकारी मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन का पलामू दौरा आज

# 5000 युवाओं को देंगे ऑफर लेटर

- प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का हो रहा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पलामू।** हेमंत सरकार राज्य के युवाओं को रोजगार देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। राज्य के विभिन्न जिलों में भर्ती कैंप और रोजगार मेला आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को पलामू में प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन पलामू जिले के पुलिस लाइन स्टेडियम में किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। वह राज्य के पांच हजार युवक-युवतियों को ऑफर लेटर बाटेंगे। चयनित युवक-युवतियों को बड़ी-बड़ी कंपनियों और उद्योगों में चयन किया गया है। इसमें पलामू के अलावा गढ़वा और लातेहार जिले के युवक-युवतियां शामिल हैं।



श्रम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिन युवाओं ने ऑफर लेटर मिलेगा, उनमें जिला नियोजनालय में पंजीकृत, आइटीआइ पास आउट छात्र-छात्रा के साथ सरकार की योजना कौशल विकास से पास आउट शमिल है। उधर, मुख्यमंत्री के दौरे के लेकर पलामू प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री मंगलवार को दोपहर लगभग 12.30 बजे पलामू के चियांकी के हवाई अड्डा पर पहुंचेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से पुलिस लाइन तक आयेंगे। कार्यक्रम में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम, मिथिलेश ठाकुर, जोबा मांझी, सत्यानंद भोक्ता और मंत्री बादल पत्रलेख मौजूद रहेंगे।

# देवघर-गोड्डा में कारोबारियों के यहां आयकर छापा

- जमीन और शराब घोटाला से जुड़ रहे तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/देवघर।** देवघर और गोड्डा के कई कारोबारियों के ठिकानों पर सोमवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की है। शराब कारोबारियों पर भी आयकर नकेल कस रही है। गोड्डा जिले में शराब कारोबारी मुकेश बजाज के कई ठिकानों पर छापा पड़ने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की टीम ने देवघर जसीडीह में एक दर्जन से भी ज्यादा कारोबारियों ठिकानों पर सुबह पांच बजे ही पहुंची। आइटी की टीम होटल करोबारी, शराब कारोबारी, बिल्डर, अस्पताल संचालक और जमीन खरीद-बिक्री से जुड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवघर के उमाशंकर सिंह, संजय मालवीय, महेश समेत कई कारोबारी आयकर विभाग निशाने पर हैं। संभावना जतायी जा रही है कि इन सब का संबंध झारखंड में हुए बड़े शराब घोटाले से भी है। कारोबारी योगेंद्र तिवारी से पूछताछ में इडी के हाथ कई अहम जानकारियां लगी हैं, जिसका असर यह छापेमारी है। देवघर में पूर्व मेयर बबलू खवाड़े, संजयानंद झा, ब्रजेश राय और संजय मालवीय के घर पर भी रेड हुई है। छापेमारी चारुशीला ट्रस्ट की जमीन और शराब कारोबार को लेकर देवघर और गोड्डा के कई ठिकानों पर पहुंची। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई चल रही थी। आयकर विभाग की ओर से छापामेरी में क्या-क्या मिला, इस बारे में अधिकारिक रूप से जानकारी नहीं दी गयी है। सूत्रों के मुताबिक कारोबारियों के यहां से निवेश के कागजात, जमीन खरीद-फरोख्त से संबंधित कागजात समेत अन्य चीजें मिली हैं। अधिकारी इन कागजातों की जांच कर रहे हैं।

## झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का तीसरा दिन

# कोरिया और मलेशिया के बीच का मुकाबला हुआ ड्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 चल रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी का सोमवार को तीसरा दिन था। मोरहाबादी मैदान के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में मैंच का आयोजन हो रहा है। सोमवार को पहला मैच कोरिया और मलेशिया के बीच खेला गया। यह मैच ड्रा रहा। दोनों टीमों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा।



एक-दूसरा का डट कर मुकाबला किया। मैच के 35वें मिनट में कोरिया की सुयांग सियो ने पेनॉल्टी कॉर्नर से पहला गोल किया। वहीं मैच के 58वें मिनट में मलेशिया की अजहर नूर ने पेनाल्टी कॉर्नर से गोल करते हुए स्कोर को 1-1 पर ला दिया। मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कोरिया की खिलाड़ी सुयांग सियो को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। उन्हें राइजिंग स्टार के खिताब से नवाजा गया।

**जापान ने थाइलैंड को हराया :** चैंपियनशिप ट्रॉफी का दूसरा मैच जापान और थाइलैंड के बीच हुआ। जापान ने लगातार आक्रमकता आपनाते हुए पहले हाफ में ही एक गोल दाग दिया। इसके बाद थाइलैंड दबाव में आ गया। जापन ने थाइलैंड को 4-0 से हराया।

**तीसरा मैच भारत बनाम चीन :** सोमवार को तीसरा और आखिरी मैच भारत और चीन के बीच हुआ। दोनों टीमें पूरे जोश में दिखीं। शुरुआत से ही दोनों टीमें एक-दूसरे को हावी होने का मौका नहीं दे रही थीं। मैच में कड़ा मुकाबना दिख रहा था। खबर लिखे जाने तक मैच जारी था।

### आज होनेवाले मैच

शाम 4.00 बजे : कोरिया बनाम थाइलैंड
शाम 6.15 बजे : मलेशिया बनाम चीन
रात 8.30 बजे : जापान बनाम भारत

## वैभव गहलोत से दिल्ली में इडी ने की पूछताछ

**नयी दिल्ली।** सीएम अशोक गहलोत के बेटे और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष वैभव गहलोत सोमवार सुबह दिल्ली स्थित इडी कार्यालय में पेश हुए। इडी उनसे पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद वैभव ने कहा- कोई विदेशी ट्रांजैक्शन नहीं किया, फेमा का मामला ही नहीं बनता। इडी ने 25 अक्टूबर को वैभव गहलोत को समन भेज कर फारेन एक्सचेंज रेगुलेटरी एक्ट (फेमा) के उल्लंघन के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था।













आजाद सिपाही

रांची, मंगलवार, 31 अक्टूबर, 2023

www.azadsipahi.in




## सिंगारडीह में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड डीवीसी सीएसआर द्वारा प्राथमिक विद्यालय सिंगारडीह में नि:शुल्क मच्छर जनित रोग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को इन रोगों से बचने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डीवीसी के प्रभारी डीजीएम सह सीएसआर हेड हरिश्चंद्र सिंह ने कहा कि अपने घर व आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि घर हो या गौशाला नियमित उसकी सफाई करें ताकि मच्छर पनपे नहीं। मलेरिया डेंगू फाइलेरिया जैसी बीमारी मच्छरों से होती है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन लगातार प्रयासरत है कि पोषक क्षेत्र में कोई बीमार ना पड़े। मगर इसके लिए स्वयं भी जागरूक होना होगा। वहीं केटीपीएस स्वास्थ्य विभाग के डीजीएम एएम मिश्रा ने कहा कि बीमारी के प्रति पहले से सतर्क होना जरूरी है। अभी जगह-जगह पर जल जमाव है वहां मच्छर पनप रहे हैं। जिससे मलेरिया डेंगू फाइलेरिया जैसे रोग भी फैल रहे हैं। मच्छरों से बचाव जरूरी है इसके लिए घर के आसपास के जल जमाव वाले गढ़ो को भर दें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ठीक हो या खराब समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करना चाहिए। वहीं डॉ. विकास कुमार, डॉ. रवि ने भी मच्छर से बचाव के उपाय की जानकारी दी। मौके पर सीएसआर सहायक कुलदीप कुमार, फार्मासिस्ट अरुण कुमार, एमपीएचडब्ल्यू अशोक कुमार, लैब टेक्नीशियन रूपेश कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्राम सभा की अनुमति के बिना आंगनबाड़ी केंद्र का भवन तोड़ने और स्क्रैप लोहा बेचने का आरोप



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** आंगनबाड़ी केंद्र कटहाडीह के भवन बिना ग्राम सभा किये तोड़ने तथा भवन के स्क्रैप लोहा मुखिया पति तथा उपमुखिया पति द्वारा बेच देने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने आवेदन में कटहाडीह पंचायत के मुखिया पति वसी अहमद तथा उपमुखिया पति मुख्तार खान के द्वारा बिना ग्राम सभा के जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र को तोड़ देने तथा आंगनवाड़ी स्क्रैप लोहा सहित कई सामान को अपने निजी काम में लगाकर बेच देने का आरोप लगाया है। आवेदन में यह भी कहा है कि बिना विभाग के परमिशन लिए उसी जगह पर नये आंगनबाड़ी का निर्माण करने का भी प्रयास किया जा रहा है जिसमें किसी भी ग्रामीणों को इसकी सूचना नहीं दिया गया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि मुखिया पति आंगनबाड़ी केंद्र को तोड़कर अपने मर्जी से कार्य करना चाहते हैं। यह आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की किसी ग्रामीणों को सूचना नहीं है और तोड़े गए आंगनबाड़ी केंद्र के जितने भी खिड़की, दरवाजा व स्क्रैप लोहा सभी गोपनीय तरीके से बेच दिया गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से शीघ्र उपरोक्त बातों को ध्यान देते हुए जांच पड़ताल कर आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम सभा के माध्यम से निर्माण कराने की मांग की है। आवेदन में सफायत खान, अलाउद्दीन खान, शाहजहां खान, सलीम खान, शाह मोहम्मद, अलाउद्दीन खान, सिमताज खान, फिरोज खान, समशुनीश, राजेंद्र राम, नीरज राम, मन्नू कुमार, सरफराज खान, सिमताज खान, शाहनवाज खान, असरार खान सहित दर्जनों ग्रामीण का हस्ताक्षर शामिल है।

## डीएवी स्कूल में सफाई अभियान का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में साप्ताहिक सफाई अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न कक्षाओं में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। अभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम प्रात:कालीन सभा में जिज्ञासा रानी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई फिर खुशी तिवारी और अभया ने स्वच्छता पर सुंदर व मनमोहक कविता प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सारा खान के द्वारा क्वीज का आयोजन किया गया। अन्य गतिविधियों में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसका विषय स्वच्छ विद्यालय, जहां रहता है साफ-सफाई वहीं होती है अच्छे मन से पढ़ाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दयानंद व राजा राम मोहन राय सदन की निष्ठा गुप्ता व दिव्या कुमारी रही तो दूसरे स्थान पर राजा राम मोहन राय सदन दृष्या वर्मा व इकरा फातिमा रहीं। रामाकृष्णा सदन की प्रिया कुमारी व विकेकानंद सदन की अंजली प्रिया ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अपूर्वा सरकार ने निभाई। अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजा राम मोहन राय सदन की सोनिका वर्मा रहीं। दूसरे स्थान पर रामाकृष्णा सदन की सृष्टि कुमारी और स्वीटी कुमारी रहीं वहीं तीसरे स्थान पर दयानंद व विकेकानंद सदन के कुंदन राज व अर्पिता कुमारी रही। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विद्यालय की शिक्षिका ज्योति ने निभाई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रामाकृष्णा सदन की जिज्ञ-ासा रानी व हर्षित पाठक रहे द्वितीय स्थान पर राजा राम मोहन राय सदन की सान्वी व दयानंद सदन की समृद्धि सिंह रहीं। वहीं तृतीय स्थान दयानंद सदन के शौर्य प्रताप सिंह व राजा राम मोहन राय सदन की रौशनी कुमारी रही। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के भूमिका में सीडी गर्ल्स हाई स्कूल के अंग्रेजी शिक्षक सुनिल कुमार सिन्हा जो कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे और विद्यालय की शिक्षिका खुशबू कुमारी रही। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कुमार सतीश सिंह ने किया। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने इस अभियान के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि साफ-सुथरे वातावरण में रहने से मानसिक शांति और सकारात्मकता का माहौल बनता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह व महजवीं प्रवीण और सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक और अमिता सिन्हा ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

## बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत केशो नदी के मसमोहना बालू घाट से पुलिस ने सोमवार को अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया हैं। इस बाबत नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह का कहना है कि उक्त घाट से चोरी छिपे बालू उठाव करने की गुप्त सूचना मिली थी। उसी आधार पर सोमवार को छापेमारी के दौरान उक्त नदी से अवैध बालु लोड कर ट्रैक्टर जा रहा था। पुलिस को देखते ही दोनों ट्रैक्टर के चालक व मजदूर मौके से फरार हो गया। इसके बाद उक्त दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना भवन में सुरक्षित रखा गया हैं। साथ ही अग्रेषित कार्रवाई के लिए मामले की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी को दी गयी हैं।

## नशीला पदार्थ खिला कर हमला करने वाली महिला गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लोन के रुपये वापस दिलाने का झांसा देकर जलवाबाद निवासी एक महिला समीमा आजमी पर उनकी एक परिचित महिला फिरोजी खातून के द्वारा पथलडीहा में सुनसान स्थान पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में कोडरमा पुलिस ने सोमवार को आरोपी महिला फिरोजी खातून को गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया। घटना को लेकर कोडरमा थाना में कांड संख्या 198/23 दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि समीमा आजमी ने बैंक से रुपए लोन पर लेकर अपनी परिचित महिला फिरोजी खातून को दिया था। इसके बाद महिला फिरोजी रुपए वापस करने में टालमटोल कर रही थी। बैंक रिकवरी एजेंट के द्वारा बार-बार लोन के रुपए को लेकर तगादा करने पर समीमा ने फिरोजी से रुपए की मांग किया था। जिसके बाद रुपये दिलाने के बहाने फिरोजी झांसे में लेकर समीमा को पथलडीहा लेकर गयी। जहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर फिरोजी ने समीमा पर हमला कर गभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गई। जिसके बाद घायल महिला पर स्थानीय लोगों की नजर पड़ने पर उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ पीड़ित महिला इलाजरत है। घटना के बाद कोडरमा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी महिला को पकड़ कर सोमवार को जेल भेज दिया।

### झारखंड राज्य फसल राहत योजना को लेकर कार्यशाला

# फसलों के नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत कृषकों के पंजीकरण और आवेदन की प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, झारखंड फसल राहत योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत कृषकों को प्रकृतिक आपदा से फसलों के नुकसान की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। खरीफ और रबी फसलों के लिए कृषकों को अलग-अलग निबंध करना होता है। वर्तमान रब्बी खेती के मद्देनजर निबंधन प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कृषकों को प्रोत्साहित करने को कहा।

कृषकों की सही पहचान कर सत्यापन के क्षेत्रीय पदाधिकारियों से करने और निबंध प्रक्रिया में राजस्व कर्मियों तथा प्रज्ञा केंद्रों को क्षेत्रीय स्तर पर काम करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। साथ ही पैकस के माध्यम से गोदाम धान के स्टॉल तथा वास्तविक स्टॉल का सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने संबंधित आंचल और प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया।

इस मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी ने कहा कि, खरीफ फसल मौसम 2023-24 हेतु निबंधन और आवेदन प्रारंभ है। योजना के तहत सीएससी के द्वारा आवेदन करने वाले पूर्व से निबंध किसानों को आवेदन हेतु 10 रूपया मात्र और नये निबंध और आवेदन करने वाले किसानों को ?40/- मात्र ही देना है। स्वयं ऑनलाइन निबंधन और आवेदन करने वाले किसानों और सी.एस.सी के द्वारा आवेदन करने वाले किसानों को इ-केवाइसी के लिए, सीएससी को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना है।

**झारखंड राज्य फसल राहत योजना**

**झारखंड राज्य फसल राहत योजना फसल क्षति होने पर किसानों को प्रदान की जानेवाली एक योजना है। इस योजना के तहत प्राकृतिक आपदा के कारण फसल क्षति के मामले में किसानों को एक निश्चित आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। इस योजना से भू-स्वामी तथा भूमिहीन किसान यानि बटाइदार किसान दोनो लाभांवित होगे। इस योजना के तहत किसानों से किसी भी प्रकार के फसली प्रिमियम नहीं लिया जाना है।**

**इन्हें सीधे तौर पर सरकार द्वारा फसल क्षति होने की स्थिति में आर्थिक सहायता निम्नांकित प्रावधानों के तहत की जायेगी:** योजना अंतर्गत लाभ केवल प्राकृतिक आपदा से होनेवाले फसल क्षति के मामले में लागू होगा। योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक फसल मौसम (खरीफ और रबी) में अलग-अलग निकान और आवेदन करना होगा। योजना में भाग लेने के लिए कोई प्रिमियम नहीं देना होगा। प्राकृतिक आपदा से हुए फसल क्षति का आकलन और निर्धारण कॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट (सीसीई) के द्वारा किया जायेगा। तीस से पचास प्रतिशत तक फसल क्षति होने पर आवेदक को प्रति एकड़ रूपया तीन हजार की सहायता राशि दी जायेगी। पचास प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर आवेदन को प्रति एकड़ रुपये चार हजार की सहायता राशि दी जायेगी। अधिकतम पांच एकड़ तक फसल क्षति सहायता राशि दी जायेगी।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर हजारीबाग रोड स्थित फतहा के पास एक हाईवा ने दो मोटरसाइकिल को अपने चपेट में लिया। जिसमें दो व्यक्ति की मृत्यु घटना स्थल पर हो गई। जबकि एक मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह घायल हो गया। मृतक की पहचान चरही के ग्राम कसियाडीह के सरवहा निवासी विजय हेंब्रम की पुत्री शीला अंजलि हेंब्रम( उम्र 27 वर्ष ) और सोनू सोरेन के रुप की गयी।

जबकि घायल की पहचान बड़कागांव के ग्राम पंकरीबरवाडीह निवासी जुगेश्वर साहू का पुत्र किट्टी साव के रूप में की गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि किट्टी साहू ढलाई का काम करके हजारीबाग से बड़कागांव पंकरी बरवाडीह अपना घर लौट रहा था। जबकि शिक्षिका शीला अंजलि हेंब्रम ओडरना मोड़ के आरसी मिशन स्कूल में कंप्यूटर की शिक्षिका थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद उसे एक युवक चरही ले जाने के लिए अपने मोटरसाइकिल से लेने आया था। वह अपने मोटरसाइकिल से शीला अंजलि को लेकर चरही जा रहा था।इस दौरान कोयला से लदे हुए एक हाईव ने दोनों मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। और बुरी तरह से रगड़ते हुए भाग गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतकों के शव को कटकमसांडी पुलिस हजारीबाग ले गई। जबकि घायल युवा किट्टी साव को इलाज हेतु रिम्स ले जाया गया।समाचार लिखे जाने तक घटना के विरोध में ग्रामीणों ने हजारीबाग - बड़कागांव रोड स्थित ओदरना एवं फतहा में सड़क जाम कर दी है।

# स्व भीम भारती स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** प्रखंड के छावनी स्टेडियम में सोमवार को स्व भीम भारती स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। स्व भारती की पत्नी शिक्षिका मंजू देवी और उनके पुत्र पुलिस अवर निरीक्षक आशीष भारती के सौजन्य से यह टूर्नामेंट आयोजित किया गया है। सर्वप्रथम स्वर्गीय भीम भारती के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षिका मंजू कुमारी ने फिता और फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस टूर्नामेंट मैं 32 टीमें भाग ले रहे हैं । उद्घाटन मटवारी बनाम कुटुमसुकरी टीम के बीच खेला गया। जिसमें मटवारी की टीम ने कुटुमसुकरी को प्लेंटी में दो गोल से हराया। टूर्नामेंट में सिंकेदर यादव, मनोज कुमार राम (राष्ट्रीय स्तर), दिलीप राम और मुकेश कुमार रेफरी की भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां खिलाड़ियों को अपने अंदर छुपी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। आयोजक आशीष भारती ने कहा कि पिता के सामाजिक सरोकारों के प्रेरणा से ही यह टूर्नामेंट आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को पूर्व उपप्रमुख चंद्रदेव प्रसाद मेहता, युवा नेता का गौतम कुमार, लालजी राम समेत अन्य अतिथियों ने संबोधित किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष मनोज राम, उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह, सचिव मुकेश कुमार राम, उप सचिव निरज कुमार, कोषाध्यक्ष सुमित कुमार, संयोजक मनीष भारती, आनंद ,विकास, शलेन्द्र ज्ञानी, बादल, सुनील, मिथिलेश, संदीप, सन्नी, टिंकू, शशी, प्रेम, रवि, आशीष, बिक्कू, दिलीप, अजीत, अनूप, गौरव, प्रदीप, समेत अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# बड़कागांव में वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू

- प्रशिक्षण प्राप्त कर वॉर्ड सदस्यों पंचायत में विकास के लिए महत्व पूर्ण कार्य करेंगे: प्रमुख
- यह प्रशिक्षण वॉर्ड सदस्यों के लिए मील का पत्थर साबित होगा: बीडीओ
- इससे पंचायत के विकास कार्यों में तीव्रता आयेगी: प्रशिक्षक मिथलेश राणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड सभागार भवन में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रमुख फुलवा देवी और प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, पंचायती राज प्रशिक्षक मिथलेश राणा, संजय कुमार पांडेय, सुनील ठाकुर, मारुति दास गुप्ता स्युंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण की शुभारंभ की गयी। प्रशिक्षण द्वारा सभी वार्ड सदस्यों को 73वें संविधान संशोधन द्वारा ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्तियों और उनका उपयोग अधिकारों कर्तव्यों से अवगत कराते हुए ग्राम सभा से संबंधित सभी आवश्यक नियमों के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर वॉर्ड सदस्यों पंचायत में विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि प्रखंड के वार्ड सदस्यों का 6 बैच की प्रशिक्षण 8 नवंबर 2023 तक आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण वॉर्ड सदस्यों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा जिससे पंचायत के विकास कार्यों में तीव्रता आयेगी। पंचायती राज प्रशिक्षक मिथलेश राणा ने कहां की यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकार के महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है जिस पंचायत सुदृढ़ और मजबूत होगा ताकि सारे विकास कार्य तीव्र गति से हो पायेंगे।

इससे वार्ड सदस्यों के अधिकार और कर्तव्य का बोध कराता है। सीएसओ जन सेवा परिषद और 15 वित्त के समंयवक आशीष पासवान का प्रशिक्षण प्रबंध में महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसमे चेपाकला, डाड़ीकला, सिंदवारी, सिरमा, बड़कागांव पूर्वी, मध्य पश्चिमी, सीकरी की 90 वार्ड सदस्यों ने उपस्थित हुआ।

## छोटन पासवान बने हजारीबाग जदयू अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के लिए छोटन पासवान को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो और प्रदेश अनुसूचित जाति अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान उपस्थित थे। छोटन पासवान के अध्यक्ष बनने पर जनता दल यूनाइटेड परिवार में हर्ष व्याप्त है और जिला के नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद दी है। बधाई देने वालों में जिला प्रवक्ता सह वरीय उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साबिर खान, वरिष्ठ नेता और झारखंड आंदोलनकारी चंद्र मोहन पटेल, अल्पसंख्यक के महासचिव रोमी सलूजा, जिला के वरिष्ठ नेता राजू खंडेलवाल, प्रेमचंद राम, राकेश गुप्ता सहित अन्य नेता शामिल हैं।

## जंगलों की कटाई करने में लगे हैं वनवासी

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** इन दिनों डूमर पंचायत के बेड़म जंगल में अवैध रूप से जहां-तहां पेड़ों की कटाई की जा रही है। इसके पीछे दो कारण स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है। गांव निवासी छोटन कुमार का कहना है कि एक ओर लोग मचान बनाने, घर बनाने समेत छोटे-बड़े काम के लिए जंगल से लकड़ी लाते हैं, लेकिन अभी जो अनुसूचित जन जातीय इलाके में लकड़ी लाते जा रहें हैं, उसके पीछे केवल एक मनसा है कि भविष्य में इस खाली पड़े जमीन का मुझे पट्टा मिल जायेगा। यही कारण है कि पिछले दिनों वन अधिकार समिति गठन में अल्प जनसंख्या वाले अजजा को दो तिहाई सदस्य बनवाने की होड़ लग गयी थी। आज बेड़म की कमिटी में उनका ही वर्चस्व है, को कहीं से उचित नहीं जान पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल के जमीन पर इनके द्वारा सुकर शेड भी बना लिया गया है। निलमुनि देवी पति तालों मांझी का शेड भी जंगल के जमीन पर है, जो जांच का विषय है।

## झुमरा से लापता व्यक्ति का नहीं मिला सुराग, परिजन परेशान



**दारू (आजाद सिपाही)।** झुमरा डिपू चौक से एक ब्यक्ति लापता हो गया। जिसका सुराग अबतक नहीं मिलने से परिजन काफी परेशान है गुमशुदगी की यह घटना 26 अक्टूबर की है जब जिनगा निवासी राजेंद्र प्रसाद पिता तेजू महतो 48 वर्ष अपने झुमरा डिपू चौक स्तिथ दुकान से दोपहर 1 बजे घर के लिए निकले और पर अब तक वह अपने घर नहीं पहुंच पाये। इस तरह से उनके अचानक लापता हो जाने से उनके घर वाले काफी हैरान परेशान है, उन्हें हर संभावित जगहों पर ढूंढने का प्रयास किया गया पर उनका कहीं भी पता नहीं चल पाया। गुमशुदा व्यक्ति के पुत्र रोशन कुमार ने इस बारे में दारू थाना को आवेदन देकर अपने पिता को ढूंढने की गुहार लगाई है

## विधायक ने किया पुल का शिलान्यास



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सलैया मनसिंघा नदी पर विधायक अमित कुमार यादव ने पुल का शिलान्यास किया। पुल का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग से 2.55 करोड़ रुपये की लागत किया जायेगा। मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रखंड प्रमुख रेणू देवी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद मौजूद थे। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा की सलैया पंचायत और एनएच 2 प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा को जोड़ने वाली मानसिंघा नदी पर पुल के बन जाने से लोगों को आवागमन में सहुलियत होगी। विधायक ने कहा की सलैया पंचायत समेत कई गांवों के ग्रामीणों के वर्षो का सपना था कि मानसिंघा नदी पर एक पुल का निर्माण हो। विधायक ने कहा की पुल के बनने से एनएच दो जीटी रोड से सीधे जुड़ जायेगा। साथ ही इस पुल के निर्माण से बरकट्ठा साप्ताहिक बाजार में ट्रैफिक जाम की समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन टिंकू प्रसाद ने किया वही मौके पर अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, महामंत्री इंद्रदेव यादव, छोटेलाल मेहता, समन ठाकुर, मो खलील अंसारी, विजय यादव, जीवन यादव, शंकर ठाकुर, दिलीप कुमार, दीपक महाकाल, बुलाकी मंडल, मनोज कुमार, राजकुमार प्रसाद, हिरालाल प्रसाद, सीताराम प्रसाद, अमित पांडेय, हीरालाल प्रसाद, राजकुमार मंडल, महेश्वर प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बड़कागांव के आदर्श मध्य विद्यालय में 527 बच्चों को दी गयी शिक्षण सामग्री



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आदर्श मध्य विद्यालय में शिक्षण सामग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, बड़कागांव मध्य पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष राम, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार के हाथों बच्चों को शिक्षण सामग्री दी गयी। 527 छात्र-छात्राओं को कॉपी, बैग और स्वेटर दिया गया। बच्चे शिक्षण सामग्री पाकर काफी खुश नजर आये। मौके पर मुखिया रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि बड़कागांव के आदर्श मध्य विद्यालय में बच्चों का पठन-पाठन से लेकर अनुशासन तक बेहतर है। पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन उपस्थित बढ़ी है। बच्चे मन लगाकर पढ़ें आप ऑफिसर बने। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन, निशुल्क पुस्तक, कॉपी बैग, स्वेटर, जूता मौजा दी जाती है। इतना ही नहीं हमारे विद्यालय में सभी प्रशिक्षित और टेट पास शिक्षक शिक्षिकाएं है। यहां अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। साथ ही खेल कूद और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों को भागीदारी निभाई जाती है। मौके पर शिक्षक चेतलाल राम, विनोद रजक, हेमेंद्र कुमार, बिना साहू, रामवृक्ष राम, कमलेश श्रीवास्तव, हुसने आरा, निगार सुलताना, शकुंतला कुमारी, संतोषी कुमारी, पुष्पा कुमारी, रजनी कुमारी, बसंती कुमारी, जमशेद अंसारी, कार्तिक सोनी, रवि कुमार रवि, देवनाथ कुमार, राजू कुमार, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## घरों का गंदा पानी सड़कों पर ना बहायें



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ की गलियों में घरों का गंदा पानी बहाए जाने को लेकर चेडरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी ने कड़ा रुख अख्तियार करने की बात की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि विष्णुगढ़, चेडरा और बेड़ाहरियारा के गलियों में घरों का गंदा पानी बेरोक टोक बहाया जा रहा है। मना करने के बावजूद लोग नही मान रहे हैं। सड़कों में बजबजाती नालिया व गंदी बदबू से लोग परेशान हैं। जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा बना हुआ है। हाल ही में चेडरा पंचायत में डायरिया रोग का संक्रमण बढ़ गया था। समय रहते इलाज किया गया नही तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते। मुन्नी देवी ने कहा कि अभिलंब सड़कों पर गंदा पानी बहाया जाना नहीं रोका गया तो इसकी शिकायत उपायुक्त से मिलकर की जायेगी। वही बेड़ाहरियारा के पंचायत समिति सदस्य कल्पना देवी ने कहा कि दीपावली और छठ का त्यौहार नजदीक है, ऐसे में लोग साफ सफाई का ख्याल रखते हैं। परंतु यहां सड़कों पर घरों का गंदा पानी बहाए जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आस्था का पर्व छठ को लेकर उन्होंने घरों का गंदा पानी न बहाए जाने की अपील की है। ऐसे में सड़कों को साफ सुथरा रखना हम सभी का दायित्व हैं।

## सीसीएल कर्मचारी सहकारी साख समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कर्मचारी सहकारी साख समिति लिमिटेड नया नगर बरकाकाना का वार्षिक आमसभा सामुदायिक भवन नया नगर बरकाकाना में आयोजित की गयी। आमसभा की अध्यक्षता केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना महाप्रबंधक सह पदेन अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह व संचालन देवराज तिवारी ने किया। आमसभा के दौरान सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। वार्षिक आमसभा के दौरान पिछले पांच वर्षों का अंकेक्षण और लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया जिसे सर्वसम्मति से ध्वनि मत के द्वारा पारित किया गया। कॉपरेटिव सोसाइटी के पदेन सचिव उदय प्रताप नारायण सिंह ने सचिव प्रतिवेदन को उपस्थित सदस्यों के बीच साझा करते हुए कहा कॉपरेटिव सोसायटी कर्मचारियों के हितों के लिए है, जिसे मैं विकट परिस्थितियों में भी सुचारू रूप से चलाने का प्रयास करता रहूंगा। मौके पर मुख्य रूप से बरकाकाना ओपी प्रभारी मनदीप सिंह, भुनेश्वर यादव, आलोक कुमार सिंह, अनुज कुमार, महाकांत मिश्रा, एसएनए जाफरी, हरिरत्नम साहू,रतन कुमार, एनसी विश्वास, दिलेन्द्र सिंह, सुशील कुमार, सोसायटी के कोषाध्यक्ष भारत कुमार विश्वकर्मा, सदस्य आनंद कुमार श्रीवास्तव, बिहारी मुंडा, महेंद्र राम बेदीया, अरुणा देवी, सोनवा मुंडा, प्रतिमा कुमारी, संजीत गुप्ता, कुमार विक्रम, नेहा कुमारी, अमित कुमार, पूर्व सचिव संजय शर्मा, पूर्व सचिव मदन राम, मंजू कुमारी, मालती कुमारी, दिव्या कुमारी, राखी कुमारी, प्रभात श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, शिवसागर सिंह, अजय सिंह, विजय शर्मा, सुग्रीव तिवारी, मुजफ्फर हुसैन, हामिद अंसारी, तहमीद अंसारी, सेवालाल मांझी, अरुण कुमार, संतोष कुमार बबलू, विजय महतो, अजय मिश्रा, शिवराम जैना, भूषण कुमार सहित सैकड़ों महिला व पुरुष सदस्य उपस्थित रहे।

## निष्ठा ने स्टार एल्युमिनी प्रोग्राम के तहत वितरित किया प्रमाण पत्र



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डटमामोड़ कुजू स्थित निष्ठा स्किल कौशल प्रशिक्षण केंद्र ने सोमवार को केंद्र में एकदिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव व स्टार एलुमिनी प्रोग्राम का आयोजन किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से निष्ठा प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष कुमार सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था सदस्य यशोदा कुशवाहा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष कुमार सिंह ने कहा कि आप स्वंय ही भविष्य दाता है। भविष्य को संवारने में अभी से आपलोग जुट जायें। निष्ठा संस्थान केवल आईना है। उन्होंने कहा कि निष्ठा संस्था ने मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत क्षेत्र की युवतियों को प्रशिक्षित कर व रोजगार देकर आत्मनिर्भर बना रही है। वही, प्रशिक्षित युवतियों से आसपास के लोगों को सरकार की योजना को घर-घर तक पहुंचाकर इसका लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान मनीष सिंह ने फैशन डिजाइनिंग कोर्स के 113 सफल प्रशिक्षणर्थियों के बीच फैशन डिजाइनिंग एवं सैंपलिंग टेलर का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण किया। साथ ही, 21 चयनित प्रशिक्षणर्थियों को ऑफर लेटर देकर आगामी माह में चेन्नई भेजने की बात कही। इधर, चेन्नई से कार्य कर अवकाश पर लौटे 15 युवतियों को स्टार एलुमिनी कार्यक्रम के तहत प्रमाण पत्र सौंपा गया। वही, युवतियों ने चेन्नई में अपने कार्यकाल, अनुभव और रहन-सहन, सुरक्षा समेत कार्य करने के बदले मिलने वाली आर्थिक मदद को लेकर कार्यक्रम के दौरान अपनी बातों को साझा कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे टीम को हौसला अफजाई किया। कहा कि निष्ठा संस्थान ने हमें आत्मनिर्भर बनाया है। इसके लिए पूरी टीम को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है। मौके पर चितरंजन प्रसाद, गौरव कुमार सिंह, नीतीश कुमार सिंह, चांदनी प्रवीण, प्रियसी गुप्ता, सीमा कुमारी, रितु प्रिया, रेखा कुमारी, मानको सोरेन, चांदो कुमारी, सुमन कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनू कुमार यादव, बबलू भुइयां, अरुण कुमार, मुनिला करमाली, लक्ष्मी देवी, विपत देवी, सुनिता देवी समेत दर्जनों युवतियां शामिल रहे।

## विनायक चिल्ड्रेन हॉस्पिटल का शुभारंभ



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ महाविद्यालय के निकट सोमवार को विनायक चिल्ड्रन हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी और मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विनायक चिल्ड्रन हॉस्पिटल के खुलने से यहां के स्थानीय लोगों को अपने बच्चे को लेकर रांची और बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां पर अच्छा और बेहतर इलाज जाने माने डॉक्टरों द्वारा किया जायेगा। वही, विनायक चिल्ड्रन हॉस्पिटल के संचालक बुडुल साव उर्फ बिक्की ने बताया कि हमारी हॉस्पिटल में एनआइसीयू, पीआइसीयू और वेंटीलेटर की सुविधा है। यहां अभी 20 बेड लगाये गये है और जरूरत पड़ने पर बेड को बढ़ाया जायेगा। हमारे यहां बच्चों के लिए तीन डॉ अभिषेक अग्रवाल, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ गोतम कुमार 24 घंटे सेवा देंगे। जिससे से किसी को भी यहां कोई परेशानी नहीं हो सके। इस अवसर पर लालचंद महतो, सुनीता देवी, निशु कुमारी, भोला साव, कोलेश्वर साव, सिकंदर साव, प्रयाग नायक, सुरेंद्र नायक आदि उपस्थित थे।

## अवैध लकड़ी लदे ट्रैक्टर सहित बाइक जब्त



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्य भूषण कुमार के निर्देश पर सोमवार को वन विभाग की टीम द्वारा एक अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर और एक बाइक को जब्त किया गया। वही तीन लोगों को गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार किये गये लोगों में सागासोत के तिवारी यादव, राजू कुमार और रामपाल भुइया शामिल है। इस संबंध में बताया गया कि वन क्षेत्र पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि खरांटी सागासोत मार्ग के पास अवैध लकड़ी लदे ट्रैक्टर बिहार की ओर जा रही है। तथा एक व्यक्ति बाइक से रेकी कर रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग द्वारा एक टीम गठित कर उक्त कार्रवाई की गयी। तथा ट्रैक्टर चालक सहित एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान में प्रभारी वनपाल पवन कुमार, वनरक्षी मनीष कुमार ,मिस्टर जीनो एवं होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## सामुदायिक भवन खाली कराने को लेकर सीइओ को सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ कैंट दशहरा समिति के अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह के नेतृत्व में सोमवार को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि रामगढ़ कैंट दशहरा समिति छावनी परिषद फुटबॉल ग्राउंड रामगढ़ की ओर से नवरात्र पर रामलीला मंचन हेतु सूरज हॉल खाली करने के लिए आग्रह किया था। इस संबंध में भवदीय स्तर पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी की गयी, परंतु सूरज हॉल खाली नहीं हो पाया। इस विषय पर संज्ञान लेते हुए विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी है। ज्ञापन में कहा कि उक्त सामुदायिक भवन को यथाशीघ्र खाली करने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की कृपा की जाये, ताकि रामगढ़ कैंट की जनता को नैसर्गिक न्याय मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में रविंद्र शर्मा, रमेश महतो आदि शामिल थे।

## टैंकर के पलटने से चालक की मौत

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा -गया राष्ट्रीय उच्च पथ 22 पर शहर से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित संघरी घाटी में तेल से भरे एक टैंकर के पलट जाने से टैंकर चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जानकारी के अनुसार बीती रात तारपीन तेल से भरा टैंकर डोभी की ओर जा रहा था। इसी दौरान संघरी घाटी में ब्रेक फेल हो जाने के कारण टैंकर अनियंत्रण होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते हैं सदर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन चालक को बाहर निकाला एवं पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# फिर सक्रिय हुए कोयला तस्कर और उनके रहनुमा

**बड़े अधिकारी का नाम लेकर कारोबारी और कुछ अधिकारियों को धमका रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** दुर्गा पूजा संपन्न होने के साथ ही रामगढ़ में कोयला तस्कर और उनके संरक्षक काफी सक्रिय हो गये हैं। तस्कर और कोयला तस्करी का स्वाद ले चुके एक पुलिस अधिकारी कोयला तस्करी की जमीन तैयार कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इसके लिए कुछ थानों में अपनी पसंद के अधिकारी की पोस्टिंग के लिए लॉबिंग की जा रही है, ताकि तस्करी को अंजाम दिया जा सके। हालांकि अब तक वे अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाये हैं। लेकिन तस्करों का दावा है कि जल्द उनके आका सब कुछ सामान्य कर कोयला तस्करी को हरी झंडी दिलायेंगे। हालांकि उनका दावा कितना ठोस होगा, यह आनेवाला समय बतायेगा।

### रामगढ़ में कोयला तस्करी की कमान चाहता है एक पुलिस अधिकारी



पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूरे रामगढ़ में पुलिस विभाग के एक वरीय अधिकारी को खूब बदनाम किया जा रहा है। उनका नाम लेकर कुछ अधिकारियों को हड़काया जा रहा है। यह सब रामगढ़ में तैनात एक दारोगा कर रहा है। सूत्रों पर भरोसा करें, तो इस कहानी के पीछे एक अहम लॉजिक है। उक्त अधिकारी पहले भी कोयला तस्करी का स्वाद ले चुका है। इसलिए उसे पता है कि कोयले की कमाई में तपिश कितनी है। इसी को लेकर वह रामगढ़ में कोयला तस्करी की कमान अपने हाथों में लेना चाहता है, ताकि उसका रामगढ़ आने का सपना सच हो सके। हालांकि यह रणनीति कितनी कामयाब होगी, वह तो दूर की बात है, लेकिन पूरे मामले में उक्त वरीय अधिकारी की खूब किरकिरी हो रही है।

# जिंदल पैंथर ने अचीवर्स ब्ल्यू को हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

### पोलो का भोपाल-पटौदी कप




**भुरकुंडा।** अर्जुन पुरस्कार विजेता सिमरन शेरगिल और समीर सुहाग के आक्रामक खेल की बदौलत जिंदल पैंथर टीम ने सोमवार को बेहद रोमांचकारी मैच में पिछले साल के पोलो चैंपियन अचीवर्स ब्ल्यू को भोपाल-पटौदी कप के फाइनल मैच में 7 के मुकाबले 11 गोल से हरा दिया। दिल्ली के जयपुर पोलो ग्राउंड में आयोजित इस मैच में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों को अंत तक अपने कौशल से बांधे रखा। जिन्दल पैंथर की टीम ने अपनी रणनीति में नए आयाम जोड़ते हुए खेल के हर क्षेत्र में अपनी बढ़त बनाए रखी और अचीवर्स ब्ल्यू टीम पर पूरे मैच में हावी रही। जिन्दल पैंथर की ओर से सिमरन शेरगिल ने 4, समीर सुहाग ने 1 और सिद्धांत शर्मा ने 6 गोल किये। जबकि अचीवर्स ब्ल्यू की ओर से डैनियल ऑटमेंडी और रेहत विर्क ने 1-1 और अभिमन्यु पाठक ने 5 गोल किये। ज्ञात हो की इस महीने जिंदल पैंथर पोलो कप जीतने के बाद टीम जिन्दल पैंथर की यह लगातार चौथी जीत है। पोलो खेल के लिए भोपाल-पटौदी कप एक प्रतिष्ठित पदक है। टीम जिंदल पैंथर को यह पदक भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडेय ने प्रदान किया। वहीं जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री पद्मभूषण शर्मिला टैगोर ने एचीवर्स ब्ल्यू को रनर-अप ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया।

### रामगढ़ के पतरातू में भू-माफियाओं का कारनामा

# जिंदा व्यक्ति को मृत बताकर बना ली फर्जी वंशावली, अब बेच रहे हैं जमीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** जिंदा व्यक्ति को मृत बताकर और उसके नाम से फर्जी तरीके से दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने का मामला एक बार फिर सामने आया है। यह मामला रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड का है। भू-माफियाओं ने जिसे मृत बताया था, उसका नाम लोकनाथ सिंह है। इसकी शिकायत लेकर खुद लोकनाथ सिंह अपने बेटे प्रेमनाथ सिंह के साथ सोमवार को कांग्रेस भवन में मंत्री आलमगीर आलम की जन सुनवाई में पहुंचे। उन्होंने मंत्री को बताया कि जमीन दलालों ने उन्हें मृत बताया और उनके नाम से फर्जी वंशावली बनाकर जमीन बेच रहे हैं। मंत्री आलमगीर आलम ने उन दोनों की सारी बातें सुनीं और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### सभी जगहों पर की शिकायत, नहीं मिला इंसाफः प्रेमनाथ

लोकनाथ सिंह के बेटे प्रेमनाथ सिंह ने बताया कि उनका पुश्तैनी घर रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में है। यहां जमीन दलालों ने लगातार उन लोगों की जमीन पर नजर गड़ा रखी है। जमीन का अभी बंटवारा भी नहीं हुआ है, लेकिन जमीन दलालों द्वारा उनके पिता के नाम से फर्जी वंशावली बना कर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया और लगातार जमीन बेची जा रही है। उन्होंने इस संबंध में डीसी, सीओ के अलावा और भी कई जगहों पर शिकायत की है, लेकिन इंसाफ नहीं मिला। इसलिए अब वे सीधे सरकार के पास आये हैं।

# लापरवाह और नियम का उल्लंघन करने वाले पैक्सों पर सख्त हुए डीसी

**कहा पैक्सों से समतुल्य राशि का करें वसूली, अन्यथा संलिप्त अधिकारी व पैक्स संचालकों पर होगी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** धान अधिप्राप्ति के मामले में जिन पैक्स संचालकों द्वारा अभी तक राइस मिलों को धान नहीं भेजा गया है। वैसे पैक्सों के खिलाफ उपायुक्त अबु इमरान सख्त निर्देश जारी करते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी को लापरवाह व नियम का उलंघन करने वाले पैक्स से जल्द से जल्द समतुल्य राशि की वसूली करने का निर्देश दिया है अन्यथा उपायुक्त ने संलिप्त अधिकारी व पैक्स संचालकों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों अनेक



बैठकों में उपायुक्त ने पैक्सों में खरीदकर रखें गये धान को अविलंब राइस मिल को भेजने का आदेश दिया था। राइस मिल में धान नहीं भेजने वाले पैक्सों में भरही पैक्स, घोरीघाट, बभने, रामपुर पैक्स, सरदम, जोरी, इचाक, बरवाडीह, परसौनी पैक्स का नाम शामिल है। जिसमे कुल मिलाकर धान की मात्रा 20,645.11 क्विंटल है जिसका समतुल्य राशि 4,16,90,522 रुपया है।

# 1944 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पिकअप वैन में पत्ता गोभी के नीचे छिपाकर बिहार ले जा रहा था अंग्रेजी शराब**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** सदर थाना की पुलिस ने एक पिकअप वैन पर लादकर बिहार ले जा रहे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। यह संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने सदर थाना में प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा जिला मुख्यालय स्थित जतराहीबाग मुहल्ला देवी मंडप के समीप जे एच02बी जे/8784 नंबर की पिकअप वैन की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान 160 किलो पत्ता गोभी के नीचे छिपाकर रखे गये विभिन्न कंपनियों के 81 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया तथा एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर चतरा जिला के इटखोरी थाना के सरहेता गांव का रहने वाला जागेश्वर ठाकुर का उन्नीस वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार ठाकुर है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि जब अंग्रेजी शराब में मैकडॉवेल नंबर वन कंपनी का 375 एम एल के 1080 बोतल तथा 750 एम एल के 432 बोतल और इंपीरियल ब्लू कंपनी का 375 एम एल के 432 बोतल अंग्रेजी शराब जप्त किया गया। इसके साथ ही महिंद्रा कंपनी का पिकअप वाहन, एक रियलमी कंपनी का स्क्रीन टच मोबाइल तथा 160 किलोग्राम पत्ता गोभी जब्त किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि तस्कर से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह शराब बिहार ले जाया जा रहा था। इस छापामारी दल में सदर थाना प्रभारी शिवकुमार शिव प्रकाश कुमार के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक विकास पासवान तथा सहायक अवर निरीक्षक निर्मल कुमार सिंह के अलावा सदर थाना और उत्पाद विभाग के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## पीवीयूएन ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया शुभारंभ



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीवीयूएन पतरातू ने 30 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत की। इसके तहत इस अवसर पर, सम्मेलन हॉल में सीइओ (पीवीयूएन) रविंद्र कुमार और जीएम (इंजीनियरिंग) बी दास द्वारा प्रशासनिक भवन के सम्मेलन हाल में सभी विभागध्यक्षों और अन्य अधिकारियों को ईमानदारी प्रतिष्ठा और भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए सत्यनिष्ठा की शपथ दिलकार सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ लेकर सभी लोग जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी और कानून के शासन का पालन करते हुए, न तो रिश्वत लेते हैं और न ही रिश्वत देते हैं, सभी कार्यों को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करते हुए, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाये रखने के लिए शपथ लेते हुए कहा गया कि जनहित और भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की सूचना उचित अधिकारियों को दें। पीवीयूएन के अधिकारियों ने कहा कि दूसरे दिन पीवीयूएन के कर्मचारियों, परिवारों और स्थानीय लोगों के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस मौके पर पीवीयूएन प्रबंधक सहित कई अधिकारी शामिल थे।

## उरीमारी में तीनों सेल समिति की महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक





**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका सयाल श्रेत्र के उरीमारी में रेलवे साइडिंग चालू करने की बात को लेकर उरीमारी के तीनों सेल समिति के विस्थापित ग्रामीणों ने रोजगार से संबंधित मुद्दा और लोकल सेल का कोयला किसी प्रकार से नहीं काटने को लेकर महाप्रबंधक अजय सिंह की अध्यक्षता में बरका सयाल क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में उरीमारी, बिरसा और न्यू बिरसा लोकल सेल समिति के साथ विस्थापित ग्रामीण उपस्थित हुए। वहीं महाप्रबंधक अजय सिंह ने नार्थ उरीमारी रेलवे साइडिंग चालू करने की बात कही। इस बात को लेकर तीनों सेल समिति की ओर से बात रखी गयी कि जब तक लोकल सेल में पूर्ण रूप से कोयला नहीं दिया जायेगा। तब तक हम विस्थापित ग्रामीण रेलवे साइडिंग चालू नहीं करने देंगे। इस बात पर महाप्रबंधक ने सकारात्मक पहल करते हुए आश्वस्त किया कि लोकल सेल के कोयला में किसी प्रकार की कटौती नही किया जायेगा। आगे भी लोकल सेल सुचारू रूप से चलता रहेगा। आगे महाप्रबंधक ने लिखित रूप से गारंटी देने की बात कही। बैठक में बिरसा खान प्रबंधक रामेश्वर मुंडा, उरीमारी पंचायत मुखिया कमला देवी, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, विस्थापित संघर्ष मोर्चा सचिव महादेव बेसरा, विस्थापित नेता दशई मांझी, संजय करमाली, दिनेश करमाली, सीताराम किस्कू, धर्मदेव करमाली, विश्वनाथ मांझी, कानू मरांडी, कोलेश्वर मांझी, कार्तिक मांझी, सुखू मांझी, सुरेश मुर्मू, रैना मांझी, सिगू हेंब्रम, तालो बेसरा, सिकंदर सोरेन, सीता मुन्नी देवी सहित विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

## बाल विद्या मंदिर में मना सतर्कता जागरूकता सप्ताह



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा कोलियरी में सीसीएल कुजू द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में रांची मुख्यालय सतर्कता विभाग के गौतम चौधरी, कुजू क्षेत्र के एसओपी गिरीश चंद्र, कार्मिक प्रबंधक भूषण यादव और जानकी प्रसाद मौजूद रहे। इस दौरान बच्चों ने मानव श्रृंखला के तहत सड़कों पर जाकर लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक किया। मौके पर गौतम चौधरी ने कहा नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में इमानदारी और सत्य-निष्ठा को बढ़ावा देने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध होकर कार्य करें। विद्यालय प्राचार्य रणजीत सिंह ने कहा कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। इसके उन्मूलन के लिए हम सभी लोगों को मिलकर काम करना होगा। वही, धन्यवाद ज्ञापन देते हुए प्रशासनिक पदाधिकारी गुरमीत धीमान ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए। उसे सदैव ईमानदारी और निष्ठा से काम करना चाहिए। साथ ही, भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में साथ देने की जरूरत है। मौके पर शिक्षक सुनीता कुमारी ने सतर्कता सप्ताह को लेकर प्रतिज्ञा दिलाई। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चौथे पातशाही श्री गुरु रामदास जी का धूमधाम से मनाया गया प्रकाश पर्व



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** धन-धन राम दास गुर जिन सिरिया तिनै सवारिया के जाप से शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु सिंह सभा के सहयोग से चौथी पातशाही धन-धन श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब को बेहद ही खूबसूरत ढंग से सजाया गया। वही, सिख संगत गुरुद्वारा साहिब में माथा टेक आशीर्वाद लिया। गुरु घर के वजीर बाबा गुरजीत सिंह के द्वारा अरदास की गयी। जबकि, गुरु घर के रागी जथा ने कीर्तन पेश कर संगत को निहाल किया। इसके उपरांत गुरु घर में गुरु का लंगर अटूट बरताया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गुरुद्वारा साहिब के मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, पूर्व प्रधान रमिंदर सिंह गांधी, इंद्रपाल सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, रणजीत सिंह छाबड़ा, रविंद्र सिंह छाबड़ा उर्फ बिट्टी सिंह, पप्पू जस्सल, कुलवंत सिंह मरवाह, महेंद्र कौर अरोड़ा, परमजीत कौर भूषरी, कमलप्रीत कौर छाबड़ा, विमल गुलाटी आदि उपस्थित थे।

## बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुध बाजार चीफ हाउस पंचायत के प्राथमिक विद्यालय नेहरु कॉलोनी रिवर साइड सौन्दा में सोमवार को छात्र-छात्राओं की बीच स्कूल ड्रेस सहित अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया विकाश पांडेय ने विद्यालय के कक्षा वन से टू के 11 छात्र-छात्राओं के बीच झारखंड सरकार द्वारा प्राप्त दो-दो सेट शर्ट व पैंट, जुता और बालिकाओं के लिए स्कट व स्वेटर वितरण किया। मौके पर शिक्षक चंदा ओखोड़ी, इसरत आरा आदि मौजूद थें।

## मदगी में लखी पूजा पर भगवती जागरण



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दुलमी प्रखंड के सिरु पंचायत मदगी मे श्रीश्री लखी पूजा समिति द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पुत्र पियूष चौधरी, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ जिला पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो शामिल हुए विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। एक से बढ़कर एक धार्मिक गीतों की प्रस्तुति से रात भर लोग झूम और नाचे, गाये श्रद्धालुओं को शरद पूर्णिमा लखी पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर रामगढ़ विधायक के पुत्र पीयूष चौधरी, सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक राजनंदन महतो, दुलमी प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख रिझु महतो,दुलमी पंचायत मुखिया रविन्द्र महतो आजसू पार्टी के रामगढ़ जिला उपाध्याय राजकिशोर महतो, जिला उपाध्यक्ष ब्रजनंदन महतो, ब्रजकिशोर महतो, पंकज कुमार, सीडी महतो, अभय पद्मराज, दिनेश चौधरी, लालदास महतो, प्रदीप महतो, अनिल चौधरी, धर्मनाथ महतो, तुलसी महतो श्री श्री लखी पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष सहित सैकडों लोगों की उपस्थिति मुख्य रूप से हुए।

# दिल्ली-एनसीआर में फिर प्रदूषण

सर्दियों का मौसम अभी आने को है, लेकिन दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी मुद्दा बनने लगी है। यह क्वालिटी शनिवार को वेरी पुअर यानी बेहद खराब की श्रेणी में पायी गयी। इस मौसम में ऐसा दूसरी बार हुआ है। इससे पहले 22 अक्टूबर को भी एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) 313 पर गया था, लेकिन तब बारिश और तेज हवाओं ने राहत दी थी, जिससे अगले ही दिन एक्यूआइ घट कर 263 पर आ गया था। हालांकि तात्कालिक वजहों से कभी-कभार राहत भले मिल जाये, दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, उत्तर भारत के बड़े इलाके में रहने वालों के लिए यह इस मौसम की स्थायी समस्या है। बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए तो हालत जानलेवा हो जाती है। यही वजह है कि सरकारें भी इस मौसम के आसपास इस मुद्दे को लेकर गंभीर नजर आने लगती हैं। इस बार भी पहले से ऐसी खबरें आने लगी हैं कि राज्य सरकार के पास पूरा एक्शन प्लान तैयार है कि अदक में कितनी बढ़ोतरी होने पर किस तरह के कदम उठाये जायेंगे। शनिवार को ही बताया गया कि दिल्ली में एमसीडी की तरफ से अपडेटेड पीयूसी सर्टिफिकेट के बगैर गाड़ियों को पार्किंग की इजाजत न देने का आदेश जारी हो सकता है। दिल्ली-एनसीआर में जगह-जगह जल छिड़काव करती सरकारी गाड़ियां भी दिखने लगी हैं, जो हवा में धूल की मात्रा कम करती हैं। मगर इन कदमों का स्वरूप ही बताता है कि सरकार समस्या के लक्षणों को कम करने में जुटी है। अभी तक समस्या को सुलझाने या इसकी गंभीरता को कम करने में कोई खास सफलता नहीं मिली है। इसके एक प्रमुख कारण के रूप में पंजाब और आसपास के राज्यों में पराली जलाने के चलन को कई साल पहले चिह्नित किया जा चुका है। मगर उस मोर्चे पर खास प्रगति के संकेत नहीं हैं। बीते हफ्ते की ही बात की जाये तो पंजाब में बुधवार को पराली जलाने की 398, गुरुवार को 589 और शुक्रवार को 766 घटनाएं दर्ज की गयीं। वैसे सरकारें इसे कम करने का अपने ढंग से प्रयास कर रही हैं। पंजाब के मोगा समेत कई इलाकों में फायर फाइटर्स की टीमें तैनात की गयी हैं, जो पराली जलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर उसे रोकने का काम करती हैं। यूपी में कहा गया है कि पराली जलाते पाये जाने वाले किसानों को किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का फायदा नहीं दिया जायेगा, लेकिन यहां भी मामला सख्ती के जरिए किसानों को पराली जलाने से रोकने का ही है, जबकि जरूरत उन्हें ऐसे बेहतर विकल्प मुहैया कराने की है, जिससे वे खुद इससे मुंह मोड़ने लग जायें। पराली से खाद बना कर खेती में उपयोग करने या अन्य उपायों से थर्मल पावर प्लांट और अन्य उद्योगों में ईंधन के तौर पर पराली का इस्तेमाल बढ़ाने जैसे कई सुझावों पर चर्चा होती रही है, लेकिन साफ है वे विकल्प किसानों तक अभी पहुंचाये नहीं जा सके हैं।

**हालांकि तात्कालिक वजहों से कभी-कभार राहत भले मिल जाये, दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, उत्तर भारत के बड़े इलाके में रहने वालों के लिए यह इस मौसम की स्थायी समस्या है। बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए तो हालत जानलेवा हो जाती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अंग्रेजी का प्रयोग करने वाली नयी पीढ़ी बहुत तेजी से इमोजी की तरफ बढ़ रही है। कोई बात अच्छी लगे तो एक पूरा वाक्य लिखने की जरूरत नहीं है। किसी बात की आलोचना करनी हो और इस तरह से करनी हो कि दूसरा पक्ष आहत न हो, तो उसके लिए कोई अच्छा शब्द ढूंढने की जरूरत नहीं है। यहां तक कि इमोजी से पूरे प्रेम पत्र लिखे जा सकते हैं। हम भाषा के संदर्भ में आर्थिक प्रभुत्व की चर्चा करते हैं।**

# हिंदी-अंग्रेजी का झगड़ा अब बेमानी



बाल मुकुंद

जिस तरह देश की विविध अनुसूचित भाषाओं के लोग यह सोचते हैं कि हिंदी की वजह से उनकी भाषा का प्रभाव कम हो रहा है, उसी तरह हिंदी सेवियों की एक बड़ी तादाद ऐसा मानती है कि अंग्रेजी के कारण हिंदी का प्रसार बाधित हो रहा है। लेकिन खुद अंग्रेजी का क्या हाल है? जब हम एक पूर्ण और सशक्त भाषा की बात सोचते हैं, तो हमारे जेहन में उसके कुछ निश्चित प्रतिमान उभरते हैं। जैसे, उसकी एक विकसित लिपि होगी, ध्वनि संसार होगा, शब्दों का विशाल भंडार होगा। शब्दों की वर्तनी, उनका उच्चारण और अर्थ सुनिश्चित होगा। व्याकरण होगा। उसका अपना साहित्य होगा, जिसे पढ़ने वाले लोग होंगे। और उसे सत्ता (आर्थिक-राजनीतिक) का समर्थन प्राप्त होगा। क्या इन पारंपरिक मानकों पर आज की कोई भी भाषा दावे से खरी उतरती है?



**टेक्नॉलजी और वैश्वीकरण ने आज की सभी भाषाओं की जड़ें हिला दी हैं। भाषाओं के पारंपरिक ढांचे दरकते हुए नजर आ रहे हैं। ब्रिटेन में युवा छात्रों द्वारा अंग्रेजी शब्दों की सही वर्तनी की उपेक्षा और हिंदुस्तान में निरक्षरों द्वारा अपने मोबाइल फोन पर आए कॉलर नंबर को उनकी आकृति या विशिष्ट रिंग टोन से पहचानने की प्रवृत्ति को अभी तक हम दो अलग-अलग स्थानीय सामुदायिक व्यवहारों की तरह देख रहे हैं।**

## इमोजी का बोलबाला

अंग्रेजी का प्रयोग करने वाली नयी पीढ़ी बहुत तेजी से इमोजी की तरफ बढ़ रही है। कोई बात अच्छी लगे तो एक पूरा वाक्य लिखने की जरूरत नहीं है। किसी बात की आलोचना करनी हो और इस तरह से करनी हो कि दूसरा पक्ष आहत न हो, तो उसके लिए कोई अच्छा शब्द ढूंढने की जरूरत नहीं है। यहां तक कि इमोजी से पूरे प्रेम पत्र लिखे जा सकते हैं। हम भाषा के संदर्भ में आर्थिक प्रभुत्व की चर्चा करते हैं। अब बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कारोबारों और उत्पादों के साथ भी इमोजी इस्तेमाल होने लगे हैं। ऐपल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, सैमसंग, ट्विटर, फेसबुक, एलजी, एचटीसी, बर्गर किंग और पेप्सीको जैसी तमाम कंपनियां इमोजी इस्तेमाल कर रही हैं और उनके साथ उनके ग्राहक भी।

**भाषाएं मरती नहीं, वे अपना रूप बदलती हैं, कुछ अवशेषों के साथ।**

उनके बीच एक नयी भाषा विकसित हो रही है। यानी रोमन लिपि और शब्दों की सही वर्तनी का महत्व खत्म! जब भी कोई नयी भाषा विकसित होती है, वह पारंपरिक भाषाओं का दायरा संकुचित करती है। समाज में ऐसे कई तरह के छोटे-मोटे संकेत विकसित होते हैं, जो समय के साथ प्रचलन से बाहर हो जाते हैं- यह सोच कर हम इमोजी की भाषा को नजरअंदाज नहीं कर सकते।

यह लोगों के बीच का भाषिक संवाद बदलने का एक नमूना है। इसके और भी पक्ष हैं। जब हम ऑक्सफोर्ड और वेब्स्टर के शब्दकोशों में सही वर्तनी और हिज्जे ढूंढ रहे होते हैं, तब इंटरनेट पर भेजे जा रहे संदेशों में उन शब्दों के संक्षिप्त रूपों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा होता है। वहां सिर्फ आय लव यू के लिए इलू (आयएलयू) और फियर ऑफ मिसिंग यू के लिए फोमू (एफओएमयू) ही नहीं बन रहा है, एक पूरी शब्दावली विकसित हो रही है, जिसमें बीटूबी (बिजनेस टु बिजनेस), केपीआइ (की-परफॉर्मेंस इंडीकेटर), सीपीएम (कॉस्ट पर थाउजैंड) और यूजीसी (यूजर जेनरेटेड कॉन्टेंट) जैसे प्रयोग भी शामिल हैं। ये नये संक्षिप्त शब्द पहले के अनेक शब्दों से बने पूरे फ्रेज को विस्थापित कर देते हैं।

आज सिर्फ दोस्तों की अनौपचारिक मंडली में ही नहीं, कॉर्पोरेट की औपचारिक चिट्ठियों, व्यापारिक पत्राचार और तकनीक की दुनिया में भी इस भाषा में लिखित संवाद हो रहे हैं। इंटरनेट की दुनिया में इन संक्षिप्त रूपों को मान्यता प्राप्त है। इनमें से यदि कोई नवनिर्मित शब्द समझ में न आये तो उसे गूगल कर आसानी से देखा जा सकता है। आज से चार-पांच दशक बाद वाली पीढ़ी के लिए शायद यह जान पाना भी मुश्किल हो कि फोमू किन-किन शब्दों के संक्षेपीकरण से बना है। उसके लिए फोमू ही वह शब्द होगा, जिसके माध्यम से वह अपनी बात कहेगी। फेसबुक पर हर मिनट 50 लाख से ज्यादा लोग अपनी टिप्पणियां पोस्ट करते हैं और 30 लाख से ज्यादा लोग अपना स्टेटस अपडेट करते हैं। इंस्टाग्राम पर प्रति मिनट करोड़ों की तादाद में पोस्ट किये जाते हैं और मोबाइल से पचास लाख से ज्यादा ट्वीट भेजे जाते हैं। इसी एक मिनट में इंटरनेट की दुनिया में डेढ़ लाख से ज्यादा टेक्स्ट का आदान-प्रदान होता है। हिंग्लिश और चिंग्लिश जैसे नये भाषा रूपों ने अंग्रेजी के व्याकरण की अनिवार्यता को काफी संकुचित कर दिया है। यहां तक कि स्वीडन और फिनलैंड जैसे बाल्टिक देशों के लोग भी अपनी भाषाओं के दायरे से बाहर निकल कर जब कभी टूटी-फूटी अंग्रेजी में संवाद करने की कोशिश करते हैं, तो ज्यादातर वह व्याकरण के नियमों से परे ही होती है। हां, लिपि जरूर रोमन बनी हुई है। नयी पीढ़ी तक अंग्रेजी की अपनी वर्तनी बचाने के लिए शिक्षक, संस्थाएं और सरकारें जी-तोड़ कोशिशें कर रही हैं। इंग्लैंड, अमेरिका, न्यूजीलैंड, कनाडा, बहामा, जमैका, गुयाना, दक्षिणी अफ्रीका, यहां तक कि एशियाई देशों में भी युवा छात्रों के लिए स्पेलिंग और हिज्जे की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए ट्रॉफियां दी जा रही हैं। लेकिन शब्दकोश, व्याकरण की पढ़ाई और भाषा संरक्षण के तमाम उपायों के बावजूद अंग्रेजी अपने को संभाल नहीं पा रही है।

## बदलता हुआ रूप

टेक्नॉलजी और वैश्वीकरण ने आज की सभी भाषाओं की जड़ें हिला दी हैं। भाषाओं के पारंपरिक ढांचे दरकते हुए नजर आ रहे हैं। ब्रिटेन में युवा छात्रों द्वारा अंग्रेजी शब्दों की सही वर्तनी की उपेक्षा और हिंदुस्तान में निरक्षरों द्वारा अपने मोबाइल फोन पर आए कॉलर नंबर को उनकी आकृति या विशिष्ट रिंग टोन से पहचानने की प्रवृत्ति को अभी तक हम दो अलग-अलग स्थानीय सामुदायिक व्यवहारों की तरह देख रहे हैं।

शायद हम इन दोनों के बीच के संबंध को पहचान नहीं पा रहे। ये वैश्विक स्तर पर बहुत तेजी से अपना साम्राज्य बढ़ा रही अंग्रेजी भाषा के मानक रूप के क्षरण के कुछ उदाहरण हैं, लेकिन हमारे भाषाई व्यवहार में ऐसे और भी कई संकेत देखने को मिल रहे हैं। भाषाएं मरती नहीं, वे अपना रूप बदलती हैं, कुछ अवशेषों के साथ। अंग्रेजी भी अपनी लिपि और कुछ ध्वनियों के साथ दूसरी भाषाओं की तुलना में शायद कुछ ज्यादा लंबे समय तक बनी रहे, लेकिन वह अंग्रेजी यह अंग्रेजी नहीं होगी।

## जमशेदपुर की खबरें

झारखंड श्रीवरी सेवा दल की पहल, होगी शादी, 110 जोड़ी होंगे शामिल

# 60 साल बाद माता पिता फिर बनेंगे दूल्हा-दुल्हन, पूरा परिवार होगा शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के बिस्टुपुर राम मंदिर हॉल में झारखंड श्रीवरी सेवा दल के पहल पर शहर के 110 माता पिता को एक वार फिर से परिवार के बीच दूल्हा-दुल्हन के रूप में देखने को मिलेगी। शादी समारोह में सफलता पूर्वक 60 साल की उम्र बिता चुके माता पिता को पुरोहित के द्वारा विधि विधान से शादी संपन्न कराई जायेगी। जानकारी देते हुए झारखंड श्रीवरी सेवा दल के पीआरओ के साई राम ने बताया शहर के राम मंदिर में आगामी 19 नवंबर को एक सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। वैवाहिक समारोह में 110 जोड़ी का शादी मात्र 3000 शुल्क जमा लेकर किया जाएगा। शादी संपन्न करने के लिए दक्षिण भारत से पंडित शामिल होंगे। शादी मे शामिल होने वाले मेहमानो के लिए भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। लेकिन 12 साल से उपर के मेहमानो का शुल्क दो सौ रूपया प्रति व्यक्ति होगा। समारोह में शादी के साठ साल पार कर चुकी दंपति का फिर से विधि विधान के साथ शादी संपन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा दावा है यह कार्यक्रम झारखंड मे पहली दफा होने जा रही हैं। उन्होंने बताया जमशेदपुर में तमिल समुदाय के काफी संख्या में लोग रहते है। तमिल समुदाय मे 60 साल होने के बाद एक बार और शादी किया जाता है। जिसमे बेटा-बेटी ,पोता - पोती, नाती - नातिन शामिल होते है। काफी घुम धाम से विधि विधान के साथ शादी की जाती है। लेकिन कई लोग इसे नही कर पाते है। इसके लिए संस्था इस बार शादी समारोह का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा सामुहिक विवाह समारोह मे कोई भी हिंदु समाज के लोग अपना पंजीयन करा सकते है। पंजीयन का शुल्क मात्र तीन हजार रूपया रखा गया है। यह कार्यक्रम पहली वार हो रही है। लगभग 110 जोडो का ही पंजीयन कराने का निर्णय लिया गया है। हालांकि अभी तक 100 लोगों ने अपना पंजीयन करा चुके है। शादी समारोह में पार्वतीपुरम से पंडित व तिरूपति से कन्या को पहनाने के लिए मंगलसूत्र मांगाये जायेगे। शादी समारोह में शामिल होने वाले लोगो के लिये खाने की उत्तम व्यवस्था की गयी है।




# तुलसी भवन में वाल्मीकि जयंती और विजया मिलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन और तुलसी भवन के साहित्य समिति द्वारा मानस सभागार में महर्षि वाल्मीकि जयंती सह विजया मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती माधवी उपाध्याय और स्वागत भाषण उपाध्यक्ष श्रीराम नन्दन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक विजय घोष, संस्थान के न्यासी मुरलीधर केडिया, अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका, साहित्य समिति के कार्यकारी अध्यक्ष यमुना तिवारी, मार्गदर्शिका डॉ० रागिनी भूषण मंचासीन रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के द्वारा में दीप प्रज्जवल, माँ सरस्वती वंदना और महर्षि बाल्मीकि के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर प्रसेनजित तिवारी ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। उनके जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में भी मनाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा हिन्दू समाज को मजबूत करना है तो जातियों में ऊंच नीच की भावना को समाप्त करना ही पड़ेगा। इस अवसर पर शहर के 45 से अधिक कलमकारों ने स्वरचित काव्य पाठ व माता का भजन प्रस्तुत की। काव्य पाठ करने वालों में श्रीमती नीलिमा पाण्डेय, निर्मला राव,डॉ. उदय प्रताप हयात, शीतल प्रसाद दूबे , जितेश कुमार तिवारी, कैलाशनाथ शर्मा, कुमार राजेन्द्र गोस्वामी,प्रतिभा प्रसाद ,उपासना सिन्हा, डॉ.वीणा पाण्डेय 'भारती' , रीना गुप्ता, भंजदेव देवेन्द्र कुमार 'व्यथित' , विमल किशोर विमल, राजेन्द्र साह 'राज' , सुस्मिता मिश्रा,शिव नन्दन सिंह, माधवी उपाध्याय, शिप्रा सैनी मौर्या, नीता सागर चौधरी, उमा पाण्डेय, पुनम शर्मा स्नेहिल, अंजू केशव, सविता सिंह मीरा, ब्रजेन्द्रनाथ मिश्र, शीतल प्रसाद दूबे, नीलाम्बर चौधरी, संगीता मिश्रा, एंजेल उपाध्याय, अनिता निधि, लक्ष्मी सिह रुबी, पूनम सिंह, बलबिन्दर सिंह , रीना सिन्हा, क्षमाश्री दूबे, अरुणा झा, विनय कुमार श्रीवास्तव , सुरेश चन्द्र झा, मंजू सिन्हा, कन्हैया लाल अग्रवाल, रीति झा,बलबिन्दर सिंह, रीना गुप्ता, चंदा कुमारी, सुदीप्ता जेठी राउत प्रमुख रहे। वही तुलसी भवन के विद्या सागर लाभ, प्रकाश वदन मेहता, साहित्य समिति के सचिव डॉ. अजय कुमार ओझा, हरिहर राय चौहान,अजय प्रजापति,सुरज सिंह राजपुत, संतोष कुमार चौबे, कवलेश्वर पाण्डेय और राजेन्द्र सिंह की उपस्थिति सराहनीय रही।




# मां अम्बे यूथ स्पोर्टिंग क्लब के पूजा पंडाल का भूमि पूजन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** मां अम्बे यूथ स्पोर्टिंग क्लब काली पूजा समिति के द्वारा प्रत्येक साल आदित्यपुर में भव्य काली पूजा का आयोजन की जाती है। सोमवार को पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया गया। इस वार काली पूजा में समिति के द्वारा पहाड़ के ऊपर भव्य स्वर्ण मन्दिर का रूप पंडाल के माध्यम से दशार्या जाएगा। काली पूजा पंडाल पुरे शहर में आकर्षण का केंद्र बनेगा। भूमि पूजन अध्यक्ष सानु सिंह व चेयरमैन अंकित के द्वारा किया गया। मौके पर समिति के संरक्षक डॉ जेएन दास, सरायकेला प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह, उघमि ज्ञान जैस्वाल, उघमि वीर सिंह, संतोष सिंह समेत अन्य शामिल रहे।



# गोलमुरी मंडल के वरिष्ठ भाजपा नेता का निधन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** गोलमुरी मंडल क्षेत्र के न्यू केबुल टाउन निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेमसागर सिंह का निधन सोमवार संध्याकाल में हो गया। वे करीब 73 वर्ष के थे। बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। कई दशकों से पार्टी के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर कई महत्वपूर्ण दायित्वों को संभाले है। प्रेमसागर सिंह के निधन की खबर से पूरे पार्टी में शोक की लहर है। भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने उनके घर पहुंच कर उनके आत्मा की शांति के लिए कामना की। वही भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेमसागर सिंह के निधन पर झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गहरा शोक व्यक्त की। उन्होंने कहा प्रेम सागर सिंह का जीवन समाज व संगठन के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उनका निधन भाजपा परिवार व पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की।

# प्लस टू स्कूल में चोरी के मामले का खुलासा, तीन लोग गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सीनी।** सरायकेला खरसावां जिले के सीनी ओपी पुलिस ने बीते 17 जुलाई को प्लस टू उच्च विद्यालय में हुए चोरी के मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आए युवकों में शंभू गोराई, विजय मुखी व विजय सरदार शामिल है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी के टैब,एलसीडी मॉनिटर, स्टेबलाइजर,तोड़कर निकाला गया बैटरी, बल्ब, डिवीआर और स्टेबलाइजर का टूटा हुआ हिस्सा बरामद कर लिया। छापामारी में सिनी ओपी प्रभारी बिरजा कुजूर, सहायक अवर निरीक्षक विनय कुमार पंकज, हवलदार नंदू राम बोयपायी व आरक्षी विकास प्रसाद सिंह शामिल रहे।

## सदर पंचायत मुखिया और पंचायत समिति सदस्य ने पीसीसी पथ का अनावरण किया



**रमना (आजाद सिपाही)।** सदर पंचायत मुखिया दुलारी देवी और पंचायत समिति सदस्य सीता देवी ने संजुक्त रूप से सोमवार को सर्वेश्वरी चौक के समीप बने पीसीसी पथ का अनावरण पूजा-अर्चना और नारियल फोड़ कर किया। यह सड़क 15 वां वित्त आयोग से तीन लाख रुपये की लागत से पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। विदित हो कि रमना पंचायत के अतिमहत्वपूर्ण सड़क में शामिल उक्त पथ से गुजरते हुए रमना के गोसाईबाग, बगौंधा, टंडवा विशुनपुरा प्रखंड के जोगीराल खूर्द, जतपुरा, सरांग, बटौआ, दर, पतिहारी सहित आधा दर्जन गांवों के लोग हाईवे पर पहुंचते है। मौके पर दुलारी देवी ने कहा कि रमना पंचायत के महत्वपूर्ण मार्ग का पीसीसीकरण हो जाने से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि उक्त पथ निर्माण में सभी लोगो का सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालय का पंचायत होने के कारण रमना का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हम सबों का पंचायत स्वच्छ और विकसित हो इसके लिए मिलजुल कर प्रयास किया जायेगा। मौके पर पंचायत सचिव विनोद राम,रोहीत वर्मा,विरैची पासवान, देवनाथ, मोतीचंद, नागेद सिंह, अनुज सहीत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम और मिलाप मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में हर महीने के 30 तारीख को एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज इस विशेष कार्यक्रम की जानकारी सेंटर के डायरेक्टर डॉ असजद अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस महीने भी मिलाप मेडिकल सेंटर में कुल 76 रोगियों का इलाज और जांच की सुविधा उपलब्ध की गयी है। इस कार्यक्रम के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ महजबीं, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शमशेर सिंह और डॉ असजद द्वारा सेवाएं प्रदान की गयी। स्वास्थ्य सलाह के साथ-साथ मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष अमृत कलश लेकर दिल्ली रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी गढ़वा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गढ़वा के सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष अमृत कलश लेकर दिल्ली रवाना हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था कराकर कलश यात्रा ट्रेन गढ़वा रोड से रात्रि 8 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई। उनको सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। भाजपा के द्वारा भाजपा का शुरू से है। सबका साथ सबका विकास सबको सम्मान देना मुख्य उद्देश्य रहा है। ट्रेन से रवाना होनेवाले भाजपा नेताओं में जिला महामंत्री संतोष दुबे, विकास स्वदेशी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, उदय कुशवाहा, शिवनारायण चंद्रा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी है करियर काउंसलिंग : एमपी केसरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय जी एन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में एक दिवसीय करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया जिसमें एसआरके विश्वविद्यालय, भोपाल के प्रवीण कुमार (असिसटेंट सहायक प्रध्यापक फामेर्सी डिपार्टमेंट) तथा दिनेश प्रसाद (सहायक प्राध्यापक टइअ डिपार्टमेंट) ने अपना बहुमूल्य सुझाव और मार्गदर्शन देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों में कक्षा अष्टम, नवम, दशम,ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों ने भाग लिया।इस संदर्भ में विद्यालय के निदेशक मदन केशरी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे निरंतर बदलावों के कारण अक्सर बच्चे करियर को लेकर असमंजस की स्थिति में आ जाते हैं जिसके कारण सही मार्ग से भटक जाते हैं। इसका एक ही समाधान है वक्त रहते करियर काउंसलर की मदद ले ली जाएं। एक करियर काउंसलर आपको अपनी योग्यता और विषय रुचि के आधार पर करियर फील्ड का चुनाव करने में मदद करता है। एक मार्गदर्शक का कार्य करता है। एक सही करियर का चुनाव आपके न सिर्फ सभी सपने पूरे कर सकता है बल्कि जिंदगी में आप जो बनना चाहते हैं वो बन भी सकते हैं। हमारा कहना है कि हर छात्र को अपनी लाइफ में करियर काउंसलर की मदद लेनी चाहिए क्योंकि बाद में पछताने से अच्छा है पहले ही सोच लिया जाएं। छात्रों के इसी कंफ्यूजन, को दूर करने के लिए उन्हें करियर काउंसलर या एक्सपर्ट से मदद लेने की सलाह दी जाटी है। अगर कोई छात्र समय रहते करियर तारंसलर की मदद ले लेता है तो उसके सारे कंफ्यूजन दूर हो जाते हैं और उसे एक सही रास्ता नजर आता है। काउंसलर आपके व्यक्तित्व और रूचियों को ध्यान में रखते हुए आपको करियर चुनने में मदद करते हैं। अगर छात्र को सही समय में सही दिशा मिल जाए तो वह अपने लक्ष्य की तरफ मजबूती से कदम रखता है। मंच संचालन उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद ने किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षकेत्तर की उपस्थिति रही।

# संत श्री त्रिदंडी जीयर स्वामी जी का किया गया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** विश्व बिख्यात श्री श्री 1008 धर्म सम्राट त्रिदंडी जियार स्वामी जी महाराज आश्रम धाम, बक्सर, बिहार के वर्तमान प्रधान संत श्री त्रिदंडी जियर स्वामी जी महाराज को अपराहन में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आगमन हुआ, जहां स्वामी जी का स्वागत वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट, गढ़वा के अध्यक्ष सह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह द्वारा किया गया। परिसर के भव्य प्रशाल में विधिवत पूजा अर्चना किया गया तथा उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्वामी जी महाराज द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण और मांसरस्वती की पूर्ण मंत्रौच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गयी। प्रशाल में उपस्थित सभी स्त्रोतागण के द्वारा भजन में शामिल होकर स्वामीजी महाराज का आशीर्वचन प्राप्त किया तदोपरांत स्वामी जी के द्वारा बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण किया गया तथा विश्वविद्यालय के सवार्गीण विकास, सुख शांति तथा समृद्धि का आशीष प्रदान किया। परिसर भ्रमण के उपरांत स्वामीजी महाराज ने अपनी प्रशंसा जाहिर की और आशीर्वाद प्रदान किया। लक्ष्मीनारायण और मां सरस्वती के पूजन के पश्चात स्वामीजी के सम्मान में समर्पित अंगवस्त्रो से स्वामीजी द्वारा संस्था के अध्यक्ष सह कुलाधिपति और विश्वविद्यालय के कुलपति को प्रसाद स्वरुप अंगवस्त्र प्रदान कर आशीर्वाद दिया गया। इस मौके पर संस्थान के संस्थापक सह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह ने प्रशंसा जाहिर कर कहा की पूज्य संत श्री स्वामीजी महाराज जी का परिसर में आगमन, आशीर्वचन और भ्रमण कर हम सभी को धन्य कर दिया तथा उनके प्रति धन्यवाद् ज्ञापित करते हुए कहा कि स्वामी जी ने परिसर में आने का मेरा निमंत्रण स्वीकार कर हम सबो पर उपकार किया इसके लिए विश्वविद्यालय तथा वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के समस्त परिवार स्वामी जी का सदा आभारी रहेंगे।

## बाइक और मिक्सर मशीन की टक्कर में युवक की मौत

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सोमवार सुबह करीब 9:00 बजे नरखोरिया खुर्द शिवपुर मोड पर बाइक और मिक्सर मशीन की टक्कर में 17 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पुरैनी निवासी श्याम साव का छोटा पुत्र आकाश कुमार का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया,वह बभनी से अपने खेत में पानी पटा कर घर की ओर लौट रहा था, बाइक की गति तेज होने के कारण मोड़ शिवपुर पुल के समीप ढलाई कर रहे मिक्सचर मशीन में असंतुलित होकर सीधी टक्कर मार दी, जिससे उसका सर फट गया और सड़क पर खून बहने लगा, शरीर से ज्यादा खून का रिसाव होने के कारण आकाश की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।

## मुखिया ने निमार्णाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, मिली अनियमितता

**केतार(आजाद सिपाही)।** केतार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में भवन निर्माण विभाग मद से 33 लाख रुपये की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। मुकुंदपुर गांव के ग्रामीणों ने अनिमियतता की शिकायत मुखिया मूंगा साह से किया था। मुखिया ने सोमवार को निमार्णाधीन स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों का आरोप सही पाया। मुखिया ने बताया कि संवेदक कृपा शंकर जयसवाल के द्वारा मनमानी करते हुए जैसे तैसे कार्य पुरा कराया जा रहा है। मुखिया ने पाया की संवेदक द्वारा फर्श निर्माण,घटिया किस्म का टाइल्स,घटिया वायरिंग के उपकरण उपयोग किया जा रहा है। वहीं कमरा के दरवाजे भी पुरानी लगायी गयी है जो कभी भी क्षतिग्रस्त हो जायेगा। मुखिया मुंगा साह ने संवेदक कृपा शंकर जयसवाल को तीन दिन के भीतर कार्य में सुधार करने को कहा है अन्यथा इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की बात कही। इस मौके पर एएनएम सुलेखा कुमारी, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, धर्मजीत सिंह, राजकुमार सिंह, वीरेंद्र लाल, विजय डोम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बाइक दुर्घटना में ललित मिश्रा की मौत

**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मडवानिया पंचायत अंतर्गत मानदोहर निवासी सह दुर्गा मंदिर के पुजारी रामचंद्र मिश्रा के 52 वर्षीय पुत्र ललित मिश्रा का आकस्मिक निधन मोटरसाइकल दुर्घटना में हो गयी। खबर के अनुसार तीन दिन पूर्व अपने घर से मेराल जाने के क्रम में अज्ञात गाड़ी के चपेट से घायल हो गये थे। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के मदद से गढ़वा स्थित सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स में रेफर कर दिया गया। जिन्हे तीन दिन बाद सोमवार के अहले सुबह उनका मौत हो गयी। दुखद घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। जिन्हे स्थानीय सुखड़ा नदी में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने छठ महापर्व को लेकर सभी छठ घाटों का किया निरीक्षण



**मझिआंव(आजाद सिपाही)।** आगामी आने वाली लोक आस्था के छठ महापर्व के पावन अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी छठ घाटों को कार्यपालक पदाधिकारी ने किया निरीक्षण। वहीं छठ घाटों के निरीक्षण दौरान कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा कन्या अभियंता श्री संदीप कुमार को सभी छठ घाटों की समुचित साफ सफाई एवं मरम्मती, पेयजल और लाइट की व्यवस्था हेतु निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान सहायक के अनूप तिवारी, राकेश कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

# विवाद को नहीं सुलझा सके अधिकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में स्वागत द्वार विवाद सुलझाने पहुंचे प्रशासन नहीं निकला समाधान। बताते चलें कि धुरकी थाना छेत्र के बीरबल गांव मे आयोजित दुर्गा पूजा समारोह के समय से ही स्वागत द्वार को लेकर दो समुदायों के बीच नया विवाद खड़ा हो गया है।

इसकी जानकारी दशहरा पर्व के दो दिन पूर्व शांति व्यवस्था को देखते हुए बीरबल गांव पहुंचे तो इसकी जानकारी हुई। इसे देखे आनन फानन में सगमा बीडीओ सत्यम कुमार ने तत्काल पूजा समिति के साथ बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा प्रखंड प्रमुख अजय साहू जीप प्रतिनिधि नन्दगोपाल यादव तथा पूर्व मुखिया इशहाक अंसारी के साथ गण्यमान्य लोगो को अपने कार्यालय में बुलाकर शांति पूर्वक पर्व मनाए जाने पर सहमति पत्र लिखवाया था।

गौरतलब है कि बीरबल गांव में दुर्गा पूजा छठ पर्व को लेकर बीरबल चौराहा पर पूर्व से बने स्वगत द्वार को भगवा रंग से सजाया जाता रहा है मगर इस वर्ष मुस्लिम समुदाय के द्वारा एक दूसरे चौराहा पर हरे रंग का स्वागत द्वार निर्माण किया गया था इसपर दुर्गा पूजा समिति ने आपत्ति जताते हुए प्रशासन से मांग किया कि उक्त द्वार से हम लोगो को कोई आपत्ति नहीं है मगर द्वार छोटा होने के कारण मूर्ति विसर्जन की गाड़ी नहीं जा पायेगा। इसे देखते हुए इस द्वार को बड़ा कर दिया जाये, जिससे मूर्ति विसर्जन में कोई परेशानी न हो।

**इसी के बाद से विवाद चल रहा है :** इसी क्रम में सोमवार को श्री बंसीधर नगर एसडीएम रतन कुमार सिंह एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी बीडीओ सत्यम कुमार अपने दाल बल के साथ बीरबल गांव पहुँचकर दोनों पक्षो से बात कर मामले का समाधान निकालने का प्रयास किया मगर बात नहीं बनने पर दोनों पक्षों को दो नवम्बर को अनुमंडल कार्यलय बुलाकर समाधान निकालने की अपील किया है ।

# फुटबॉल टीम को खेल किट प्रदान किया गया



आजाद सिपाही संवादाता

**कांडी।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप के लिए कांडी पंचायत में बालिकाओं के फुटबॉल टीम को खेल किट प्रदान किया गया। इसमें ड्रेस, जूता, मोजा, नीकअप, इंकलेट आदि सभी सामान शामिल है। इस दौरान कांडी पंचायत की 16 फुटबॉल खिलाड़ी बालिकाओं को फुटबॉल किट प्रदान किया गया। प्रखंड स्थित कांडी पंचायत के विभिन्न गांवों में निवास करने वाली लड़कियों की फुटबॉल टीम को पंचायत समिति सदस्य ममता देवी एवं उनके प्रतिनिधि अनूप कुमार के प्रयास से फुटबॉल खेलने के लिए ड्रेस सहित सभी सामग्री प्रदान की गयी। इस संबंध में गढ़वा जिला फुटबाल संघ व एथलेटिक संघ से जुड़े हुए खेल और योग शिक्षक लक्ष्मण राम ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्य और खेलकूद मंत्रालय की तरफ से मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल क्लब के लिए गठित टीमों को खेल गतिविधियों के विकास के लिए ड्रेस आदि सभी सामान प्रदान किया जाता है। कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप के तहत फुटबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ होने वाला है। इस दौरान कांडी पंचायत की फुटबॉल खिलाड़ी रानी, शीला, श्वेता, ललिता, पिंकी, रिंकी, संध्या, शब्बा, कंचन, मनीषा, शब्या, तनु प्रिया, शशि कला, सालेहा, शाहीन और पुष्पांजलि सहित टीम की 16 सदस्यों को फुटबॉल किट प्रदान किया गया।


## कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

### -:आम सूचना:-

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 दिलीप सिंह
↓
पुश्पेन्दर कौर (पत्नी)
↓
सरवजीत सिंह (पुत्र) | सवनीत कौर (पुत्री) | नवजीत सिंह (पुत्र)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग।

PR 310170 (District) 23-24 (D)

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय, रामगढ़

Email Id- empexchrmg@gmail.com Phone No. 06545-351009

### आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के तहत राज्यान्तर्गत वैसे सभी प्रतिष्ठान जहाँ 10 या 10 से अधिक कार्यबल कार्यरत है, को झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना अनिवार्य है। इस अधिनियम के धारा 10 के अंतर्गत धारा 3 का उल्लघंन करने पर नियोंजकों को 25,000/– से 1,00,000/– रू0 तक का शास्ति (Penalty) का प्रावधान है एवं उल्लघंन जारी रहने के समय तक ऐसी और शास्ति (Penalty) जो प्रत्येक दिन के लिए 2,000/– रू0 तक बढ़ाई जा सकती है।

दिनांक 05.08.2023 को उपायुक्त–सह–अभिहित पदाधिकारी महोदय के द्वारा झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के तहत अपने प्रतिष्ठान/उपक्रम का निबंधन एवं 40,000/– (चालीस हजार) से अनधिक कुल वेतन, पारिश्रमिक या मेहनताना पाने वाले प्रत्येक कर्मचारी का अभिहित पोर्टल पर निबंधन नहीं कराने वाले नियोजको को नोटिस जारी किया गया था एवं नोटिस प्राप्ति के तीन दिनों के अन्दर जवाब मॉगा गया था, लेकिन निम्नांकित नियोजको ने ना तो इस अधिनियम के अंतर्गत निबंधन कराया है, और ना ही अपना पक्ष रखने के लिए उपायुक्त–सह–अभिहित पदाधिकारी महोदय के समक्ष उपस्थित हुए।

अतः निम्न नियोजको को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.11.2023 तक अपने प्रतिष्ठान/उपक्रम का निबंधन एवं प्रत्येक कर्मचारी का अभिहित पोर्टल पर निबंधन ऑनलाईन पॉटल (http://jharniyojan.jharkhand.gov.in/) पर स्वतः या जिला नियोजनालय, रामगढ़ कार्यालय के माध्यम से करना सुनिश्चित करें।

**प्रतिष्ठानों की सूची**

| क्र0सं0 | प्रतिष्ठान/उपक्रम का नाम | नोटिस संख्या |
|---|---|---|
| 01 | Sri Alankar Jewelers & Sons, Ramgarh | 514/2023 |
| 02 | Narayani Seva Sadan, Ramgarh | 510/2023 |
| 03 | Ramgarh Calcination Works, Ramgarh | 506/2023 |
| 04 | M/s Gola Mineral Industries, Ramgarh | 504/2023 |
| 05 | Classic Engicon Pvt. Ltd, Ramgarh | 503/2023 |
| 06 | Atharva Cement, Ramgarh | 502/2023 |
| 07 | Bajaj Allianz, Main Road, Ramgarh | 500/2023 |
| 08 | Star Health Insurance, Ramgarh | 499/2023 |
| 09 | M/s Kohinoor Ispat Pvt. Ltd. Ramgarh | 498/2023 |
| 10 | Jana Small Finance Bank, Ramgarh | 496/2023 |
| 11 | Capri Hospitality Services Pvt Ltd., Ramgarh | 479/2023 |
| 12 | Hayagrev Civil Engineering Pvt Ltd., Ramgarh | 476/2023 |
| 13 | M/S Balashri Metals Pvt Ltd, Kujju, Ramgarh | 473/2023 |
| 14 | M/S S.K. Saha, Ghatotand, Ramgarh | 465/2023 |
| 15 | Pali Hills Breweries Private Limited, Ramgarh | 457/2023 |
| 16 | S & K Construction, Ghatotand, Ramgarh | 453/2023 |
| 17 | Sri Venkatesh Iron And Alloys (India) Limited, B hadani Nagar, Ramgarh | 450/2023 |

दिनांक 10.11.2023 तक अपने प्रतिष्ठान/उपक्रम का निबंधन एवं प्रत्येक कर्मचारी का अभिहित पोर्टल पर निबंधन नहीं कराने वाले नियोजकों पर नियोजन अधिनियम 2021 के धारा– 10 के अंतर्गत अधिकतम शास्ति 1,00,000/– रू0 मात्र अधिरोपित की जायेगी।

ह0/–
जिला नियोजन पदाधिकारी
रामगढ़

PR 310205 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)


## पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता रामचंद्र केसरी ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को लिखा पत्र

# सगमा प्रखंड के बीडीओ और प्रखंड प्रमुख पर जनता को ठगने और उनकी राशि को हड़पने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता रामचंद्र केसरी ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सगमा प्रखंड के बीडीओ सत्यम कुमार और प्रखंड प्रमुख अजय साह पर जनता को ठगने और उनकी राशि को हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। अपने लिखे पत्र के माध्यम से रामचंद्र केसरी ने कहा है कि सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साह और प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यम कुमार दोनों ने मिलकर प्रखंड की जनता को लूट रहे हैं तथा आम जनता के नाम से राशि ठगने में दोनों लगे हैं जिसका कई प्रमाण मौजूद है। उन्होंने मुख्य सचिव करते हुए कहा कि सगमा प्रखंड प्रमुख का एक पत्र उसके साथ 38 लोगों का पशु सेड की कोडिंग दो पनने में आवेदन का कुल तीन पनने का पत्र और 13 पनने में प्रमुख द्वारा 11 खाता धारों का अपना अंगूठा लगाकर फर्जी निकासी करने का स्टेटमेंट प्रमाण के रूप में संलग्न है। वह दोनों बिंदुओं पर गहन जांच कर कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर जेल भेजने तथा गरीबों से ठगी गई राशि और फर्जी तरीके से निकल गयी राशि सूद के साथ वापस करने की बात कही है। श्री केसरी ने बताया कि सगमा वीडियो पर पूर्व में भी कई गंभीर आरोप लग लगाये गये हैं परंतु जिले के पदाधिकारी और सरकार के द्वारा उनपर पर उचित कार्रवाई नहीं करने से बीडीओ का मन बढ़ गया है। प्रखंड प्रमुख अजय साह वीडियो के साथ मिलकर लूट मचाई हुए हैं जिससे यहां की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। उन्होंने बताया कि फजी तरीके से निकासी की गयी। व्यक्तियों में आबिद अंसारी 3500, जुमेतुन बीबी 1000, जुमेतुन बीवी का 2000, प्रमिला देवी 4500, पानपति देवी 2000, रामवृक्ष उरांव 3500, मोहम्मद हुसैन 3500, सद्दाम हुसैन 3500, सभी बैलिया जबकि सविता देवी 3500 शामली देवी 3500, सभी मकरी कुंती देवी 3500, हाफिज अंसारी 2000, हाफिज अंसारी 2000, बैलिया की राशि फर्जी तरीके से निकाली गयी है। उन्होंने मुख्य सचिव झारखंड सरकार से अविलंब इस पर कार्रवाई करने की बात कही है। साथ उन्होंने बताया कि प्रखंड प्रमुख अजय शाह द्वारा ग्रामीणों से सेड के नाम पर लाखों की ठगी करने का आरोप लगाया है।

## भंडरा में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

भंडरा /लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा प्रखंड में अवैध बालू की रोकथाम को लेकर भंडरा पुलिस प्रशासन सजग हो गया है। साथ ही छापेमारी अभियान कर अवैध बालू की रोकथाम को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान सोमवार को भंडरा-सिसई मुख्य पथ जहांगीर मोड़ पलमी के समीप सिसई की ओर से अवैध बालू लेकर आ रही ट्रैक्टर को पकड़ कर खनन विभाग को सौंप दिया है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि भंडरा थाना पुलिस द्वारा गस्त के दौरान जहांगीर मोड़ के समीप बिना चालान का अवैध बालू लोड व बिना नम्बर के ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। हालांकि मौके से चालक फरार होने में सफल रहा। साथ ही उन्होंने बताया की अवैध बालू लोड ट्रैक्टर में एक सौ सीएफटी बालू लोड है। इसकी सूचना सीओ दिनेश प्रसाद गुप्त व खनन विभाग को देते हुए कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## स्मॉल माइक्रो लिमिटेड कर्मी से लूट मामले में शामिल एक अपराधी गिरफ्तार



कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू थाना क्षेत्र के उमरी पुल के समीप स्मॉल माइक्रो लिमिटेड के फील्ड अफसर से अज्ञात अपराधियों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में पीड़ित के बयान पर कुडू थाना कांड संख्या 32/22 धारा 382/356 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान कर रही थी। इसी क्रम में कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम को सफलता मिली। इस घटना में शामिल एक अपराधी कुडू थाना क्षेत्र के सिंजो गांव निवासी शाहबाज अंसारी 20 वर्ष पिता शहबान अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। साथ ही वादी का टैब, भी बरामद किया है। बताते चलें कि 28 मार्च 2022 को कुडू थाना क्षेत्र के सिंजो पुल के समीप लाल रंग के टीवीएस अपाचे बाइक में सवार तीन अपराधियों द्वारा स्मॉल माइक्रो लिमिटेड के फील्ड अफसर से 52272 रु नकद और टैब लूट लिया गया था।

## डिग्री कॉलेज शुरू नहीं होने से क्षेत्र की जनता में है रोष व्याप्त : राजकुमार प्रसाद



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार में डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर सोमवार को आजसू कार्यालय लातेहार में लातेहार प्रखंड के उपप्रमुख सहित सभी पंचायत समिति सदस्यों ने जिलाध्यक्ष को अपना समर्थन देते हुए कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कॉलेज के शुरू होने तक लड़ाई लड़ेंगे। जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि डिग्री कॉलेज का शुरू नही होना लातेहार के आमजन के साथ धोखा है जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिलने से लड़ाई में बल मिला है जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र कि जनता के दुख को देखते हुए अपना समर्थन देकर अपनी जवाबदेही सुनिश्चित कि है। कार्यक्रम 2 नवंबर को बाजारटांड़ से रैली के माध्यम से समाहरणालय परिसर पहुच कर जनसभा में तब्दील हो जायेगी। मौके पर संयुक्त रूप से आमजन को इस अभियान में भाग लेने की अपील की गयी। मौके पे जिला अध्यक्ष अमित पांडेय जिला प्रवक्ता नितेश पांडेय उपप्रमुख राजकुमार प्रसाद पंचायत समिति सदस्य कर्मदेव सिंह पुनीत भुइया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अंग्रेज खान बने राजद के पंचायत अध्यक्ष

चंदवा (आजाद सिपाही)। रविवार को राजद की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुआ। घरून रसिद की अध्यक्षता में चकला पंचायत के अध्यक्ष को लेकर चर्चा हुआ। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से चकला पंचायत अध्यक्ष के रूप में अंग्रेज खान का चयन किया गया। साथ ही सचिव पद के लिए अनिल लोहरा को चुना गया साथ ही कोषाअध्यक्ष- झमेंद्र यादव को चुना गया। उन्हें एक महिना के भीतर पंचायत स्तर की कमिटी का निर्माण करने का लक्ष्य दिया गया।

## डॉ अभिषेक कुमार की पदयात्रा का कारवां 20वें दिन बरवाडीह पहुंचा



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। रांची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा और चतरा लोकसभा सीट से निर्दलीय दावेदारी करने वाले डॉ अभिषेक कुमार के पदयात्रा का कारवां 20 वें दिन सोमवार को बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय पहुंचा।जहा उन्होंने बस स्टैंड के अंबेडकर चौक से लोगों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाने का काम किया और लोकसभा सीट से अपने आप को मजबूत दावेदार बताते हुए अपनी उपलब्धियां और लक्ष्य को बताने का काम किया। बस स्टैंड से लेकर बाजार के बीच लोगों से मुलाकात करते हुए अपने पक्ष में समर्थन की अपील की। उनके द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में पूरे छात्र लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ झारखंड के कई जिलों में मेडिकल कैंप लगाने के साथ-साथ युवाओं को मोटिवेट करने का भी काम किया गया है। साथ हीं चुनाव लड़ने का मुख्य उद्देश्य क्योंकि लगभग जितने भी सांसद मिले उन्होंने सिर्फ अपने निजी स्वार्थ के लिए काम किया और क्षेत्र के हित में आज तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया जो चतरा लोकसभा के लिए बड़ा दुर्भाग्य है।

## अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बालू के अवैध खनन के खिलाफ सेन्हा थाना पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी हुई है। पुलिस द्वारा अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई से बालू माफियाओं में दहशत है। चितरी डांडू पथ से एक महिंद्रा ट्रैक्टर तथा मेढ़ो कोयल नदी तट से तीन ट्रैक्टर जिसमें एक महिंद्रा और दो स्वराज ट्रैक्टर को अवैध बालू के साथ सेन्हा थाना पुलिस द्वारा जब्त कर थाना लाया गया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि उन्हें अवैध बालू के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है। साथ ही कहा कि अवैध बालू कारोबार के खिलाफ यह कार्रवाई जारी रहेगा। मौके पर एस आई कुलदीप राम दल बल के साथ मौजूद थे।

## जल और मृदा संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर प्रयास की जरूरत : रीना कुमारी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नगर भवन, सदर प्रखंड, लोहरदगा परिसर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना डब्ल्यूडीसी 2.0 अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला और क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन जलछाजन प्रकोष्ठ-सह-आंकड़ा केंद्र (डब्ल्यूसीडीसी) लोहरदगा द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष पांडेय, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक- डॉ रंजन, जेटीडीसी के वित्त एवं प्रशासनिक पदाधिकरी मनींद्र तिवारी और अन्य पदाधिकारी कृष्णा राम मांझी, डब्ल्यूसीडीसी लोहरदगा के जिला तकनीकी विशेषज्ञ प्रिंस कुमार उपस्थित रहे। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जिला में जल संरक्षण और मृदा संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर प्रयास किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत अनिमा एक्का को मुर्गी पालन, सबा खातून को बकरी पालन, मंगलेश्वर उरांव को सोलर पंप सेट के समुचित उपयोग, मुस्तान खान को मिर्च की खेती, मैरातून बीबी को गाय पालन, दीपक उरांव को अरदेन चेक डैम के निर्माण में सहयोग और रोहित उरांव को सरसों की खेती में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

### घटना की जानकारी पाकर डीसी, एसडीओ पहुंचे सदर अस्पताल

# स्कूल बस की चपेट में आकर उपायुक्त के बॉडीगार्ड की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में स्कूल बस ने लोहरदगा जिला पुलिस बल के जवान और उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण के बॉडीगार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बॉडीगार्ड की मौके पर ही मौत हो गयी। यह घटना सोमवार सुबह की है। 45 वर्षीय मानयुस किंडो सुबह अपने बुलेट पर सवार होकर ड्यूटी पर समाहरणालय जा रहे थे। तभी शहर के पावरगंज चौक के समीप लिवेन्स स्कूल की बस ने बॉडीगार्ड की मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। आनंद-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा बॉडीगार्ड को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के पुंटो तिलसरी निवासी मरियानुष किंडो के रूप में हुई है। मरियानुष लोहरदगा शहर के मधुबन आनंदपुर मिशन कंपाउंड में अपनी पत्नी, एक 12 साल की बेटी और 3 साल के बेटा के साथ रह रहे थे। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस ने स्कूल बस को अपनी कब्जे में ले लिया है। हालांकि स्कूल बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सिविल एसडीओ अमित कुमार सहित कई वरीय अधिकारी लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचे। जहां काफी संख्या में पुलिसकर्मी समाज के विभिन्न वर्ग के लोग और मृत पुलिसकर्मी के परिजन मौजूद थे। अधिकारियों ने परिजनों को सांत्वना दी। सिविल एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि सड़क हादसे में उपायुक्त के बॉडीगार्ड की मौत हो गयी है। इस मामले की पूरी जांच और कानूनी कार्रवाई होगी साथ ही वरीय अधिकारियों से परामर्श कर लोहरदगा में सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाया जायेगा।

## डीसी के बॉडीगार्ड को दी गयी श्रद्धांजलि



लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के अंगरक्षक मरियानुस किंडो की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। न्यु पुलिस लाईन, लोहरदगा में उन्हें जिला पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और पदाधिकारियों व सहकर्मियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा मृतक के परिवार को दाह-संस्कार की राशि चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। तदोपरांत मृतक के अंतिम संस्कार के लिए शव को गुमला जिला के लुदगो ग्राम भेजा गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसबल उपस्थित थे।

# लोहरदगा में नौ बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

**शहरी क्षेत्र से बाइक चोरी कर दूसरे जगहों में बेचा करता था , पुलिस की विशेष टीम ने किया गिरफ्तार**




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो अपराधियों को चोरी की 09 बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान किताबुल अंसारी पे० हानिफ अंसारी ग्राम जुरिया थाना लोहरदगा व इरफान अंसारी पे० सनीफ अंसारी, ग्राम फुसरा टांड़ थाना माण्डर जिला-रांची के रूप में किया गया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की नौ बाइक को बरामद किया है। इस संदर्भ में सोमवार को पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें मिली गुप्त सुचना पर हुई कार्रवाई में दो चोर गिरफ्तार हुए है। उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के ग्राम जुरिया निवासी किताबुल अंसारी लोहरदगा शहरी क्षेत्र से मोटरसाईकिल चोरी कर बाहर ले जाकर बेचता है। जो अपने घर में चोरी का कुछ मोटरसाईकिल रखा है। इस सुचना पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लोहरदगा अनिल उरॉव के नेतृत्व में लोहरदगा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारीयों को शामिल करते हुए एक छापामारी दल का गठन किया गया था। जिनके द्वारा जुरिया निवासी किताबुल अंसारी के घर में छापामारी कर कुल पांच मोटरसाईकिल बरामद किया गया। वही किताबुल अंसारी के निशानदेही पर उसके साथी इरफान अंसारी के घर में भी छापामारी कर चार मोटरसाईकिल अलग-अलग स्थानों से चोरी किया हुआ बरामद किया गया है। बरामद सभी मोटरसाईकिल हिरो होंडा कंपनी के ग्लैमर, स्प्लेंडर, पैसन प्रो तथा बबाज कंपनी का सीडी डिल्कस, पल्सर और अपाची है। वही सनीफ अंसारी की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी अनिल उरांव लोहरदगा थाना, पुअनि हरिऔध करमाली, सुरज प्रसाद, संतोश कुमार यादव, संजय कुमार, संजय कुमार, रविंद्र बैठा, भरत रजक, रामकुमार टाना भगत समेत अन्य शामिल थे।

# बालूमाथ में सीओ ने तबादले के बाद म्यूटेशन कर रसीद काटी, जांच होः प्रतुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर झारखंड सरकार के मुख्य सचिव से आग्रह किया कि वे बालूमाथ के निवर्तमान सीओ आफताब आलम के स्थानांतरण होने के तीन दिन बाद तक उनके कार्यालय से रात दिन म्यूटेशन व ऑनलाइन रसीद काटने के गंभीर आरोप की उच्च स्तरीय जांच कराएं। प्रतुल ने कहा कि सोशल मीडिया में स्थानांतरित सीओ के कार्यालय के बाहर रविवार को भी मेले जैसी स्थिति वाली तस्वीर वायरल है और इस आशय का समाचार स्थानीय समाचार पत्रों में भी छपा है।

प्रतुल ने कहा कि जानकार बताते हैं कि किसी अंचल अधिकारी का ट्रांसफर हो जाने के बाद वह अपने डोंगल से कोई कार्य नहीं कर सकता। तो फिर ट्रांसफर होने के बाद किस स्थिति में निवर्तमान सीओ कार्य करते रहे। प्रतुल ने मुख्य सचिव से आग्रह किया कि बालूमाथ के पूर्व सी ओ आफताब आलम के कार्यालय से उनके ट्रांसफर होने के आदेश के निकलने के बाद से जितने भी रसीद कटे है या म्यूटेशन हुए हैं, सब पर रोक लगे। पूर्व सीओ पर लगे आरोपों की उच्च स्तरीय जांच भी हो।

## ट्रेन डकैती मामले में पांच साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। ट्रेन डकैती के मास्टरमाइंड व पांच साल से फरार वारंटी धर्मेंद्र सिंह को छिपादोहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि टोरी- बरवाडीह रेल खंड के कुमण्डी- हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन के बीच 19 97 में हुई ट्रेन डकैती हुई थी जिसमे धर्मेंद्र सिंह शामिल था। गिरफ्तार धर्मेंद्र सिंह पर न्यायालय से दो वारंट निर्गत किया गया था। न्यायालय के आदेश के अनुसार धर्मेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वह छिपादोहर थाना क्षेत्र के गुवा गांव का रहने वाला है।

## पत्नी ने पति को पत्थर से कूच कर उतारा मौत के घाट



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सोमवार को जिले के कैरो थाना क्षेत्र के खरता गांव में एक दिल दहला देने वाला मामला प्रकाश में आया है। जहां पत्नी ने पति को पत्थर से कूच कूच कर मौत की घाट उतार डाला। मृतक प्रदीप उरांव की तीन पत्नियां थी। अभी मौजूदा समय मे दो पत्नी को अपने साथ रांची में रखता था। वो गांव जतरा देखने के लिए आया था। इसी दौरान घटना को अंजाम देकर पत्नी फरार हो गयी। सूचना मिलने के बाद कैरो थाना अध्यक्ष संखनाथ उरांव, सब इंस्पेक्टर ऋषिकांत कुमार शर्मा असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर संजय कुमार राय दल घटना स्थल पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया। इस बीच पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

## पंचमुखी मंदिर मैदान में 10 दिवसीय रामलीला कार्यक्रम की हुई शुरुआत



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के बाजार के पंचमुखी दुर्गा पूजा समिति के द्वारा मंदिर मैदान में विंध्याचल से रामलीला नाटक मंडली के माध्यम से 10 दिवसीय रामलीला कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। रामलीला कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, यूथ विजय बहादुर सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज रेखा पाठक संयुक्त रूप से किया गया। अतिथियों को आयोजन समिति के द्वारा अंग वस्त्र भेंट करके सम्मानित करने के साथ-साथ रामलीला की परंपरा के अनुसार भगवान की आरती भी करायी गयी। मौके पर मौजूद जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि आज हमारे सनातन संस्कृति की खूबसूरती और इसलिए इस तरह के आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के साथ-साथ अपने घर के बच्चों को रामायण महाभारत और भागवत कथा जैसे पुराणों की शिक्षा देनी चाहिए. मौके पर राजदीप रिक्की, कांग्रेस के नेता अजीत गुप्ता, आलोक कुमार सिंह संजय यादव, अमन, उज्जवल, सोनू पासवान लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। रविवार की रात प्रखंड मुख्यालय के कन्या विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संघ के जिला कार्यवाह सतेंद्र प्रसाद और सह कार्यवाह कमलेश कुमार सिंह, जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर साथ-साथ समेत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े सदस्य और अधिकारियों ने शिरकत की। मौके पर उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल अमरेंद्र कुमार सिंह अमित राज सिंह, नवल प्रसाद, चंद्रशेखर, चाचू विजय पप्पू, रविकांत रवि, मनोज, दीपेश, सोनू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बनहर्दी कोयला खनन परियोजना स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक हुई

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार के चंदवा प्रखंड के बनहरदी कोयला खनन परियोजना की प्रारंभिक परियोजना स्तरीय पुनर्वास व पुनर्स्थापना समिति की बैठक उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।बैठक में भूमि अर्जन अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुरूप पुनर्वास व पुनर्व्यवस्थापन के संबंध में चर्चा की गयी। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा आवश्यक सुझाव भी दिये गये। बताया गया कि प्रभावित परिवारों को मकान से वंचित होने की स्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत न्यूनतम 50 वर्गमीटर का निर्मित मकान उपलब्ध कराया जायेगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर , विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जेएमएम जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, परियोजना प्रस्तावक राजीव रंजन अपर महाप्रबंधक बनहरदी कोयला खनन परियोजना एम चंद्रसेगर, अपर महाप्रबंधक खनन, आरबी सिंह प्रबंधन खनन, सिद्धार्थ शंकर उप महाप्रबंधक खनन, अमरेश चंद्र राहुल उप महाप्रबंधक खनन, महापात्र प्रबंधक खनन और ग्राम प्रधान और कमेटी के अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

## कुएं से मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

कुडू - लोहरदगा(आजाद सिपाही)। कुडू थाना क्षेत्र के बढकी चापी पंचायत अंतर्गत होटवार गांव के एक कुंवे से पुलिस ने एक सड़ा गला शव बरामद किया है। शव की पहचान किसको थाना क्षेत्र के हुटाप नाथपुर गांव निवासी लोकनाथ उरांव 45 पिता लक्षु उरांव के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे एसआई प्रेम प्रकाश और लवकुश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है।

## चोंगारी पहाड़ जतरा हर्षोल्लाष के साथ संपन्न



कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 30 अक्टूबर सोमवार को सढाबे पंचायत के बक्शी गांव मे एतेहासिक चोंगहारी पहाड़ जतरा हर्षोल्लाष के साथ संपन्न हो गया। नीरू शांति भगत ने कहा कि जतरा हम झारखंडियों की पहचान है, जब हमारे बीच पूर्व विधायक कमल किशोर भगत थे, उनका संकल्प था की लोहरदगा में जितने भी पर्यटन स्थल के रूप क्षेत्र है उनके पर्यटन में बढ़ावा देना,उसी सपने को लेकर मैं इस पहाड़ ऐतिहासिक जतरा को और जतरा स्थान को पर्यटन के रूप में अवतरित करूंगी।

# हेंजला और चंदलासो के ग्रामीणों ने कुडू अंचल कार्यालय का किया घेराव

**आज के आज अतिक्रमण हटाने की मांग पर अड़े थे ग्रामीण, काफी समझाने के बाद माने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा।** हेंजला में जितिया मेला टांड और ग्राम चन्दलासो में दशहरा मेला की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर सोमवार को सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण अंचल कार्यालय पहुंचे और प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन करने वालों में महिलाएं भी शामिल थी। ग्रामीणों की मांग थी कि दोनों गांव में कुछ लोगों द्वारा मेले की जमीन पर अवैध कब्जा कर किये गये निर्माण को हटाया जाये। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में कुडू सीओ को आवेदन भी दिया गया है लेकिन बीते 27 अक्टूबर को हटाने की बात होने के बावजूद भी कुछ लोगों का अतिक्रमण अभी तक नही हटाया गया है। अंचल कार्यालय मुख्य द्वार को जाम करने की सूचना पर बीडीओ प्रवेश कुमार साव, थाना प्रभारी विश्वजित कुमार सिंह और भारी संख्या में पुलिस बल प्रखंड मुख्यालय पहुंचा। आजसू के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने भी ग्रामीणों को समझाने की पहल की। लेकिन ग्रामीन अड़े रहे। अधिकारियों द्वारा काफी समझने और कानूनी तरीके से अपनी मांग रखने की बात समझाने के बाद ग्रामीण माने और मुख्य द्वार से हटे। धरने पर बैठे लोगों में धनेस्वर, रामचंद्र, मुरारी, मुन्ना, तेजपाल, बबलू, बादल, राहुल, नंदकिशोर राम, बिनोद, पचू, वार्ड सदस्य राम, मनोज, अनिल, सुरेश मुंडा सहित सैकड़ों महिला पुरुष शमिल थे।

## सीओ ने सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर एफआइआर की दी चेतावनी



**कुडू।** आवास से कार्यालय पहुचे सीओ प्रवीण कुमार सिंह मुख्य द्वार पर बैठ रास्ता रोकने पर भड़क गये। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी बाते है कानूनी तरीके से करें 24 घंटा प्रशासन आपके सहयोग के लिए खड़ा है। लेकिन इस तरह मुख्य द्वार पर बैठ कर दबाव बनाकर और नाजायज ढंग से मजमा लगाकर काम कराने की मंशा रखने वाले और सरकारी कार्य मे बाधा डालने वाले लोगों को बर्दाश्त नही किया जाएगा उन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने बताया कि फिलहाल किसी प्रकार की कोई लिखित सूचना ग्रामीणों द्वारा प्राप्त नही हुई है। चंदलासो ग्राम में कुछ लोगों के बहकावे में आकर ग्रामीण भुइंहरी - पहनई जमीन पर मेला लगाना चाहते हैं। जो नियम संगत नही है। जबकि हेंजला में पिछले माह अतिक्रमण हटाया गया था दुर्गा पूजा को लेकर नोटिस नही जा पाया था। छूटे हुए दो लोगों को भी नोटिस भेजा गया है। जल्द ही सभी अतिक्रमण हटाये जायेंगे।

ज्ञात हो कि मौजा हेंजला स्थित जितिया मेला स्थल की मापी से संबंधित आवेदन प्राप्त होने के बाद मापी प्रतिवेदन के आधार पर खाता संख्या 200 प्लॉट संख्या 642, 643 रकबा क्रमशः 0.83 ए. और 0.18 ए. भूमि पर हेंजला गांव निवासी बबलु महतो पिता राम लाल महतो, अमरदीप तिवारी पिता श्यामसुंदर तिवारी, अनिरुद्ध महतो पिता मुरारी महतो और राम कुमार साहू पिता राम सिंहासन साहु द्वारा अतिक्रमण कर अवैध रूप से मकान और होटल का निर्माण किया गया था।

सभी अतिक्रमणकर्ता को कागजात प्रस्तुत करने हेतु 16 जनवरी को नोटिस निर्गत किया गया नोटिस के आलोक में 16 फरवरी को सभी अतिक्रमणकर्ता अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित हुए परन्तु उनके द्वारा अपने पक्ष में किसी प्रकार का राजस्व दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद अधिनियम की धारा 6 (1) (e) के अन्तर्गत अंतिम आदेश पारित करते हुये 30 सितंबर को अतिक्रमण हटाया गया था।

### विधायक ने कुल 15 करोड़ 60 लाख की चार योजनाओं का किया शिलान्यास

# हेमंत सरकार गांव और लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : जिग्गा

**पुर्व की भाजपा सरकार शहरी क्षेत्रों को सजाने-संवारने का काम करती थी।**

आजाद सिपाही संवाददाता





**सिसई।** विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने सोमवार को बर्री गांव के समीप दक्षिण कोयल नदी में साढ़े आठ करोड़ की लागत से बनने वाला हाई लेबल पुल सहित कुल 15 करोड़ 60 लाख की लागत से बनने वाले चार योजनाओं का शिलान्यास किया। योजनाओं में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल गुमला द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत बर्री गांव के समीप दक्षिण कोयल नदी में साढ़े आठ करोड़ की लागत से हाई लेबल पुल, प्रखंड मुख्यालय में छह करोड़ की लागत से बनने वाला बीडीओ, सीओ, पर्यवेक्षक, व तृतीय चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण, जिला परिषद गुमला के द्वारा लरंगो टंगरा टोली गांव में पचपन लाख पचास हजार व लोहंजरा गांव में पचपन लाख पचास हजार की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य उपकेन्द्र निर्माण शामिल हैं। विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड की सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास की कार्य कर रही है। आज उद्घाटन किए गये चारों योजना कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण है। उन सभी योजनाओं को कई साल पूर्व ही बन जाना चाहिए था। पूर्व की भाजपा सरकार शहरों को सवारने सजाने का काम करती थी, पर हेमंत सरकार गांव और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। गांव के लोगों को भी सभी सुविधा मिलनी जरूरी है। बर्री के समीप कोयल नदी में पुल बनने से सिसई प्रखंड व घाघरा प्रखण्ड के लाखों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। पुल नहीं होने से सिसई व पुसो थाना क्षेत्र और घाघरा के पूर्वी भाग के लाखों लोगो को आवागमन के लिए 15 से 20 किलोमीटर घूमकर सफर तय करना पड़ता था। विशेष कर बरसात के दिनों में लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। वहीं लरंगो व लोहंजरा जैसे सुदूरवर्ती गावों में स्वास्थ्य सुविधा बहाल होने से लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

मौके पर विधायक ने जेई व संवेदक को गुणवत्ता पूर्वक कर समय से विभाग को हैंडओव करने का निर्देश दिया।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, प्रमुख मीना देवी, उप प्रमुख नीलेश उरांव, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, शशिकांत साहु, छक्कन लाल राय, बासुदेव उरांव, गन्दूर उरांव, दीपक साहु, दिलीप साहु, कृष्णा उरांव, मनोज टोप्पो, गौरीनाथ भगत, राजा अंसारी, अफरोज अंसारी, जाकिर अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आदिम जनजाति बहुल सुदूरवर्ती दुर्गम डोकापाठ गांव पहुंचे डीसी

## बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है डोकापाठ के आदिम जनजाति

**25 लोगों का राशन कार्ड और 10 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।**

**ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में बकाया मजदूरी की भुगतान करने की मांग की।**

**जमीन पर बैठकर सुनी लोगों की समस्याएं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सोमवार को जिला मुख्यालय से 75 किलोमीटर दूर आदिम जनजाति बहुल चैनपुर प्रखंड के सुदूर एवं दुर्गम पहाड़ियों पर बसे डोका पाठ गांव पहुंचे। यहां वे कई सालों से पहाड़ पर निवास कर रहे आदिम जनजाति के लोगों संग जमीन में बैठ कर संवाद कर उनकी जरूरतों व समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान स्थनीय ग्रामीणों ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के समक्ष पीएम आवास, अंबेडकरआवास, पानी, बिजली, पेंशन, शिक्षा, राशन, आंगन वाड़ी, सड़क, रोजगार आदि से संबंधित समस्याओं को रखा। इस दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त से सितंबर माह का राशन नहीं मिलने की शिकायत की जिस पर उपायुक्त ने चैनपुर बीडीओ को तत्काल सितंबर माह का राशन लाभुकों को वितरण करवाने का निर्देश दिया। वही ग्रामीणों के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में बकाया मजदूरी की भुगतान करने की मांग की। ग्रामीणों ने पाठ क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षक के नदारत रहाने की भी शिकायत की है जिस पर उपायुक्त ने कहा कि वैसे शिक्षकों पर ग्रामीण भी नजर रखें उन पर कार्रवाई की जायेगी। ग्रामीण निकोलस असुर ने कहा कि चाकडीपा गांव में स्कूल का भवन बनकर तैयार है स्कूल को जल्द चालू करवा दे ताकि हमारे बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण कर सके। वही जयमंती असुर ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था यहां का ठीक नहीं है गर्भवती महिलाओं को ले जाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाती है फोन करने के बाद भी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पता है जिसके कारण आदिम जनजातियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही जल मीनार खराब रहने के कारण गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है। वही पोलिकार असुर ने कहा कि आदिम जनजाति बहुल इलाके में पिछले 1 वर्ष से बिजली नहीं है जिसके कारण यहां के लोग ढिबरी युग में जीने को विवस है। गांव में बिजली का खंबा एवं तार तो लगाया गया है पर बिजली का पता नहीं है। यूजीन असुर अन्ना असुर सहित कई लोगों ने कहा कि चैनपुर से डोकापाठ गांव तक सड़क काफी जर्जर है जिसके कारण चैनपुर मुख्यालय तक आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि यथाशीघ्र सड़क का निर्माण हो ताकि इस क्षेत्र में निवास कर रहे हैं लोगों को आवागमन में परेशानी न झेलना पड़े। इस दौरान ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि जिला प्रशासन आपके दुख सुख का सहयोगी है आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें प्रशासन आपको हर संभव मदद करेगी आप लोगों के द्वारा जो जो समस्याएं हमारे समक्ष रखी गई है उन समस्याओं का निराकरण जल्द किया जायेगा। सरकार आदिम जनजातियों के उत्थान के लिए कई जन कल्याणकारी योजना संचालित कर रही है इस योजना का आप लाभ उठाएं आप अपने अधिकार के प्रति जागरूक हैं और योजना का भरपूर लाभ लें।

इधर उपायुक्त के डोका पाठ गांव पहुंचने पर लोगों में खासा उत्साह देखा गया उपायुक्त का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया पारंपरिक आदिवासी रीति रिवाज से बने माला वह टोपी पहनकर स्वागत किया गया। प्रखंड प्रशासन के द्वारा राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर कैंप लगाया गया था जिसमें 25 लोगों का राशन कार्ड व 10 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

# चिकित्सक की लापरवाही के कारण गर्भ में हुई शिशु की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**परिजनों ने सदर अस्पताल में किया हंगामा**



**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला में चिकित्सक की लापरवाही के कारण एक मां के गर्भ में नवजात की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर परिजनों ने सोमवार को जमकर हंगामा किया। परिजनों ने चिकित्सक व नर्सो पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। लगभग एक घंटे हंगामे के बाद परिजन डीएस से मिलकर मामले की जांच की मांग की है। डीएस द्वारा जांच करने के आश्वासन के बाद परिजन माने। जानकारी के अनुसार टोटो निवासी रंजीत की पत्नी रजनी गुप्ता को उसके परिजनों ने रविवार की सुबह 10 बजे सदर अस्पताल में प्रसव के लिए भरती कराया था। उस समय प्रसव कक्ष में महिला चिकित्सक डॉ जमुना की डयूटी थी। प्रसव कक्ष में भरती करने के काफी देर बाद भी नार्मल प्रसव नहीं होने परिजनों ने चिकित्सक व नर्सो से सिजेरियर ऑपरेशन करने की बातें कहीं। लेकिन नर्सो व चिकित्सक द्वारा नार्मल प्रसव होने की बात कहते हुए उसका ऑपरेशन नहीं किया गया। जिस कारण सोमवार को उसके गर्भ में ही बच्चे की मौत हो गयी।

**चिकित्सक और नर्सों की लापरवाही से शिशु की हुई गर्भ में मौत : मां**

इस संबंध में पीड़िता की मां पूनम देवी ने कहा कि रजनी को प्रसव पीड़ा होने के बाद उसे सदर अस्पताल में भरती कराया गया था लेकिन यहां चिकित्सक न तो जांच कर कुछ बतायी ना ही हमलोगों द्वारा ऑपरेशन करने कहने पर भी ऑपरेशन नहीं की। जिस कारण गर्भ में बच्चे की मौत हो गयी। इसकी सारी जवाबदेही चिकित्सक व नर्सो की है।

**जांच कर कार्रवाई की जायेगी : डीएस**

इस संबंध में डीएस डॉ अनुपम किशोर ने कहा कि परिजनों द्वारा इलाज में चिकित्सक व नर्सो की लापरवाही की शिकायत की गयी है। मै मामले की जांच कर रहा हूं। जांच में जो दोषी पाए जायेंगे। उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# दो बाइक की टक्कर में चार लोग घायल


आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** दो बाइक में सीधी टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में भदौली निवासी देवा सिंह, डुडिया निवासी अनिल नाथकर और डोंबा निवासी अजय महतो, भदौली मेन रोड़ निवासी पप्पू उर्फ जितेन्द्र वर्मा शामिल हैं। घटना सोमवार शाम छह बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवा सिंह व अजय महतो टीभीएस रौनिन बाइक जे एच 01एफ डी 0445 से सिसई से एच महुआडीपा की ओर काफी तेज रफ्तार से जा रहे थे, इसी दौरान मेन रोड़ चेकनाका के पास हीरो पैशन प्रो बाइक जे एच 01सी एन 4890 बाइक से सिसई की ओर आ रहे पप्पू व अनिल पंडित को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक में सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं दोनों बाईक के परखच्चे उड़ गये। स्थानीय लोगों ने चारों को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां गंभीर हालत को देखते हुए पप्पू, अनिल व देवा की गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल रिम्स रेफर कर दिया गया। दोनों बाइक सवार किसी ने भी हेलमेट नही पहना था।

# आकाश पांडेय, जिनके नाम से ही छूटते हैं मानव तस्करों के पसीने

आफताब अंजुम



**गुमका (आजाद सिपाही)।** मानव तस्करी इस समाज के लिए वाकई बहुत बड़ा अभिशाप है। लेकिन इसी समाज में मानव तस्कर भी रहते हैं और पीड़ितों को मानव तस्करों से छुड़ाने वाले ईमानदार पुलिस ऑफिसर भी। हम बात करने जा रहे हैं एक ऐसे ईमानदार युवा और जुझारू पुलिस ऑफिसर की। जिनका नाम सुनते ही मानव तस्करों के पसीने छूट जाते हैं। गुमला आहातू के थाना प्रभारी आकाश पांडे, जिन्होंने अपने कार्यकाल के अभी तक सभी दर्ज प्राथमिकी के मामलों को सुलझाने और उनके आरोपियों को ढूंढ़ ढूंढ़ कर जेलों की सलाखों के पीछे पहुंचाने का श्रेय प्राप्त है। दिल्ली में बेची जा रही भोली भाली आदिवासी या ग्रामीण लड़कियां, जब अपने ऊपर हुए जुल्म की दास्तान सुनाती है बात समझ में आती है की बड़े शहरों की चमक धमक और नई जिंदगी की चाह में घर छोड़कर के बाहर निकली यह लड़कियां किन-किन यातनाओं का शिकार होती हैं। मानव तस्करों का काम होता है उन्हें रंगीन सपने दिखाना हसीन दुनिया की सैर करना। और बहला फुसला कर बड़े शहरों में इन भोली भाली लड़कियों को बेच देना। लेकिन जब यही लड़कियां उन मानव तस्करों के चक्कर में फस्ती हैं और जब मानव तस्कर इन्हें बड़े शहरों में ले जाकर बेच देते हैं तब उनकी जो यातना भरी जिंदगी शुरू होती है उसे सुनने मात्र से रूह कांप जाती है। बंदी बनाकर रखी गयी कुछ लड़कियों की जुबानी जब कुछ दर्दनाक कहानी सामने उभर कर जब आती हैं तब समझ में आता है कि मानसिक प्रताड़ना से लेकर के शारीरिक प्रताड़ना तक इन लड़कियों को किस कदर झेलनी पड़ती है। उसे समय मानव तस्करों के चंगुल से निकलना उन बेवस लड़कियों के लिए बिल्कुल असंभव सा हो जाता है। ठीक ऐसी स्थिति में मसीहा बनकर सामने आता है एक शख्स जो अपनी वर्दी की जिम्मेदारी को निभाते हुए उन लड़कियों को उनकी यातनाओं से बाहर निकलता है। आहातू थाना प्रभारी आकाश पांडे के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने को आतुर नजर आते हैं। आकाश पांडे ने जब से आहतु थाना प्रभारी का प्रभार लिया है उसे समय से मानव तस्करों की शामत आई हुई है। लगातार अनसुलझे मामले सुलझाते हुए वह अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। आकाश पांडेय वर्ष 2021 के अंतिम माह में अहातु थाना प्रभारी का चार्ज संभाला। वर्ष 2021 में उनके कार्यकाल के दौरान दो प्राथमिक की दर्ज की गयी। उन्होंने दोनों प्राथमिक की अभियुक्तों को धर दबोचा और उन्हें जेल भेज दिया। वर्ष 2022 में अहातु थाना अंतर्गत 11 प्राथमिक की दर्ज की गयी। इन सभी मामलों को का निष्पादन करते हुए आकाश पांडे के नेतृत्व में सभी अपराधी जेल गये। वर्ष 2023 में माह अक्टूबर तक कुल छह मामले दर्ज किए गये, जिसमें एक मामला बिल्कुल ताजा है। इन 6 मामलों में से पांच मामलों के आरोपी जेल जा चुके हैं। इस तरह सौ प्रतिशत रिजल्ट देने वाले ईमानदार पुलिस ऑफिसरों पर जहां समाज को भरोसा होता है वहीं महकामा को भी ऐसे पदाधिकारी गौरवन्वित करते हैं। आकाश पांडेय कहते हैं कि अपने सीनियर ऑफिसरों के मार्ग दर्शन में वे ईमानदारी से काम करते हैं, जो उनकी कामयाबी का सबसे बड़ा राज है।

## प्रतिष्ठान ज्योति इंटरप्राइजेज की प्रथम वर्षगांठ पर चेंबर अध्यक्ष ने काटा केक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीएसपी रोड स्थित ब्राइडल मैच और ज्योति इंटरप्राइजेज नामक प्रतिष्ठान का एक वर्ष पूर्ण होने पर आज गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा व मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर प्रतिष्ठान के संचालक प्रशांत केशरी को बधाई दी गयी। प्रतिष्ठान के संचालक प्रशांत केशरी ने कहा की एक वर्ष में ग्राहकों के द्वारा जो स्नेह व समर्थन उनके प्रतिष्ठान को प्राप्त हुआ है उसके लिए उन्होंने सभी देवतुल्य ग्राहकों के अभारी हैं। वे सदा उनके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा की एक वर्ष पूरे होने पर आगामी छठ पूजा तक सभी ग्राहकों को 200/- रुपये व उससे अधिक की खरीददारी करने पर 10 प्रतीशत की विशेष छुट दी जायेगी। मौके पर चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल सहित आंचल अग्रवाल, स्वाति गोयल, स्वेता गोयल, सुमन अग्रवाल, राखी केशरी, नेहा केशरी, संध्या केशरी, ज्योति केशरी, पदम साबु, हरिओम लाल केशरी, अभिजीत जायसवाल रॉकी, हिमांशु केशरी, मुन्नीलाल साहू, सरजू साहु, राजेश गुप्ता, शिव गुप्ता, अखिल जी, मो० राजा, विवेक मंत्री, बबलू महेश्वरी, किशन मंत्री, अतुल मंत्री, सुमित केशरी सहित कई लोग उपस्थित थें।

### जैव विविधता परिषद की पंचायत स्तरीय कमेटियों का प्रशिक्षण शुरू

# गुमला जिला के कई प्रखंडों और पंचायत स्तरीय कमेटी सदस्यों को प्रशिक्षित कर रहा हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** झारखंड में वन संरक्षण, जंगली तथा पालतू जानवर व पेड़ पौधों सहित सूक्ष्म जंतु के जीवन की सुरक्षा तथा विकास के वास्ते योजना तैयार कर उसके क्रियान्वयन का अधिकार पंचायत स्तर पर बनी जैव विविधता समिति को हासिल है। इन समितियां के कार्य और उत्तरदायित्व तथा समुचित क्रियान्वयन को लेकर कमेटी सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि कमेटियां फुल फ्लेज्ड ढंग से सक्रिय भूमिका निभा सके। जीव जंतु पेड़ पौधों के संरक्षण के वास्ते मिले कानूनी अधिकार की बेहतर समझ तथा प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के वास्ते हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन रांची की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। झारखंड जैव विविधता परिषद के सहयोग से यह प्रशिक्षण संचालित है। जिले के बसिया व कामडारा प्रखंड में क्रमशः 15 तथा 10 पंचायत के अलावा गुमला प्रखंड के 25 पंचायत में से 10 पंचायत में पंचायत स्तरीय कमेटी को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है। वहीं पालकोट प्रखण्ड के कुल दस पंचायतों में कमेटियों का प्रशिक्षण भी संपन्न हो चुका है। शेष कमेटियों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया जारी है।

हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन रांची की ओर से संचालित प्रशिक्षण में बतौर मास्टर ट्रेनर तैनात शांति बड़ाईक ने बताया कि जैव विविधता अधिनियम 2002 के तहत पंचायत स्तर पर कमिटी का गठन कर गठित कमेटी को प्राधिकृत किया गया है कि वह जंगली पेड़ पौधों जीव जंतुओं तथा सूक्ष्म जंतुओं के संरक्षण संवर्धन तथा विकास के लिए हर आवश्यक उपाय करने के वास्ते लोगों को जागरूक तथा प्रेरित करें। सरकारी पर्यवेक्षक की मौजूदगी में मुखिया की अध्यक्षता में गठित हुई इन कमेटियों के चयन के वास्ते विधिवत ग्राम सभा आयोजित की गई थी। वर्ष 2018 में ही जैव विविधता प्रबंधन समिति का प्रत्येक पंचायत में गठन कर लिया गया था। इसके तहत केंद्र व राज्य सरकार के स्तर से फंड के इंतजाम का प्रावधान है।

प्रत्येक पंचायत में इसके कार्यालय के लिए पंचायत सचिवालय में कमरा अलॉट करने सहित कार्यालय के विधिवत संचालन के वास्ते कुर्सी टेबल व अन्य उपष्कर की राशि झारखंड के जैव विविधता परिषद की ओर से देने का प्रावधान भी किया गया है। वनों की उपज मसलन औषधीय पौधों व अन्य वन उत्पादों के निगरानी तथा खरीद बिक्री का अधिकार वन विभाग की बजाए स्थानीय कमेटी की देखरेख में ही किया जाना है।


स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले हाट बाजार में लगने वाले आढ़त या धार व्यापारियों के पंजीकरण का अधिकार व उनसे व्यापार कर के तौर पर दो फीसदी की विनिर्धारित राशि के वसूली के वास्ते भी संबंधित कमिटियां ही प्राधिकृत की गयी है। इस मद में प्राप्त राशि को वन संरक्षण तथा जैव विकास के कार्य में ही लगाए जाने का निर्देश है। कमिटी को स्थानीय स्तर पर दुर्लभ प्रजाति के वन उत्पादों के संबंध में जानकारी हासिल कर उन्हें चिन्हित करते हुए सूचीबद्ध करने व उनके संवर्द्धन का भी निर्देश दिया गया है।

## पिछड़े वर्गों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस कमेटी गुमला के महासचिव मोहम्मद खालिद के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति ने प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की से मुलाकात की। और बताया कि ओबीसी को सात जिले में आरक्षण शून्य कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देकर मांग की कि उन्हें प्रत्येक जिले में 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाया जाय। बंधु तिर्की द्वारा इस मामले पर विचार कर मामले को गंभीरता से लेने की बात कही। और मांग पूरी करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर पिछड़ा संघ के अध्यक्ष उदासन, महासचिव दिलीप नाथ साहू, ओबीसी जिला अध्यक्ष बिंदेश्वर, रामप्रसाद आदि मौजूद थे।

# कार पलटने से दो युवक घायल



आजाद सिपाही संवाददात

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव के समीप एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से रजा कॉलोनी निवासी मो खलील असरफी का बेटा मो टिंकू व पवन राम नामक युवक घायल हो गया। टिंकू का एक हाथ टूट गया है। वहीं पवन को हल्की चोटें आई है जबकि दुर्घटना में कार पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। पुलिस क्रेन के माध्यम से कार को बाहर निकालने में जुटी थी। घटना के बाद स्थानीय लोगो व पुलिस की मदद से दोनो को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों की देखरेख में इलाज जारी है।

घटना के बावत बताया जाता है कि टिंकू व पवन शहर में नगर परिषद द्वारा वाहन टैक्स वसूली का टेंडर लेकर उस कार्य को देखते है। दोनो सोमवार को टैक्स वसूली का रसीद लाने रायडीह गये थे। जहां से गुमला वापसी के दौरान कार अनियंत्रित होकर एक खेत मे पलट गयी। और दोनो घायल हो गए।

### सीबीसी डालटनगंज की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रमों का आयोजन

# विद्यार्थियों ने कलाकृति से दिया एकता और अखंडता का संदेश

**राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता रैली व जागरूकता कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को लेस्लीगंज प्लस टू हाई स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृति के माध्यम से देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। इससे पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डाल्टनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों में देश की एकता और अखंडता के प्रति जज्बा पैदा होता है और उनमें देशभक्ति की भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी के बारे में बताते हुए भारत सरकार द्वारा उनके संस्मरण में किया जा रहे कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। विद्यालय में प्री प्रोग्राम के तहत आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में रंगोली, पेंटिंग्स एवं क्विज का आयोजन किया गया। जबकि दो खेल प्रतियोगिताएं वॉलीबॉल एवं खो खो का भी आयोजन किया गया।



कलाकृतियों से एकता-अखंडता का संदेश देते स्कूली बच्चे।

### आज पुरस्कृत होंगे सभी विजेता विद्यार्थी

देश के एकीकरण के शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती के मौके पर मंगलवार को लेस्लीगंज प्लस टू हाई स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इसके तहत पहले एकता रैली निकाली जाएगी। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम के दौरान गणमान्य अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह, शिक्षक विजय प्रकाश, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार आदि शिक्षकों-शिक्षिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# सनातन धर्म का ना आदि है न अंत: बृजकिशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय में सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के तत्वावधान में रविवार की शाम दुर्गा पूजा महोत्सव-2023 का आयोजन किया गया। जिसमें पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा समितियां को सम्मानित किया गया। वहीं भोजपुरी के प्रसिद्ध गायिका निशा उपाध्याय का भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका उद्‌गाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी के अलावा समाज सेवी अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय, परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, प्रवीण सिंह, जिला परिषद सदस्य आशा देवी, विजय राम आदि ने संयुक्त रूप से किया। वहीं 11 ब्राह्मणों की ओर से अखंड दीप, स्वास्ती वचन, आरती एवं शंखनाद से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अपने संबोधन में चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर उर्फ बिरजू तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म के कार्यों के लिए उनका तन मन और धन न्योधावर है। इस तरह के धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना पनपती है। लोग आपसी वैमनस्यता को भूला कर धार्मिक अनुष्ठानों में लीन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि माता दुर्गा हमारे क्षेत्र के हर नागरिक के अंदर सद्‌बुद्धि दें और हम सभी को एक अच्छा समाज का निर्माण करने की शक्ति दें। उन्होंने ने कहा कि सनातन धर्म का न आदि है न अंत। कार्यक्रम में सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, सचिव राजू राय, महामंत्री आनंद कुमार, मंत्री सुदर्शन सोनी, आकाश सोनी, संयोजक बलकेश पासवान, सुरेश भगत, मुनींद्र नाथ दूबे, दिलीप तिवारी, प्रसिद्ध नारायण तिवारी, पंकज मिश्रा, सतीश मिश्रा, राजू सिंह, मुकेश कुमार आदि ने मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों को पगड़ी-चुनरी तलवार एवं मोमेंट देकर सम्मानित किया। वहीं, पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव से पहुंचे 60 से अधिक दुर्गापूजा समिति को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सभा के महामंत्री राजीव रंजन ने किया। इस मौके पर नवीन तिवारी, लकी पाण्डेय, मुखिया पूर्णिमा देवी, गुड्डी देवी, गीत देवी, रेखा देवी, पूनम देवी, जूली सिंह समेत विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी को सम्मानित करते सनातन धर्म सभा के लोग।

### भक्ति जागरण में पूरी रात झूमे लोग

पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा समिति को सम्मान समारोह के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में गायिक निशा उपाध्याय ने पूरी रात लोगों को भक्ति रस में डूबाया। जागरण की शुरूआत पलामू के गायक उमाशंकर मिश्रा ने गणेश वंदना से की। इसके बाद बिहार के सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायिका निशा उपाध्याय ने धोवत धोवत मंदिरिया हथवा खिअइले हो, चुनरिया ले ले आईह, निमिया के गाछ मैया जैसे कई भक्ति गीत गई। जिस पर श्रोता पूरी रात झूमते नजर आए।

# पब्लिक एकादश को हराकर विजेता बना पुलिस एकादश



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** ईस्ट बसुरिया निचीतपुर टाउनशिप के मौलाना आजाद ग्राउंड में सोमवार को पुलिस एकादश और पब्लिक एकादश के बीच ईस्ट बंसुरिया शांति समिति की ओर से किया मैच का आयोजन गया। जिसका उद्घाटन बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने टॉस फेक कर किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन से पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय बना रहता है। इससे पुलिस-पब्लिक का काम आसान हो जाता है। कहा कि खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इसलिये बच्चों को खेलने के लिए प्रेरित करें। इस मैच में पुलिस एकादश की टीम ने 11 रन से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस एकादश की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 93 रन बनाए। जवाब में पब्लिक एकादश की टीम 16 ओवरों में 82 रन ही बना सकी। एसडीपीओ ने विजेता टीम के कप्तान ईस्ट बसूरिय ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार और उपविजेता टीम के कप्तान मो इसराफिल को पुरस्कतृत किया।

# अमृत कलश के साथ पलामू भाजपा की टीम दिल्ली रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दिल्ली में बन रहे अमृत वाटिका के लिए मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत झारखंड के कोने-कोने से पवित्र मिट्टी संग्रह कर सोमवार को अमृत कलश के साथ भाजपा के जिला अध्यक्षों और अभियान की टोली दिल्ली के लिए रवाना हो गयी। पलामू के भाजपा जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक की अध्यक्षता में जिले के 30 मंडलों से दो-दो कार्यकर्ता (कुल 60 कार्यकर्ता) अमृत कलश लेकर दिल्ली के लिए प्रस्थान किये। रांची से दिल्ली जाने वाली स्पेशल ट्रेन ने कार्यकर्ताओं को लेकर दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। उन्हें विदा करने के लिए रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



### डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर सभी का हुआ स्वागत

मौके पर पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह, अविनाश वर्मा, नरेंद्र पांडे, अजय तिवारी, अमित तिवारी, उदय शुक्ला, मंगल सिंह, भाजयुमो पलामू जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह, रीना किशोर, मीना गुप्ता, जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, भोला सिंह,अरुण दूबे, शशि भूषण पांडे, जवाहर चंद्रवंशी, अजय गुप्ता, दीपक सिंह, किशन मखड़िया, सत्येंद्र कुमार, दशरथ यादव, राकेश पांडे, संदीप गुप्ता आदि जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

# संग्रहित मिट्टी को लेकर दिल्ली रवाना हुए विश्रामपुर के भाजपाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** अमृत महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान संग्रहित मिट्टी को लेकर विश्रामपुर से भाजपा नेता दिल्ली के लिये रवाना हो गए। मिट्टी संग्रहीत कर सभी मंडल से जा रहे भाजपा नेताओं को सोमवार को रेहला गढ़वा रोड रेलवे जंक्शन पर सम्मान पूर्वक विदा किया गया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, प्रदेश नेता जवाहर पासवान,गढ़वा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, पलामू जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। संग्रहित मिट्टी ले जाने वालों में विश्रामपुर नगर मंडल से महामंत्री मनीष कुमार गुप्ता सहित सभी नौ मंडल के कई नेताओं का नाम शामिल है। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि राष्ट्रव्यापी अभियान मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव-गांव से शहीद और राष्ट्र भक्तों के घर से संग्रहित पवित्र मिट्टी को लेकर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी नौ मंडल से पार्टी संगठन के दो- दो प्रतिनिधि विशेष स्पेशल ट्रेन से नई दिल्ली के लिये रवाना हुए। सभी प्रखंडों से आये पवित्र मिट्टी भरे कलश को अमृत महोत्सव पर बने अमृत वाटिका में स्थापित किया जायेगा। इस मौके पर इदरीश हवारी, संतोष दूबे, विकास स्वदेशी, रिंकू तिवारी, ठाकुर प्रसाद महतो, आशीष पांडेय, प्रमोद दीक्षित, उपेंद्र तिवारी, धीरन तिवारी आदि उपस्थित थे।



# धीरज मिश्रा बनाये गये आकलन सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी

**झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की बैठक रांची के रामदयाल मुंडा क्रीड़ा स्टेडियम में हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी एवं संचालन लाल सुमन ने किया। बैठक में संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी गढ़वा जिला अंतर्गत मंझिआंव प्रखंड के सहायक अध्यापक धीरज कुमार मिश्रा को बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, प्रदेश महासचिव जसीम अंसारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवनाथ महतो ने संयुक्त रूप से आकलन सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने की कार्य कुशलता को देखते हुए धीरज कुमार मिश्रा को प्रदेश मीडिया प्रभारी के लिए नियुक्त करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की अपेक्षा के साथ उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर धीरज मिश्रा ने प्रदेश कमिटी को आभार प्रकट करते हुए ईमानदारी के साथ संगठन की ओर से दी गई जिम्मेदारियों के प्रति तत्परता एवं सजगता के साथ कार्य करने की बात कही। इसके साथ ही जिला स्तरीय कमेटी का चुनाव भी कराया गया जिसमे रांची जिला के नव निर्वाचित पदाधिकारी जिलाध्यक्ष के रूप में मो इरशाद, जिला सचिव लाल सुमन, जिला उपाध्यक्ष शेख सयुल, जिला कोषाध्यक्ष मनोहर कुमार, जिला संयोजक शहजाद अंसारी,शिबू मुंडा चुने गए। मौके पर रांची जिला के सभी प्रखंड के अगुवा सहायक अध्यापको के साथ ही ऋषिकांत तिवारी, प्रदेश महासचिव जसिम अंसारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवनाथ महतो के देखरेख में चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।



## स्पोर्ट्स



पीसीबी के चीफ सिलेक्टर इंजमाम-उल-हक ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इंजमाम ने पीसीबी प्रमुख जका अशरफ को अपना इस्तीफा भेज दिया है। बतातें चलें कि पाकिस्तान टीम वर्ल्ड कम में छह में से चार मैच हार चुकी है।

### अगस्त में दूसरी बार संभाला था पद, वर्ल्ड कप में पाकिस्तान टीम की लगातार हार के बाद फैसला

# पाकिस्तान टीम के चीफ सिलेक्टर इंजमाम उल-हक ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चीफ सिलेक्टर इंजमाम उल-हक ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इंजमाम ने पीसीबी प्रमुख जका अशरफ को अपना इस्तीफा भेज दिया है। पाकिस्तान टीम के कप्तान रह चुके इंजमाम-उल-हक ने यह फैसला तब लिया, जब उनकी टीम भारत में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में 6 में से 4 मैचों में हार गई है। पाकिस्तानी टीम सेमीफाइनल की रेस से बाहर होने की कगार पर है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक इंजमाम को हितों के टकराव (कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट) के कारण इस्तीफा देना पड़ा है। पाकिस्तानी चैनल जियो न्यूज के मुताबिक इंजमाम एक स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कंपनी के साथ जुड़े हैं। भारत में वर्ल्ड कप खेल रही टीम के कप्तान बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद रिजवान भी इस कंपनी के क्लाइंट हैं। इंजमाम पर आरोप लगा है कि वे कंपनी के क्लाइंट्स को ही टीम में कॉन्ट्रैक्ट और जगह दे रहे हैं। वहीं, इंजमाम ने कहा कि लोग बिना रिसर्च किए कुछ भी बोलते हैं। मुझ पर बेवजह सवाल उठाए गए, इसलिए मैंने फैसला किया कि मैं इस्तीफा दे दूं।



### पहले भी पीसीबी को धमकी दे चुके हैं इंजमाम

इंजमाम लंबे समय से पीसीबी से नाराज चल रहे थे। अगस्त में पद संभालने के बाद अगले ही महीने इंजमाम ने पीसीबी को इस्तीफा देने की धमकी दी थी। उनका कहना था कि मुझे लंबा कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला है। इसके बाद अध्यक्ष जका अशरफ ने अपने बोर्ड मेंबर्स से मुलाकात की और इंजमाम को 20 लाख पाकिस्तानी रुपए की सैलरी के साथ तीन साल का कॉन्ट्रैक्ट भी दिया। इसके बाद इंजमाम का कहना था कि उन्हें प्लेयर सिलेक्शन में आजादी नहीं मिल रही है।

### दूसरी बार पद संभाला

इंजमाम उल-हक ने अगस्त 2023 में एशिया कप से पहले पद संभाला था। 53 साल के पूर्व कप्तान ने दूसरी बार यह जिम्मेदारी संभाली थी। वे 2016 से 2019 तक टीम के चीफ सिलेक्टर रहे चुके हैं। इंजमाम टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा भी रहे हैं। बतातें चलें कि इंजमाम ने 120 टेस्ट और 378 वनडे खेले हैं। उनके नाम 20 हजार से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन हैं। इनमें 35 शतक शामिल हैं। टेस्ट में उनका बेस्ट स्कोर 329 और वनडे में 137 है।

### अफगानिस्तान से भी हार चुका है पाकिस्तान

वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान अपने 6 में से चार मैच हार चुका है। पहले दो मुकाबलों में पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका को हराया। इसके बाद लगातार चार मैच में पाकिस्तान को भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।


## कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

—:आम सूचना:—

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।




अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 310179 (District)23-24*D

## कार्यालय जिला परिषद,हजारीबाग

प्रेस विज्ञप्ति आवश्यक सूचना

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, हजारीबाग द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन मद अन्तर्गत गौरियाकरमा कलस्टर में Drinking Water RO ATM एवं Drinking Water Supply System at School कार्य Font Systems (P) Ltd, 239-P, Tupudana Industrial Area, Hatia, Ranchi-834003 को आवंटित किया गया है। उक्त कार्य आवंटन के तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद अबतक Font Systems (P) Ltd द्वारा अबतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। एक यूनिट Drinking Water RO ATM अधिष्ठापन कार्य का भुगतान भी कर दिया गया है, परन्तु उक्त Drinking Water RO ATM चालू अवस्था में नही है एवं Drinking Water Supply System at School कार्य के 29 यूनिट में से मात्र 7 यूनिट ही चालू अवस्था में है। योजना पूर्ण करने के लिए इस कार्यालय के ज्ञापांक 353 दिनांक 18.07.23, ज्ञापांक 444 दिनांक 04.09.23, ज्ञापांक 495 दिनांक 04.10.23 द्वारा एवं मौखिक रूप से कई बार संवेदक/आपूर्तिकर्त्ता Font Systems (P) Ltd को निदेश दिया जाता रहा है, बावजूद संवेदक/आपूर्तिकर्त्ता द्वारा कार्य पूर्ण करने में कोई रूची नहीं ली जा रही है, फलस्वरूप योजना अबतक लंबित है। विकास शाखा के पत्रांक 1445/वि0 दिनांक 12.09.23 द्वारा उपायुक्त महोदया के निदेशानुसार वैसे संवेदक जिसके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है, उन्हें नियमानुसार काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

उक्त निदेश के आलोक में संवेदक/आपूर्तिकर्त्ता Font Systems (P) Ltd को इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि Drinking Water Supply System at School अन्तर्गत चयनित विद्यालयों में RO अधिष्ठापन एवं Drinking Water RO ATM कार्य दिनांक 14.11.2023 तक पूर्ण करते हुए सभी अधिष्ठापित RO चालू करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपके द्वारा संबंधित कार्य पूर्ण नहीं किया जायेगा। ऐसी स्थिति में विकास शाखा के पत्रांक 1445/वि0 दिनांक 12.09.23 के आलोक में आपका कार्यादेश रद्द करते हुए इस कार्य में जमा अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर आपका निबंधन काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी एवं Drinking Water Supply System at School अन्तर्गत समर्पित विपत्र के भुगतान पर भविष्य में कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा भविष्य में Font Systems (P) Ltd द्वारा भुगतान संबंधी दावा अमान्य होगा। साथ ही Drinking Water RO ATM योजना में भुगतान की गई राशि की वसूली हेतु विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

उप विकास आयुक्त
—सह—मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 310166 District(23-24).D

### ढोरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ, दिलायी गयी सत्यनिष्ठा की शपथ

# भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए ना खायेंगे ना खाने देंगे के नियम को अपनायें: सत्यार्थी

**ग्रीवेंस रिड्रेसल कैंप का भी किया गया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** सीसीएल ढोरी के जीएम कार्यालय प्रांगण में सोमवार से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप से एएडीओसीएम के परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी के अलावा विजिलेंस विभाग के हेड ऑफिस से नोडल अधिकारी जितेश कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एसओपी प्रतुल कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ झंडोतोलन कर किया गया। सहायक कार्मिक प्रबंधक तौकीर आलम ने सत्यनिष्ठा के प्रति सभी को शपथ दिलाई। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संदेश को पढ़कर सभी को सुनाया। वहीं, कुमार राकेश



जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते गणमान्य लोग।

सत्यार्थी ने सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ ढोरी क्षेत्र की सभी परियोजनाओं में भ्रमण करते हुए सतर्कता के प्रति कामगारों को जागरूक करने का काम करेगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और यूनियन प्रतिनिधियों ने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली और सतर्कता जागरूकता के लिए सिग्नेचर अभियान में शामिल हुए। सतर्कता के प्रति अपना अपना संदेश लिखे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने ग्रीवेंस रिड्रेसल कैंप का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खुद भी साफ-सफाई पर ध्यान दें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। हमें अपने आचरण में ईमानदारी के प्रति पारदर्शिता लाने की जरूरत है। हम सरकारी उपकरण में काम करते हुए पब्लिक के जवाबदेही है। अपने कामों में ऐसा पारदर्शी लाए कि लोग कहने पर विवश हो कि यह ईमानदार है। तभी इस जागरूकता अभियान का महत्व होगा। अपना आचरण इस तरह से रखें कि लोग कहें कि हमारा जो काम हो रहा है उसमे कहीं कोई भाष्ट्राचार नहीं है। भारत के उज्जवल भविष्य के लिए ना खाएंगे ना खाने देंगे के नियम को सभी को अपनाना होगा। वहीं, जितेश कुमार ने कहा कि देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म तिथि 31 अक्टूबर के उपलक्ष में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस दौरान प्रत्येक दिन जागरूकता के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एएफएम राजीव रंजन, सेल अधिकारी बैधनाथ प्रसाद, एसओ पीएंडपी आशीष अंचल, पर्यावरण अधिकारी गौरव कुमार, सर्वे अधिकारी सहदेव मजूमदार सहदेव मजूमदार, एरिया सेफ्टी ऑफिसर गोपाल सिंह मीना, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, अमित कुमार, सहायक कार्मिक प्रबंधक शालिनी यादव तथा यूनियन में संयुक्त सलाहकार संचालन समिति के सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा, हरेंद्र सिंह, कैलाश ठाकुर, आर उनेश, विनय कुमार सिंह, महेंद्र चौधरी, शिवनंदन चौहान, कुंजबिहारी प्रसाद, जयनाथ मेहता, उज्जवल मुखर्जी, आनंद वर्मा, सतपाल सिंह, अरुण कुमार, हीरालाल रविदास, नरेश महतो, बबलू कुमार, अरविंद कुमार, भीम महतो सहित दर्जनों कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिक्षा पर 150, स्वास्थ्य पर 50 व आंगनबाड़ी के लिए 53 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव

### डीएमएफटी गवर्निंग काउंसिल की बैठक

**जनप्रतिनिधियों से प्राप्त अनुशंसा के लिए 100 करोड़ के बजट का प्रस्ताव, 13 राजस्व ग्राम को ऑल वेदर रोड से जोड़ने के लिए 25 करोड़ का प्रस्ताव**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी वरुण रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को न्यू टाउन हॉल में जिला डीएमएफटी गवर्निंग काउंसिल की बैठक हुई। जिसमें डीसी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से कुल 578 योजनाओं की अनुशंसा मिली है। इसका कार्यान्वयन राज्य स्तर की अन्य योजनाओं की तरह डीएमएफटी परिकल्पना के अनुरूप करना है। मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव द्वारा समीक्षा के क्रम में दिए गए सुझाव एवं स्वास्थ्य सचिव और भारत सरकार के निर्देश के आलोक में डीएमएफटी के तहत विभिन्न क्षेत्रों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें लगभग 378 करोड रुपए की राशि आवंटित करने का प्रस्ताव है। डीएमएफटी के तहत विभिन्न प्रखंडों में एक करोड़ से ऊपर की राशि की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। एक करोड़ से अधिक की राशि के तकनीकी प्राक्कलन की स्वीकृति चीफ इंजीनियर के स्तर से की जाती है। जिसमें काफी विलंब होता है। कुछ योजनाएं हैं जो राज्य स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण उनका कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है। बैठक के दौरान डीडीसी सह डीएमएफटी न्यास परिषद के सचिव शशि प्रकाश सिंह ने बताया

**विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने इन मुद्दों पर कराया ध्यान आकृष्ट**

**झरिया में जर्जर सरकारी विद्यालय भवनों के निर्माण और मूलभूत सुविधाओं का विकास, कार्यकारी एजेंसी द्वारा अनुशंसित योजनाओं का समय पर प्राकलन तैयार कर स्वीकृति उपरांत कार्य को धरातल पर उतारने, दिव्यांग जनों को डीएमएफटी से कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने, गरीब इंदिरा आवास लाभुकों को आवास की मरम्मती/जीणोर्धार के लिए डीएमएफटी से आवश्यक पहल करने और धनबाद में यातायात व्यवस्था सुगम करने करने को कार्य योजना बनाना आदि शामिल था**

कि डीएमएफटी फंड से सड़क निर्माण, शिक्षा के क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना में सुधार, महिला-बाल कल्याण विकास के लिए कार्य, आंगनवाड़ी में आधारभूत संरचना एवं मूलभूत सुविधाएं, स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं, खेलकूद से संबंधित कई तरह की योजनाएं, दिव्यांगो के लिए विशेष उपकरण, केज फिशिंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट समेत कई बिंदुओं पर कार्य चल रहे है। बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 150 करोड़ रुपए के बजट का प्रस्ताव रखा गया। जिन्हें 1727 स्कूलों की बुनियादी सुविधा में खर्च किये जायेंगे। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए 50 करोड़ 38 लख रुपए का प्रस्ताव रखा गया। जो बुनियादी संरचना व विभिन्न मेडिकल उपकरण की कमी को पूरा करने के लिए खर्च किये जायेंगे। आंगनबाड़ी के आधारभूत संरचना एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए 53 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही 13 राजस्व ग्राम को ऑल वेदर रोड से जोड़ने के लिए 25 करोड़ का प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावे लगभग 100 करोड़ रुपए की राशि माननीय जनप्रतिनिधियों से प्राप्त अनुशंसा के लिए रखी गई है। बैठक में डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, टुंडी विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक बाघमारा ढुल्लू महतो, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, जीप अध्यक्ष शारदा सिंह, सिंदरी विधायक प्रतिनिधि, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद आदि थे।

# विश्वास पर खरा उतरने की करूंगी कोशिश: रागिनी सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिय।** जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय सचिव सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में पाथरडीह स्थित सवारडीह बस्ती के एएसपी कोलयरी जमंस (बच्चा गुट) की सचिव ममता सिंह सहित दर्जनों समर्थकों ने भाजपा नेत्री सह जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) की संयुक्त महामंत्री रागनी सिंह की मौजूदगी में सोमवार को भाजपा व जश्रसं में शामिल हो गए। वहीं, रागिनी सिंह ने नए सदस्यों को माला पहनाकर संगठन में स्वागत किया। कहा कि वर्तमान विधायक ने हमें छलने का काम किया है। उन्हें न तो रोजगार मिला और ना ही पानी-बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलीं। आने वाले चुनाव में उनको मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। रागिनी सिंह ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार में अनेकों विकाश कार्य किए गए, लेकिन वर्तमान सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है। जब से राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी है राज्य में लूट-खसोट, अपरहण, रंगदारी बलात्कार और हत्या की घटनाएं बढ़ी है। मैं विश्वास दिलाती हूं कि आने वाले समय में आप सब के सहयोग से भाजपा की सरकार बनते ही समस्याओं का निदान किया जाएगा। इस मौके पर मुन्ना सिंह, उमेश सिंह, रमेश ठाकुर, सुमित मोदक, बलराम रवानी, रंजीत रवानी, गुड़िया देवी, पंकज रवानी, निशा देवी, रूपा सिंह आदि उपस्थित थे।

# व्यापारी पर जानलेवा हमले के आरोपी की 48 घंटे में गिरफ्तारी नहीं हुई, तो करेंगे आंदोलन: संतोष सिंह

### धनबाद कांग्रेस व्यापारियों के साथ, अपराधियों पर लगाम लगाए प्रशासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार/धनबाद।** बैंक मोड़ क्षेत्र में विगत दिनों व्यापारी पर हुए जानलेवा हमले के बाद से तनाव व भय बरकरार है। इस बाबत सोमवार को झरिया प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन कर धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने गोलीकांड पर रोष जताया। कहा कि गोलीकांड जिला प्रशासन की नाकामी हैं। कांग्रेस इसकी कड़े शब्दों में नींदा करती है। इस तरह की घटना से जिला प्रशासन की नाकामी झलकती है। जिला कांग्रेस पूरी तरह से व्यापारियों के साथ खड़ी है। उक्त घटना को अंजाम देने वालों को जिला प्रशासन ने 48 घंटे में गिरफ्तार नहीं किया तो पार्टी जोरदार आंदोलन करेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आए दिन धनबाद में इस तरह की घटनाएं हो



रही है। हमलोग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हैं कि प्रशासन पर अंकुश लगाए क्योंकि इस तरह की घटना से महागठबंधन सरकार सहित कांग्रेस की भी बदनामी हो रही है। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में कारोबारीयों से की जा रही अवैध वसूली पर प्रशासन ध्यान दें। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री से मिलकर अविलंब कार्रवाई की मांग करेंगे। जिले में बढ़ते अपराध से हम सभी चिंतित हैं। वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव शमशेर आलम और प्रदेश कांग्रेस के विशेष आमंत्रित सदस्य मुख्तार खान ने संयुक्त रूप से कहा कि शहर में इस तरह की घटना से प्रशासन की नाकामी दिख रही है। घटना निंदनीय है। इस तरह की घटना पर जिला प्रशासन द्वारा अंकुश नहीं लगाया गया तो पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर धनबाद जिला व्यापार उद्योग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रभात सिरोलिया, झरिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश यादव, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इम्तियाज अली, भोला सिंह, गणेश बहादुर सिंह, कुंदन मोदक, कृष्ण पटेल, सूरज वर्मा आदि थे।

# कुसुंडा रेलवे साइडिंग में अज्ञात अपराधियों ने फोड़ा बम, दहशत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले में सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी के आने के बाद कुछ दिन तक आपराधिक गतिविधि थमी रही। पर एक बार फिर से धनबाद में बमबारी और फायरिंग की घटना शुरू हो गयी है। शानिवार कि रात बैंक मोड़ में व्यवसायी दीपक अग्रवाल पर फायरिंग कर जानलेवा हमले का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि सोमवार की सुबह बीसीसीएल के कुसुंडा रेलवे साइडिंग पर अपराधियों ने बम फोड़ कर दहशत फैलाने की कोशिश की। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पर साइडिंग में खड़े एक हाइवा का शीशा टूट गया। घटना के बाद से साइडिंग में काम करने वाले अधिकारी व कर्मी भयभीत हैं। इस बाबत लोडिंग इंचार्ज ने बताया कि इस दिन काम कर रहे थे तभी अचानक से धमाके की आवाज सुनाई दी। दौड़ कर जाकर देखा तो बम फटने के अवशेष थे और एक हाइवा का शीशा क्षतिग्रस्त था। लोडिंग इंचार्ज की माने तो लोडिंग पॉइंट में दहशत फैलाने के उद्देश्य से घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दी गयी है। दूसरी केंदुआडीह पुलिस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंच गई जांच शुरू कर दिया। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि हाइवा का शीशा पत्थर मार कर तोड़ा गया है और हाइवा के नीचे सुतली बम फोड़ा गया है।

# महाराणा प्रताप विचार मंच के नये अध्यक्ष बने उदय कुमार सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर-12 में आयोजित महाराणा प्रताप विचार मंच के कार्यक्रम में नए अध्यक्ष की विधिवत घोषणा की गई । निवर्तमान अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप सिंह ने सर्वसम्मति से चुने गए नए अध्यक्ष उदय कुमार



सिंह को पदभार सौंपा एवं पुराने कमेटी को भंग करने की घोषणा की। नव नयुक्त अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने मंच के संविधान के अनुरूप काम करने की बात कही। कहा कि निवर्तमान अध्यक्ष के कार्यकाल में मंच के स्थापना से लेकर विभिन्न सामाजिक दायित्वों का निर्वहन सफलता पूर्वक निभाया है। मैं मंच के सदस्यों के सहयोग से इसे आगे ले जाने का प्रयास करगा। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष मिर्गेंद्र प्रताप सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, राम सुमेर सिंह, नागेंद्र सिंह, गौतम सिंह, विद्या सागर सिंह, रंजेश सिंह, शशि कांत सिंह, बिनोद सिंह आदि थे।

### झरिया के गुजराती उच्च-मध्य विद्यालय में रंगोली, चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

# स्वतंत्र भारत के नव निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने निभायी थी अहम भूमिका: प्राचार्य

**आज झरिया, धनबाद में राष्ट्रीय एकता दिवस पर मुख्य जागरूकता कार्यक्रम और परिचर्चा का होगा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/धनबाद।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की धनबाद क्षेत्रीय इकाई की ओर से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले के झरिया प्रखंड के गुजराती उच्च-मध्य विद्यालय में किया जाएगा। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगीं। एकता दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में जागरूकता के लिए सोमवार




रंगोली प्रतियोगिता में शामिल बच्चे व अन्य गणमान्य लोग।

को केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा प्री-पब्लिसिटी अभियान चलाया गया, जिसमें गुजराती उच्च विद्यालय और मध्य विद्यालय, झरिया, धनबाद के छात्र छात्राओं के बीच रंगोली, पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान गुजराती उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्यश्री लक्ष्मी नारायण ने कहा कि स्वतंत्र भारत के नव निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अहम भूमिका निभाई। मैं विद्यार्थियों से आग्रह करूंगा कि वह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर इस अभियान से प्रेरणा लें। वहीं, धनबाद क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो ओंकार नाथ पांडेय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व और राष्ट्र को एकीकृत करने में लौह पुरुष सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान से सभी का परिचय कराया। प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई। आयोजित प्रतियोगिताओं में गुजराती उच्च विद्यालय से पेंटिंग के विजेता 10वीं कक्षा के पीयूष कुमार रहे। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा की मुस्कान कुमारी सिंह ने प्रथम स्थान पाया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं की शांभवी झा ने प्रथम स्थान पाया। मध्य विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को भी अतिथियों द्वारा कल मंच पर पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही विभाग से जुड़े आरोही कला दल के कलाकारों द्वारा गीत एवं नाटक की प्रस्तुति भी दी जाएगी।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
दूरभाष : 06553-261555(O)Email Id : dc-ramgarh@gov.in

-: आम सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत् 22–बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 09 एवं 23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 03 मतदान केन्द्रों के विलय की स्वीकृति भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक–64/पूर्व०अनु०–1/झार/2023, दिनांक–10.10.2023 द्वारा प्रदान की गई है। आयोग के सहमति के उपरांत मतदान केन्द्रों की सूची के प्रकाशन का नोटिस अनुलग्नक IV में प्रकाशित किया गया है। मतदान केन्द्रों का अवलोकन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के अंचल/ प्रखण्ड कार्यालय, अनुमण्डल कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, रामगढ़ में किया जा सकता है। साथ ही रामगढ़ जिला के वेबसाईट (www.ramgarh.nic.in) पर भी देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.310131 Election(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जल पथ प्रमंडल सं0–2 हजारीबाग।**
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2023–2024**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period for Renovation |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Lawn Tennis Court inside Hazaribag Curzon Ground | 4,95,000 | 10,000 | 1000 | 30 days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 06.11.2023 एवं 07.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्ण से 3.00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 09.11.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 09.11.2023 को 3.30 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।

7903709450

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0–
कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।

PR 310165 (Water Resource) 23-24 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**श्रम अधीक्षक का कार्यालय, रामगढ़**
Email: ls-ramgarh@jharkhandmail.gov.in / ls.ramgrah2016@gmail.com

**ई–श्रम पोर्टल पर निबंधित श्रमिक एवं उनके आश्रित हेतु आवश्यक सूचना**

भारत सरकार, श्रम और रोजगार मंत्रालय के पत्रांक– 127162 दिनांक– 24.08.2023 द्वारा ई–श्रम Ex-Gratia Module प्रारम्भ किया गया है।

इस योजना के तहत 31.03.2022 तक ई–श्रम पोर्टल पर निबंधित श्रमिक के दुर्घटना में मृत्यु एवं अपंगता होने की स्थिति में उन्हें अथवा उनके वैद्य आश्रित को 2,00,000/–से 1,00,000/– रूपये तक की राशि निम्नवत् दी जानी है :–

| क्र0 सं0 | मृत्यु/अपंगता | देय राशि |
|---|---|---|
| 1 | दुर्घटना में मृत्यु। | रू0 02 लाख |
| 2 | क) दोनो आँखो की पूरी एवं अपूरणीय क्षति।<br>ख) दोनो हाथ या दोनो पैर के उपयोग की पूरी एवं अपूरणीय क्षति।<br>ग) एक हाथ या एक पैर के उपयोग की पूरी एवं अपूरणीय क्षति।<br>घ) एक आँख की रौशनी तथा एक हाथ या एक पैर के उपयोग की पूरी एवं अपूरणीय क्षति। | रू0 02 लाख |
| 3 | क) एक आँख की रौशनी की पूरी एवं अपूरणीय क्षति।<br>ख) एक हाथ या एक पैर की पूरी तथा अपूरणीय क्षति। | रू0 01 लाख |

उक्त अनुदान की राशि के भुगतान हेतु निम्न दस्तावेजों को ऑनलाईन मॉडयुल पर अपलोड किया जाना है :– I. आवेदक का आधार, II.मृतक/अपंग श्रमिक का ई–श्रम कार्ड, III. मृत श्रमिक का मृत्यु प्रमाण–पत्र IV. मृतक /अपंग श्रमिक का चिकित्सा प्रमाण–पत्र, V. FIR रिपोर्ट VI.मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट VII. भारत सरकार द्वारा जारी (Unique Disability Identity Card (Permanent) VIII. अस्पताल द्वारा दुर्घटना से विकलांगता होने की विवरणी (Discharge Summary) IX.जिला न्यायालय द्वारा निर्गत अभिभावक प्रमाण–पत्र (आवेदक के अल्पवयस्क होने की स्थिति में) X. विकलांगता प्रमाण–पत्र

अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए आवेदक को फरवरी, 2024 के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा।
विशेष जानकारी एवं अनुदान राशि के लिए आवेदन हेतु श्रम अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़ में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
श्रम अधीक्षक,रामगढ़

PR 310147 (District)23-24*D




# रघुवर दास ओड़िशा पहुंचे, आज लेंगे 26वें राज्यपाल पद की शपथ

- पुरी मंदिर गये, सीएम नवीन ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मनोनीत राज्यपाल रघुवर दास सोमवार को ओड़िशा पहुंचे और मंगलवार को होनेवाले शपथग्रहण समारोह से पहले पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में दर्शन किये। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दास तड़के ट्रेन से पुरी पहुंचे। स्टेशन पर पुरी के जिलाधिकारी समर्थ वर्मा और पुलिस अधीक्षक कंवर विशाल सिंह ने उनका अभिनंदन किया। इसके बाद वह तटीय शहर स्थित राजभवन गये और बाद में मंदिर पहुंचे। गृह राज्य मंत्री टीके बेहरा ने मंदिर के मुख्य द्वार सिंह द्वार पर मनोनीत राज्यपाल का स्वागत किया।





पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में पत्नी संग दर्शन करने पहुंचे मनोनीत राज्यपाल रघुवर दास, रघुवर दास का स्वागत करते ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक।

मंदिर में दर्शन करने के बाद श्री दास ने संवाददाताओं से कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे ओड़िशा के लोगों की सेवा करने का मौका मिला है। मैंने भगवान जगन्नाथ से वंचितों की सेवा करने की शक्ति देने का आशीर्वाद मांगा। राज्य का विकास मेरी प्राथमिकता है। ओड़िशा का राजभवन 24 घंटे लोगों के लिए खुला रहेगा।

राजभवन में ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक ने मनोनीत राज्यपाल रघुवर दास का स्वागत किया। ओड़िशा के 26वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेने से पहले वह मंगलवार सुबह लिंगराज मंदिर भी जायेंगे। शपथ ग्रहण समारोह पूर्वाह्न 11 बज कर 45 मिनट पर शुरू होगा। शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड से उनके कई समर्थकों और उनके परिवार के सदस्यों के शामिल होने की संभावना है। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18 अक्टूबर को श्री दास को ओड़िशा का नया राज्यपाल नामित किया था।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–नीलामी

धनबाद, दिनांक : 27–10–2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:–

**क्र.सं. : i : (1), ई–नीलामी सूची : ii :** एटीएम, **ई–नीलामी सूची सं. : iii :** एटीएम–8–23, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : iv** : 14.11.2023, 14.00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशनों के नाम : v :** धनबाद मंडल के 17 विभिन्न लोकेशनों पर ओटोमैटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाने हेतु पांच वर्षों के लिए ई–नीलामी–धनबाद (दक्षिण), धनबाद (दक्षिण स्टेशन बिल्डिंग के बगल में), रेनुकूट, गोमोह, बरकाकाना, डाल्टनगंज, चोपन, चन्द्रपुरा, सिंगरौली, कोडरमा, पारसनाथ, गढ़वा रोड, हजारीबाग रोड, पहाड़पुर, टोरी, गढ़वा, कतरासगढ़।

**क्र.सं. : i : (2), ई–नीलामी सूची : ii :** पार्किंग, **ई–नीलामी सूची सं. : iii :** पार्किंग–डीएचएन–23, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : iv :** 14.11.2023, 13.00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : v :** धनबाद रेलवे स्टेशन के साउथ साइड डीएवी स्कूल/पुराना बाजार के अप्रोच रोड के दानों तरफ मंदिर तक 03 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक वाहन आदि/कार/टैक्सी/ऑटो रिक्शा/ई–रिक्शा/दोपहिया वाहन का पार्किंग स्टैंड। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01518/डीएचएन/वा./एन/23–24/52







## सपा नेता की हत्या मामले में चार को आजीवन कारावास

**ग्रेटर नोएडा (आजाद सिपाही)।** समाजवादी पार्टी के नेता चमन भाटी हत्याकांड में कोर्ट ने आरोपी रणदीप भाटी, कुलवीर भाटी, योगेश डाबरा और उमेश पंडित को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने चारों को आजीवन कारावास के साथ-साथ 50 हजार के जुर्माने की सजा से दंडित किया है। वहीं जोगेंद्र जुगला, योगेंद्र लाला और हरेंद्र को बरी कर दिया है। सपा नेता भाटी की साल 2013 में 24 अप्रैल को ग्रेटर नोएडा के डाबरा गांव में घर के अंदर घुस कर आरोपियों ने हत्या कर दी थी।

# अभद्र टिप्पणी केस में अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ वारंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरादाबाद।** अभद्र टिप्पणी मामले में अभिनेत्री एवं रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा सोमवार को भी कोर्ट में पेश नहीं हुईं। इसके बाद केस की सुनवाई टाल दी गई है। उनके वकील की ओर से प्रार्थना पत्र देकर जयाप्रदा के बीमार होने की बात और सुनवाई के लिए समय की मांग की। अदालत ने सुनवाई के लिए 17 नवंबर की तारीख तय करते हुए जयाप्रदा के खिलाफ समन जारी कर उन्हें तलब किया है। 2019 लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कटघर क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ. एसटी हसन समेत अन्य सपा नेता शामिल हुए थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी।



इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। इस मामले की सुनवाई लघुवाद न्यायाधीश एमपी सिंह की अदालत में चल रही है।

सोमवार को इस मामले में जयाप्रदा को कोर्ट में हाजिर होकर अपने बयान दर्ज कराने थे लेकिन सोमवार को वह कोर्ट में पेश नहीं हुई। जयाप्रदा के वकील अभिषेक भटनागर ने उनकी तबीयत खराब होने की बात कहते हुए प्रार्थना पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि अब इस मामले में 17 नवंबर को सुनवाई होगी। जयाप्रदा के खिलाफ पुनः समन जारी किया गया है।







# केंद्र सरकार की योजनाओं से सभी लोगों को अवगत करायें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरीमहुआ (गिरिडीह)।** भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि चुनाव नजदीक है। प्रदेश में बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बने, इसके लिए हम सबो को कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार के हर योजनाओं से लोगों को अवगत करानी होंगी। पार्टी के उद्देश्य से लोगों को वाकिफ कराना होगा। सोमवार को श्री सिंह बरजो स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को अभी से ही सभी को जुट जाना होगा, जगह-जगह बैठक करनी होंगी। लोगो को पार्टी का उद्देश्य बताना होगा। कहा कि अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़े इसपर भी बल देना होगा। बैठक के बाद श्री सिंह ने लोगों की समस्याओं को भी सुना। धनवार प्रखंड के जीबीनियन की एक महिला ने अपनी समस्याओं को सख्ते हुए ससुराल से निकाल देने की शिकायत की। कहा कि चार वर्ष पूर्व उसकी शादी चतरा के इटखोरी में हुई थी। एक साल बाद उसके पति ने उसे घर से बाहर निकाल दिया, तब से वह अपनी बेटी के साथ मायके में रह रही है। वहीं कोड़ाडीह की एक युवती ने शिकायत की है कि एक माह पूर्व आदर्श कॉलेज से घर लौटते वक्त एक बाइक चालक ने उसे ठोकर मार दिया था, जिससे उसका एक पैर का कुछ भाग डॉक्टर ने काट दिया। कहा कि ठोकर मारने वाले ने इलाज का खर्च देने का वादा किया था, लेकिन अब वह इलाज करा कर घर लौटी तो वह इलाज का खर्च देने से मुकर गया। इसके अलावे प्रखंड के कई गांवो से दर्जनों लोग फरियाद लेकर पास पहुंचे थे। श्री सिंह ने कुछ मामले की शिकायत का समाधान करा दिया। वहीं कुछ मामलो को उसे न्याय दिलाने का भरोषा दिया है। बैठक व लोगों की समस्या सुनने के बाद श्री सिंह देवरी प्रखंड के बांसडीह पहुंचे, वहां वह मृतक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों का ढाढ़स बंधाया। बैठक में अशोक राम, सरफराज अहमद, अरविंद सिंह, श्याम सिंह, सूरज कुमार, वीरेंद्र राम, अभिषेक मिश्रा शामिक थे।



बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह।










| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**